सुप्रभात


* * नगर संस्करण। पेज : 12 आश्विन, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 88 रांची, सोमवार 07.10.2024 khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



## मां का पांचवा स्वरूप

## स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

नवरात्रि के पांचवे दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। गोद में बालक को लिये माता को शेर पर सवार हैं, इनका यह रूप साहस और करुणा का प्रतीक है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करने वालीं हैं। इनकी कृपा से मूढ़ भी ज्ञानी हो जाता है। स्कन्द कुमार कार्तिकेय की माता के कारण इन्हें स्कन्दमाता नाम से अभिहित किया गया है। यह कमल के आसन पर विराजमान रहती हैं। इसीलिए इन्हें पद्मासना भी कहा जाता है। सिंह इनका वाहन है। इनकी उपासना से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। सूर्यमण्डल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कान्तिमय हो जाता है। यह देवी विद्वानों और सेवकों को पैदा करने वाली शक्ति है। यानी चेतना का निर्माण करने वालीं। कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम महाकाव्य और मेघदूत रचनाएंस्कन्दमाता की कृपा से ही संभव हुईं।

### सीएम आज मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का करेंगे शिलान्यास

# मरीजों का होगा बेहतर इलाज, बाहर जाने से मुक्ति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के मरीजों को अब, गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए देश के दूसरे शहरों के बड़े अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने होंगे। उन्हें अपने ही शहर में मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं मिल जायेंगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को स्मार्ट सिटी इलाके में अपोलो ग्रुप के मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की आधारशिला रखने जा रहे हैं। 310 बेड के इस मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हृदय रोग, अत्याधुनिक कैंसर उपचार, मातृ स्वास्थ्य, विशेष बाल चिकित्सा की व्यवस्था होगी। गैस्ट्रोसाइंसेज न्यूरो साइंसेज, रीनल साइंसेज, ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, आंकोलॉजी, आपातकालीन और आघात से बचाव के लिए हमेशा विशेषज्ञ और उपकरण उपलब्ध रहेंगे। मुख्यमंत्री के व्यक्तिगत और राज्य सरकार के प्रयास से यह संभव होने जा रहा है। सीएम से अपोलो हॉस्पिटल्स इन्टरप्राइजेज ने भी राज्य के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जतायी है। अस्पताल निर्माण के लिए रांची नगर निगम ने स्मार्ट सिटी से जमीन लेकर अपोलो प्रबंधन को निःशुल्क जमीन उपलब्ध कराया है। स्मार्ट सिटी में 2.75 एकड़ जमीन पर ये अस्पताल जल्द आकार लेगा। इसके बन जाने से झारखंड के लोगों को बेहतर इलाज उनके शहर में ही मिल जायेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में इस मौके पर राज्य सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक के अलावा अपोलो अस्पताल इंटरप्राइज की एक्जीक्यूटिव वाइस चेयरपर्सन डॉक्टर प्रीता रेडी और उनकी टीम मौजूद रहेगी।

### अस्पताल की खास बातें

अस्पता में अत्याधुनिक कैथ लैब्स, एमआरआई, ऑपरेशन थिएटर और न केवल प्रौद्योगिकी के साथ, बल्कि जीवन रक्षक हस्तक्षेपों तथा अभूतपूर्व प्रक्रियाओं के वादे के साथ सुसज्जित आईसीयू तैयार रहेगा। 24 घंटे आपातकालिन सेवा उपलब्ध रहेगी। मरीजों को विश्वस्तरीय गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवा मिलेगा।

# रांची के चार समेत सात बच्चे सोन नदी में डूबे, पांच की मौत

### दो की तलाश जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना, रांची।** रोहतास के तुंबा गांव में सोन नदी में नहाने के दौरान सात बच्चे पानी में डूब गये। इनमें पांच के शव बरामद कर लिये गये हैं। लापता दो बच्चों की खोज जारी है। डूबने वाले बच्चों में तीन लड़कियां और चार लड़के शामिल हैं। सभी बच्चे तुंबा निवासी कृष्णा गोंड के परिवार के हैं। डूबे बच्चों में केदार गौड़ के पुत्र अभय कुमार (10), हीरालाल गौड़ उर्फ टुन्नू गौड़ के पुत्र विवेक कुमार (12) कृष्णा गौड़ के पुत्र राजू कुमार (12) शामिल हैं। वहीं उनके रिश्तेदार और रांची निवासी नंद किशोर गौड़ के पुत्र पवन कुमार ( सात ) पुत्री नाव्या कुमारी ( 13 ) निधि कुमारी (12) और गुनगुन कुमारी( 8 ) शामिल हैं। जानकारी के अनुसार नंद किशोर गौड़ अब रोहतास में ही रहते हैं। घटना की सूचना पर जिला प्रशासन ने बच्चों की खोज में एसडीआरएफ की मदद ली। इस हादसे के बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार रांची निवासी कृष्णा गौड़ के चार बच्चे और उसकी बहन की एक बच्ची सहित सात बच्चे नहाने के लिए सोन नदी गये थे। नहाने के दौरान एक बच्चा गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसको बचाने के लिए बाकी बच्चे भी गहरे पानी में चले गये। पानी में जाने की वजह से एक के बाद एक सभी बच्चे नदी में डूब गये। बच्चों को डूबता देख ग्रामीण वहां पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों को जानकारी दी। सूचना पाकर गोताखोर मौके पर पहुंचे और पांच शवों को बाहर निकाला। गोलाखोरों ने जब बच्चों को निकाला, तीन की मौत हो चुकी थी। दो बच्चों की सांसें चल रही थी। उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रोहतास लाया गया। चिकित्सकों ने उन दोनों को भी मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज डायरी

### भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया

**नयी दिल्ली।** महिला टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। दुबई मे चल रही प्रतियोगिता में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 105 रन की बना सकी। भारतीय गेंदबाजों – –अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल ने क्रमश 3–2 विकेट झटके। भारत ने 106 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 गेंदें रहते मैच अपने नाम किया।

### सर्च ऑपरेशन में बूढ़ा पहाड़ से दो हैंड ग्रेनेड बरामद

**गढ़वा।** नक्सलियों का गढ़ मानाजाने वाला बूढ़ा पहाड़ फिर चर्चा में आ गया है। रविवार को सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान दो ग्रेनेड बरामद किया। दोनों ग्रेनेड दो पेड़ों के बीच लगा कर आपस में जोड़ा गया था। सुरक्षाबलों ने वहां से छह डेटोनेटर भी बरामद किया। सीआरपीएफ के जवानों ने ग्रेनेड और डेटोनेटर को जब्त कर लिया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने इसकी पुष्टि की।

### शादीशुदा प्रेमिका ने प्रेमी की गला काट कर हत्या की

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज बीएन कॉलेज के समीप प्रेमिका ने प्रेमी की चाकू से गला काटकर हत्या कर दी। घटना को उसने पिता एवं अन्य परिजनों के साथ मिलकर अंजाम दिया। पुलिस ने मौके से प्रेमिका औ? उसके पिता को हिरासत में ले लिया है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने कहा कि घटना रविवार सुबह की है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95000 रु./प्रति किलो |

### मंइयां सम्मान आभार यात्रा में बोलीं कल्पना सोरेन

# केंद्र सरकार बकाया नहीं देती भाजपा विकास में बाधा डालती है

### बस कॉपी पेस्ट की राजनीति करती है भाजपा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला, सिमडेगा।** दोनों जिलों में रविवार को आयोजित मंइयां सम्मान यात्रा कार्यक्रम मे झामुमो विधायक कल्पना सोरेन भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर विफरीं। कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार झारखंड से लगातार भेदभाव कर री है। हमें राज्य का बकाया हक तक नहीं देती। वहीं उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड के विकास कार्यों में हमेशा रोड़ा अटकाती है। हेमंत सरकार जो भी योजना लाती है, भाजपा के लोग उसके खिलाफ पीआईएल लगाने का प्रयास करती है मंइयां सम्मान योजना और नियोजन नीति के खिलाफ भी यही साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ कॉपी पेस्ट की राजनीति करती है। जब राज्य में डबल इंजन की सरकार थी, तब उन्हें (भाजपा) राज्य की महिलाओं नहीं थी। कुछ भी नहीं किया। अब झामुमो की देखा-देखी सिर्फ खोखले वादे कर फॉर्म भरे जा रहे हैं, जिसका लाभ लोगों को कभी नहीं मिलेगा। झारखंड में जुमले वादे नहीं चलेंगे। भाजपा के जनधन योजना में अब तक गरीबों के पास 15 लाख नहीं आये हैं और नयी योजना का सपना दिखा रही है। उन्होंने कहा कि मंइया सम्मान योजना लाकर राज्य की बहनों के चेहरे पर हेमंत सोरेन ने खुशहाली ला दी है।

गुमला के पुग्गु में और सिमडेगा मुख्यालय और कोलेबिरा स्टेडियम में मंइया सम्मान आभार यात्रा का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने स्कूलों को बंद कर दिया। जब हेमंत सोरेन की सरकार आयी, तो सीएम एक्सीलेंस स्कूल आरंभ की। केंद्र सरकार ने पीएम आवास का पैसा देना बंद कर दिया तो झारखंड के लोगों के लिए हेमंत सोरेन ने अबुवा आवास योजना शुरू की। केंद्र हमार बकाया तो देता ही नहीं, मनरेगा का भी पैसा भी रोक दिया है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के साथ झारखंड की जनता है। कार्यक्रम में मंत्री दीपिका पांडेय, बेबी देवी, विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी समेत कई नेता शामिल थे।

### कौटिल्य सम्मेलन में भारत ने यूएनओ की कार्यप्रणाली पर कसा तंज

# वैश्विक तनाव कम करने की भारत में क्षमता : जयशंकर

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली।** दिल्ली में हो रहे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर कहा कि भारत के पास वैश्विक तनाव को कम करने की क्षमता है। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली को लेकर भी तंज कसा। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने कई बार युद्धरत देशों के बीच संवाद और संचार की भूमिका निभायी है। पश्चिम एशिया में इस संघर्ष को लेकर पूरा विश्व काफी परेशान है। इससे वैश्विक समाज और वैश्विक अर्थव्यवस्था तनाव में है। वे चाहते हैं कि कोई बारे में कुछ कहने की पहल करे और वे मानते हैं कि भारत ही ऐसा देश है जो उनकी चिंताओं के समझता है। और इस तनाव को दूर करने की क्षमता रखता है। इसका ही परिणाम है कि हमारी बहुत सी पहल संयुक्त राष्ट्र में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### यूएनओ की भूमिका सिर्फ दर्शक समान

संयुक्त राष्ट्र को लेकर विदेश मंत्री बोले कि संयुक्त राष्ट्र एक ऐसी पुरानी कंपनी की तरह है, जो पूरी तरह से बाजार के साथ तालमेल नहीं रखती, बल्कि जगह घेरती है। यह पूरी तरह से बहुपक्षीय है, लेकिन जब यह प्रमुख मुद्दों पर कदम नहीं उठाता है, तो देश अपने तरीके ढूंढते हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में दो संघर्ष चल रहे हैं, उसे लेकर भी यह केवल एक दर्शक की भूमिका में है। पिछले पांच-दस सालों में सबसे बड़ी चीज हो हम सबके जीवन में हुई, वह थी कोविड। इस बारे में सोचें कि संयुक्त राष्ट्र कोविड पर क्या करता है? मुझे लगता है कि इसका कोई उत्तर नहीं है। मुझे लगता है कि संयुक्त राष्ट्र जारी रहेगा, लेकिन तेजी से एक गैर-संयुक्त राष्ट्र अपना स्थान बना रहा है।

नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड सरकार,
राँची स्मार्ट सिटी अंतर्गत राँची नगर निगम के सहयोग से
अपोलो हॉस्पिटल इन्टरप्राइजेज के

300+ बेड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का

शिलान्यास समारोह

एवं

इस्लाम नगर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)
अंतर्गत निर्मित 291 आवासों का

उद्घाटन समारोह

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
के कर कमलों द्वारा

विशिष्ट अतिथि

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री
सह सांसद, राँची लोकसभा

श्री बन्ना गुप्ता
माननीय मंत्री,
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग,
खाद्य, सार्वजनिक वितरण
एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड

श्री हफीजुल हसन
माननीय मंत्री,
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग,
निबंधन विभाग और नगर विकास एवं
आवास विभाग, झारखण्ड

डॉ० महुआ माजी
माननीय सांसद, राज्यसभा

श्री चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह
माननीय विधायक, राँची विधानसभा

श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक,
खिजरी विधानसभा

डॉ० प्रीता रेड्डी
एक्जीक्यूटिव वाईस चेयरमेन, अपोलो मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लि०



दिनांक : 07 अक्टूबर, 2024 (सोमवार), समय : अपराह्न 01:00 बजे से
स्थान : एरिया बेस्ट डेबलपमेंट क्षेत्र, स्मार्ट सिटी, धुर्वा, राँची

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 338162 (IPRD) 24-25

# राज्य कर्मियों का चिकित्सा भत्ता घटाकर ₹500 करने की तैयारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य कर्मियों के मेडिकल भत्ता को घटाने की तैयारी की जा रही है। चिकित्सा भत्ता को 1000 रुपये से आधा कर 500 रुपये प्रतिमाह किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग इसको लेकर प्रस्ताव तैयार कर रहा है। कैबिनेट से इसकी स्वीकृति ली जायेगी।

बताते चलें कि कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना शुरू होने की वजह से राज्य के सभी सेवा के कर्मियों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा योजना की मंजूरी दी गयी है।

टाटा जेनरल बीमा कंपनी एआईजी के साथ इसको लेकर एमओयू भी किया गया है। सरकार राज्य कर्मियों के बीमा प्रीमियर राशि छह हजार रुपये का वहन करेगी। वहीं, रिटायर कर्मियों को स्वयं से प्रीमियम राशि देना है। ऐसे में अब सेवारत कर्मियों को मिलने वाले चिकित्सा भत्ता को आधा करने पर विचार चल रहा है।

# पूर्व सीएम चंपई की तबियत बिगड़ी, टीएमएच में एडमिट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन की तबीयत अचानक बिगड़ जाने के कारण उन्हें रविवार को टाटा मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया। हालांकि अब चंपई सोरेन का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है। डॉक्टरों के अनुसार चंपई सोरेन का शूगर लेवल बढ़ने और प्रेशर के कारण उनकी तबियत बिगड़ी थी। वे जल्द ही ठीक हो जाएंगे। बताते चलें कि रविवार को चंपई सोरेन को साहेबगंज के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेना था। खुद चंपई सोरेन ने ट्वीट कर बताया कि स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों की वजह से आज वीर भूमि भोगनाडीह में आयोजित मांझी परगना महासम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल रहूंगा। चंपई सोरेन ने कहा कि डॉक्टरों के अनुसार, चिंता की कोई खास बात नहीं है।

## भाजपा एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पार्टी मुख्यालय में की प्रेसवार्ता

# सिर्फ झूठ बोलने वाली मशीन है राज्य की झामुमो सरकार : लाल सिंह आर्या

**भाजपा के आरोप**

- बाबा साहेब के सपनों की हत्या कर रही हेमंत सरकार
- धर्म परिवर्तन कराने वालों का साथ दे रही झामुमो सरकार




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्या ने कहा कि हेमंत सरकार बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सपनों की हत्या कर रही है। श्री आर्या रविवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण की विरोधी है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता संविधान की किताब दिखाते हुए हर सभा में बोलते थे कि मोदी जी संविधान बदल देंगे लेकिन, यह सच है कि भाजपा और मोदी जी से आरक्षण को कोई खतरा नहीं है। राहुल गांधी का सच अमेरिका में सामने आ गया। श्री गांधी ने अमेरिका में कहा कि अगर हम ताकत में आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। कांग्रेस का यह दोहरा चरित्र है। लोकसभा चुनाव में वोट हासिल करने से पहले दूसरा चरित्र था और लोकसभा चुनाव के बाद उनका दूसरा चेहरा सामने आया।

उन्होंने कहा कि केवल राहुल गांधी आरक्षण खत्म करने की बात नहीं करते हैं बल्कि 1961 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने देश के सभी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा था कि हम आरक्षण का पक्ष में नहीं हैं। वहीं, इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग बनाया लेकिन मंडल आयोग की सिफारिश को कचरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने तो यहां तक कहा कि आरक्षण से बुद्धू पैदा होते हैं। पिछड़ा वर्ग, एससी- एसटी को आरक्षण की जरूरत नहीं है। बल्कि मुस्लिम लोगों को आरक्षण की जरूरत है। अब इसी आरक्षण को खत्म करने की बात राहुल गांधी कहते हैं।

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार युवा, महिला और किसान विरोधी है। उन्होंन हेमंत सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। इंडी गठबंधन ने नौजवानों का वोट लेकर उनकी पीठ पर रोजगार मांगने के बाद लाठियां चलायी। झारखंड में अनुसूचित जनजाति को जाति प्रमाण पत्र बना कर नहीं दे रही है। झारखंड में जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिलों में आंदोलन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सरकार के संरक्षण में अनुसूचित जाति के लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। उनकी जमीनों पर कब्जा किया जा रहा है। पिछले दिनों इस तरह की कई घटना प्रकाश में आयी है।

उन्होंने कहा कि सूरज प्रधान को जला दिया जाता है लेकिन सरकार मौन रहती है। लोहरदगा में राम को चाहने वालों को सरेआम मार दिया जाता है। वोट हासिल करने के लिए चुनाव के कुछ माह पहले दलित समाज के एक विधायक को मंत्री बनाया गया है। राज्य में एससी आयोग का गठन नहीं किया गया है। रांची के मेयर की एससी के लिए आरक्षित सीट को बेईमानी करके बदलने का काम किया गया है। यह गठबंधन सरकार दलितों पर अत्याचार करने वालों को संरक्षण देने वाली है। झामुमो की सरकार धर्म परिवर्तन कराने वालों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि चौकीदार की बहाली में झामुमो की सरकार ने अनुसूचित जाति के आरक्षण को शून्य कर दिया है। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, विधायक किशुन कुमार दास, कर्मवीर सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# घोटालेबाज को बचाने के लिए कोर्ट जाती है हेमंत सरकार : बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन सरकार घोटालेबाजों और चोरों को बचाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि सरकार का काम है चोरों को पकड़ना, गड़बड़ी की जांच कराना, दोषियों को न्यायालय से सजा दिलवाना है लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार ठीक इसके उलट हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में सरकारी पैसे से देश के मशहूर वकीलों की टीम रखकर घोटाले की जांच नहीं होने देने, घोटालेबाजों चोरों को बचाने के लिये बार-बार न्यायालय के शरण में जाकर जांच को लटकाने-भटकाने का काम करती रही है। उन्होंने कहा कि धनबाद में पिछले पांच सालों में आजादी के बाद के सबसे बड़े कोयला चोरी और घोटाले की सीबीआई- ईडी जांच के लिए हाईकोर्ट द्वारा दिये गये आदेश को रोकवाने एवं चोरी में शामिल अफसरों को बचाने के लिये हेमंत सोरेन जी सुप्रीम कोर्ट जायेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत जी सांच को आंच क्या? अगर कोयला चोरी का माल आपने नहीं खाया है तो डर काहे का, जांच होने दीजिये। सच सामने आ जायेगा, जो खाया है वो भुगतेगा।

# अब झामुमो का कैंपेन, रांची में बैनर-होर्डिंग्स लगाया और केंद्र सरकार से पूछा सात सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 2024 के विधानसभा चुनाव में अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में घमासान मचा हुआ है। एक ओर भाजपा संवाद के विभिन्न माध्यमों पर मिला क्या अभियान को तरजीह दे रही है तो दूसरी ओर झामुमो होर्डिंग और बैनर लगाकर भाजपा पर पलटवार किया है। सोशल मीडिया और अन्य प्लेटफॉर्म पर हो रहे भाजपा के इस प्रचार का मुकाबला करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची में दुर्गा पूजा के दौरान होर्डिंग और बैनर लगाकर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किए गए सात वायदों को याद दिलाया है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता द्वारा राजधानी के कई चौक-चौराहों पर लगाए गए बैनर होर्डिंग्स में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की तस्वीरें छपी हैं। बैनर में नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा समय-समय पर जनता से किए गए सात वायदों का प्वाइंटर बनाकर भाजपा और मोदी सरकार से सवाल पूछे गए हैं।

**सात सवाल**

- 15 लाख बैंक खाते में आई क्या?
- महंगाई कम हुई क्या?
- देश में बुलेट ट्रेन चली क्या?
- 100 स्मार्ट सिटी बना क्या?
- काला धन वापस हुआ क्या?
- देश से कर्ज का बोझ कम हुआ क्या?
- किसानों की आय बढ़ी क्या?

**झामुमो ने क्यों लगाए बैनर :** जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडेय के मुताबिक, ग्रामीण जनता भाजपा की असलियत समझ रही है। ये बैनर इसलिए लगाए गए हैं ताकि शहरों और कस्बों में रहने वाले लोग भी भाजपा के झूठे वायदों को समझ सके।

# नौ आईएएस अधिकारियों को मिली पोस्टिंग पासी को कल्याण व राहुल सिन्हा को खान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने नौ आइएएस अफसरों का तबादला के साथ पदस्थापन भी कर दिया है। किरण कुमारी पासी को समाज कल्याण विभाग में तो रांची डीसी रहे राहुल कुमार सिन्हा को खान विभाग का निदेशक बनाया गया है। राहुल सिन्हा को कान के साथ-साथ साथ ही जेएसएमडीसी के एमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडलीय आयुक्त के पद पर पदस्थापित अंजनी कुमार मिश्रा को अपने कार्यों के साथ विशेष सचिव, राजस्व के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

**जानें कौन कहां गये**

- सुमन कैथरीन किस्पोट्टा : विशेष सचिव, कार्मिक
- राहुल कुमार सिन्हा : निदेशक, खान, अप्र जेएसएमडीसी
- शशि प्रकाश झा : विशेष सचिव, राजस्व, निबंधन
- मृत्युंजय कुमार बरणवाल : सीईओ, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन अप्र मनरेगा आयुक्त
- शशि रंजन : राज्य परियोजना निदेशक, सर्व शिक्षा अभियान
- किरण कुमारी पासी : निदेशक, समाज कल्याण,
- आदित्य रंजन : निदेशक, पशुपालन
- गरिमा सिंह : संयुक्त सचिव, योजना एवं विकास विभाग
- प्रेरणा दीक्षित : प्रबंध निदेशक, जियाडा

# मंत्री बन्ना के खिलाफ रेप की फेक एफआईआर की कॉपी वायरल, साजिशकर्ता की तलाश जारी

## सिटी एसपी कार्यालय का फर्जी मुहर का इस्तेमाल कर एक फर्जी एफआईआर कॉपी का इस्तेमाल किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को बदनाम करने के लिए एक फेक एफआईआर कॉपी को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा वायरल किया गया। एफआईआर कॉपी में मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस फेक एफआईआर वायरल करने वाले की तलाश में जुट गई है। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि यह मामला पूरी तरह से फर्जी है। जिस किसी के द्वारा यह कृत्य किया गया है, उसकी पहचान कर उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**फेक एफआईआर में क्या है :** फेक एफआईआर में आवेदन रांची के सिटी एसपी के नाम से लिखा गया है, जिसमें तमाड़ की रहने वाली एक महिला ने मंत्री पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि आवेदन में तमाम कानूनी धारा लगाकर केस भी दर्ज कर लिया गया है जबकि एफआईआर के लिए थाना में आवेदन देना पड़ता है। फेक एफआईआर में एक लैंड लाइन नंबर भी डाला गया है।

**सिटी एसपी ने क्या कहा :** इस मामले में रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि सिटी एसपी कार्यालय का फर्जी मुहर का इस्तेमाल कर एक फर्जी एफआईआर कॉपी का इस्तेमाल किया गया है। पूरा मामला ही फर्जी है। इस मामले की जांच की जा रही है। साथ ही आरोपी को चिन्हित करने के लिए पुलिस की छानबीन जारी है।

# प्रदेश भाजपा के नेता पीएम को नहीं दे रहे सही जानकारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखण्ड आंदोलनकारी और साहित्यकार, नागपुरी गायक सह मूलवासी सदान मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय ने कहा कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री का झारखण्ड आगमन चुनावी कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री अपने कार्यक्रम में आदिवासियों एवं छात्रों से मिलने का कार्यक्रम रखा गया यह एक चुनावी रणनीति है, लेकिन सदान अर्थात वैसे सभी लोग जो यहां के मूलवासी हैं, भले ही वह अगड़ी हो, पिछड़े हो, दलित हो सभी सदान समुदाय से आते हैं। झारखण्ड कि राजनीतिक में सबसे बड़ा वर्ग सदान हैं, उनसे प्रधानमंत्री का नहीं मिलना राजनीतिक दृष्टिकोण से बड़ी भूल है। उक्त प्रतिक्रिया मर्माहत झारखंड आंदोलनकारी व विभिन्न भाषाओं के ज्ञाता, साहित्यकार, नागपुरी गायक सह मूलवासी सदान मोर्चा के वरिष्ठ सलाहकार क्षितीश कुमार राय ने कही है। कहा शायद भाजपा झारखण्ड प्रदेश के नेता प्रधानमंत्री को झारखण्ड की वास्तविकताओं की सही जानकारी नहीं दे रहे हैं।

राय ने बताया कि यह बात बिल्कुल सच है कि मूलवासी सदानों का ज्यादातर वोट भाजपा को मिलता है लेकिन झारखंड भाजपा सदानों को बंधुआ मजदूर समझने की भूल न करें। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री, सदानों को भी मिलने के लिए बुलाते और उनकी समस्याओं को सुनते तो सकारात्मक संदेश जाता। हमारे केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद द्वारा इस दिशा में प्रयास किया गया तथा बीजेपी के राज्य स्तरीय नेताओं से आग्रह किया गया था कि एक सदान प्रनिधि मंडल को भी मिलने का मौका दिया जाये लेकिन उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। क्षितिश कुमार राय ने सभी सदान भाइयों बहनों माताओं से अनुरोध किया है कि अपने हित और सदानों के हित में जाति धर्म को भूलकर एक हो जायें और आगामी विधानसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियों को अपनी ताकत से एहसास का करा दें।

# राप्रसे के चार अधिकारी बदले इश्तियाक हजारीबाग के डीडीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला कर दिया है। पदस्थापन की प्रतीक्षारत इश्तियाक अहमद को हजारीबाग का उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बनाया है। कृषि विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित अमरेंद्र सिन्हा को चतरा के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। धनबाद नगर निगम के नगर आयुक्त पद पर पदस्थापित रविराज शर्मा को वाणिज्य कर विभाग में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। भू-राजस्व विभाग के उपसचिव भगीरथ प्रसाद को स्थानांतरित करते हुए अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

# सुधीर बने लोहरदगा जिला के डीटीओ

**रांची।** कार्मिक विभाग से सेवा प्राप्त झाप्रसे के चार पदाधिकारियों का परिवहन विभाग ने पदस्थापन कर दिया है। संजय कुमार को सिमडेगा का डीटीओ बनाया गया है। वहीं सुधीर प्रकाश को लोहरदगा का डीटीओ बनाया गया है। गिरिजा शंकर महतो को डीटीओ सरायकेला खरसावां के पद पर पदस्थापित किया गया है। मिथिलेश कुमार चौधरी को साहिबगंज के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# झारखंड में गैर सेवा के छह अफसर बनेंगे आइएएस, यूपीएससी को भेजी गयी लिस्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में गैर प्रशासनिक सेवा के छह अफसरों को जल्द ही आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी। राज्य सरकार ने गैर सेवा के 18 अफसरों के नामों की सूची यूपीएससी को भेज दी है। नियमतः एक पद के विरुद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है। इन अफसरों को 2023 की रिक्ति के विरुद्ध आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति दी जाएगी। दिसंबर के अंत तक इन अफसरों को प्रोन्नति देने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

**गैर प्रशासनिक सेवा से फिलहाल चार आईएएस कार्यरत**

झारखंड कैडर में गैर प्रशासनिक सेवा से आईएएस कैडर में प्रोन्नति पाए सिर्फ चार आईएएस ही कार्यरत हैं। इसमें मनोज कुमार, प्रभात कुमार, अजय नाथ झा और अक्षय कुमार सिंह के नाम शामिल हैं। वहीं राज्य प्रशासनिक सेवा से आईएएस कैडर में प्रोन्नति पाए 36 अफसर कार्यरत हैं। वहीं डायरेक्ट आईएएस अफसरों की संख्या 138 है। वहीं राज्य में 44 आईएएस अफसरों की कमी है। राज्य में आईएएस संवर्ग के लिए 224 पद स्वीकृत हैं।

# नियमावली बनने के बाद भी बीआरपी-सीआरपी को नहीं मिल रहा लाभ

**रांची।** अधिकांश बीआरपी सीआरपी ने सितंबर में सेवाकाल के 19 वर्ष पूरे कर लिये। इन 19/20 वर्षो में बीआरपी सीआरपी विभागीय कार्य के अतिरिक्त जनगणना, चुनाव कार्य , कोविड संक्रमण काल में कोरोन्टिन सेंटर ड्यूटी के अतिरिक्त अन्य विभाग के कार्य सम्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं, लेकिन सम्मानजनक मानदेय, सामाजिक एवं बुनियादी सुविधा से आज भी वंचित है। न वर्तमान सुरक्षित और खुशहाल है और न ही भविष्य। संघर्ष के बाद बीआरपी सीआरपी को संविदा नियमावली 2024 जुलाई में मिली। इसमें 5 साल के बाद मानदेय बढ़ोतरी केवल 7 से 8 हजार रुपए की की गयी। इससे भी सीआरपी बीआरपी वंचित है। कारण सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन की लंबी प्रक्रिया अभी तक अपूर्ण है। मतलब मानदेय बढ़ा किंतु प्राप्त नहीं हुआ। अर्थात जहां 2019 में थे, वहीं, अभी भी बने हुए हैं।

# मुख्यमंत्री से मिले विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रविवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ, झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ एवं संविदा-अनुबंध- एकमुश्त झारखंड कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरा करने को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष हर्ष जताया तथा आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार विभिन्न विभागों के कर्मियों सहित सभी वर्ग-समुदाय को निरंतर उनका हक अधिकार देने का कार्य कर रही है। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कुछ अन्य महत्वपूर्ण मांगों एवं अपनी भावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर पवन कुमार, मंगल हेंब्रम, सुनील कुमार शाह, सरफराज अहमद, सलीम अंसारी एवं दर्जनों की संख्या में संघ के सदस्यगण उपस्थित थे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक पार्टी मुख्यालय में आयोजित

# झारखंड की बदल रही डेमोग्राफी : आर्या

खबर मन्त्र ब्यूरो




रांची। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को पार्टी मुख्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता विधायक किशुन कुमार दास ने किया। इस अवसर पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव में कुछ ही दिन शेष बचे हैं ऐसे में भाजपा अनुसूचित जाति के सभी पदाधिकारी पूरे मन के साथ एनडीए की बहुमत वाली सरकार को बनाने में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों से हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। राज्य में अभी तक अनुसूचित जाति आयोग के सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। वहीं पिछले 5 वर्षों में राज्य सरकार ने युवाओं, महिलाओं, किसान, दलितों को लेकर कोई भी जनकल्याणकारी योजना को शुरू नहीं किया है। राज्य के युवा अपने जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र के लिये भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे है। उन्होंने कहा कि झारखंड का डेमोग्राफी बदल रहा है। उससे साफ लगता है कि राज्य सरकार एक विशेष समुदाय पर अपना विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सरकार बनेगी तो धर्मांतरण को लेकर कड़े कानून बनाये जायेंगे। वहीं, उन्होंने लैंड जिहाद पर भी अपनी चिंता व्यक्त की और कहा कि एक विशेष समुदाय सबसे अधिक दलितों की जमीन पर कब्जा जमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैसे सभी विधानसभा क्षेत्र जहां अनुसूचित जाति की संख्या निर्णायक है, वहां प्रवास कर भाजपा के पक्ष में वोट करवायें। वही सभी प्रदेश पदाधिकारी अपने अपने प्रवासीय क्षेत्र में दलित बस्तियों में जाकर संवाद स्थापित करें। केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ राज्य सरकार के असफलता के विषय में भी जानकारी दें।

राष्ट्रीय संगठक वी सतीश ने कहा कि देश की जनता के सहयोग से 60 वर्षों के बाद पहली बार किसी गैर कांग्रेस के नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं लेकिन देश को कमजोर करने वाली बाहरी और भीतरी ताकत दोनों मिलकर भारत की मजबूत सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है।

बैठक में कर्मवीर सिंह, भोला सिंह, अमर कुमार बाउरी, किशुन दास, जीतू चरण राम, नारायण दास, प्रकाश राम, रामचंद्र नायक, घूरन राम सहित सभी प्रदेश के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड विस चुनाव में सीट बंटवारे के लिए दशहरा के बाद होगी इंडी गठबंधन की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 में सीट बंटवारे को लेकर इंडिया ब्लॉक के घटक दलों झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस, राजद और सीपीआई माले की बैठक विजयदशमी के बाद होगी। इसके बाद झामुमो, कांग्रेस, राजद और वामदल प्रत्याशियों की घोषणा करेंगे।

सूत्रों ने बताया कि इस बार सीट शेयरिंग में कुछ बदलाव संभव है। इसकी वजह यह है कि इस बार गठबंधन में वामदल भी शामिल हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 व राजद को सात सीटें मिली थीं। इस बार फेरबदल होगा। बताया गया कि पहले जीत का समीकरण देखा जायेगा। इस पर मंथन कर ही सीट शेयरिंग की जायेगी। इस बार कांग्रेस व राजद के कोटे में कुछ कटौती हो सकती है। इस सीट को वामदल को दिया जा सकता है।

**वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को 43, कांग्रेस को 31 व राजद को सात सीटें मिली थीं। इस बार फेरबदल होगा।**

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि रांची को लेकर कांग्रेस लगातार समय-समय पर कहती आ रही है कि यह सीट उसे दे दी जाये लेकिन वर्ष 2019 के चुनाव में झामुमो इस सीट से दूसरे स्थान पर रहा था। झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी व भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह के बीच मत का अंतर केवल 5904 वोट का ही था। महुआ माजी दूसरे स्थान पर रहीं। मतों के अंतर को लेकर झामुमो एक बार फिर से रांची विधानसभा सीट पर दावा करेगा। हालांकि, कांग्रेस के कई नेता इस प्रयास में लगे हुए हैं कि गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस को मिल जाये, तो वे चुनाव लड़ेंगे।

इस संबंध में झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि बहुत जल्द सीट शेयरिंग पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहयोगी दलों के साथ बैठक करेंगे। जाहिर है झामुमो बड़े भाई की भूमिका निभायेगा लेकिन सहयोगियों का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। पूरा इंडी गठबंधन मिलकर चुनाव लड़ेगा। किस सीट पर कौन जीत सकता है, यह विशेष रूप से देखा जायेगा। केवल सीट देने की बात नहीं है, बल्कि जीत सुनिश्चित करने की बात है।

स्पीड न्यूज



## काशीडीह पंडाल का हुआ उद्घाटन

काशीडीह में ठाकुर प्यारा सिंह-ठाकुर धुरंधर सिंह सार्वजनिक दुर्गापूजा कमेटी के भव्य पंडाल का उद्घाटन करते अतिथिगण।

## घायल झामुमो कार्यकर्ता सुरेश सरदार की मौत

**गम्हरिया।** आदित्यपुर-कांड्रा मुख्यमार्ग पर रापचा के समीप बीते 27 सितंबर को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से घायल रापचा निवासी झामुमो कार्यकर्ता सुरेश सिंह सरदार की ईलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया है कि वह उस दिन कांड्रा मोड़ में आयोजित मइयां सम्मान यात्रा में शामिल होकर पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान रापचा के पास कांड्रा की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बाइक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा व अविवाहित था।

## मानगो आशियाना अन्नतारा में मां कुष्मांडा की विधिवत हुई पूजा

**जमशेदपुर।** मानगो के एन एच 33 स्थित आशियाना अन्नतारा तारा सोसाइटी में प्रथम दिन से ही कलश स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा विधि विधान से आयोजित की जा रही है। सोसाइटी के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि 11 महिलाएं व्रत रखकर केवल एक समय फलाहार कर प्रतिदिन पूजा आराधना किया करती हैं। दोनों समय सामूहिक रूप से आरती का आयोजन होता है। सोसाइटी में स्थित 394 फ्लैट के लोग सामूहिक रूप से संकल्प लेकर कलश की स्थापना कर देवी की पूजा अर्चना करते हैं। विकास सिंह ने बताया कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी में किया जाता है। महिलाओं के द्वारा महानवमी के दिन डांडिया नाइट का आयोजन किया गया है, जिसमें शामिल होने वाली महिलाएं लगभग 1 महीने से डांडिया नृत्य का प्रशिक्षण ले रही है।

## मकदमपुर में खुदीराम बोस पार्क का विधायक मंगल ने किया उद्घाटन

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के मकदमपुर में विधायक निधि से निर्माण करवाये गये वीर शहीद खुदीराम बोस पार्क का आज जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने उद्घाटन किया। पार्क में वीर शहीद खुदीराम बोस जी की प्रतिमा भी स्थापित की गयी है। पार्क उद्घाटन करने पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक का जोरदार स्वागत किया गया। पार्क उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस स्थान पर पहले कचरे का अंबार लगे रहता था लेकिन पूर्व के किसी जनप्रतिनिधि ने इस समस्या के समाधान के बारे में नहीं सोचा। मैंने विधायक बनने के बाद स्थानीय लोगों से विचार कर इस जगह की सूरत बदल दी और इस स्थान पर वीर शहीद खुदीराम बोस के नाम पर पार्क का निर्माण करवाया है। यहां के स्थानीय बच्चे हो या बुजुर्ग सभी को पार्क का लाभ मिलेगा। मौके पर जिला परिषद सदस्य पूर्णिमा मलिक, अरुणा एक्का, नागी मूर्मू, पानो मूर्मू, अर्पणा गुहा, सिमी सोरेन, सक्ति चक्रवर्ती, बाबुलाल चक्रवर्ती, देबजीत मुखर्जी, आशीष ठाकुर, मनोहर हुसैन, मानिक मलिक, मिथुन चक्रवर्ती आदि झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रखंड की चार सड़कों का विधायक मंगल ने किया शिलान्यास

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड अंतरगत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद से स्वीकृत 15 किलोमीटर की चार सड़क योजनाओं का विधायक मंगल कालिंदी ने किया शिलान्यास। करीब 20 करोड़ से होगा निर्माण। इनमें घोड़ाबांधा बिना पानी हाई स्कूल भाया धानचट्टानी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लम्बाई 4.750 किमी) भी शामिल है।

# बन्ना गुप्ता पर तीखा हमला + पूर्व कार्यकाल की उपलब्धियों को ढिंढोरा = पश्चिम से लड़ेंगे सरयू

- मेरे कार्यकाल में ही बन कर तैयार थे डीएम लाइब्रेरी और कन्वेंशन सेंटर : सरयू राय
- एमजीएम कॉलेज की नई बिल्डिंग का इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं, कैसे चलेगा अस्पताल
- कन्वेंशन सेंटर की कई खिड़कियां इसलिए बंद करा दी गई क्योंकि ये स्वास्थ्य मंत्री के घर की तरफ खुलती थीं
- जमीन की व्यवस्था किये बगैर आईसीयू भवन का शिलान्यास करना घोर आपत्तिजनक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 2019 के चुनाव में जमशेदपुर पश्चिम सीट से टिकट कटने पर भाजपा से बगावत कर तत्कालीन सीएम रघुवर दास से जमशेदपुर पूर्व में निर्दलीय मुकाबला कर उन्हें कड़ी शिकस्त देने वाले सरयू राय अब अपने पुराने विधानसभा क्षेत्र जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ने का मन बना चुके हैं। सभी जानते हैं कि विधायक सरयू राय दबाव की राजनीति के बेताज बादशाह हैं। खुद की राजनीतिक पार्टी भारतीय जनतंत्र मोर्चा लांच किया जिसका अब जद यू में विलय होने जा रहा है, और विलय से पूर्व सरयू राय जद यू में शामिल हो चुके हैं जो केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की एक मजबूत सहयोगी पार्टी है। सरयू राय चाहते हैं तो जमशेदपुर पूर्व की सीट से दुबारा लड़ना और उनकी रणनीति थी कि जद यू से गठबंधन के तहत पूर्व की सीट हथिया ली जाए किन्तु रघुवर दास के दबाव में यह सीट अब मिलने से रही। सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे की तर्ज पर भारतीय जनता पार्टी सरयू राय के पुराने घर यानी जमशेदपुर पश्चिम का सीट देने को सैद्धातिक रुप से तैयार हो गई है। राय भी इस प्रस्ताव पर सैद्धांतिक रुप से सहमत हो गए हैं, यहीं कारण है कि जमशेदपुर पश्चिम के मौजूदा विधायक सह सूबे के स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ अब सरयू राय ने हमले तेज कर दिए हैं, बल्कि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक रहते अपनी और भारतीय जनता पार्टी की उपलब्धियों का ढींढोरा पीटने लगे हैं। संकेत साफ है प्रेम से हो अथवा दबाव में वे जमशेदपुर पश्चिम से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। लेकिन वहां सरयू राय के मुंहबोले भतीजा बन्ना गुप्ता के कार्यकाल की उपलब्धियां भारी पड़ रही हैं, खासकर मानगो डिमना में एमजीएम के 500 बेड वाले अस्पताल को चालू करवा कर एवं डिमना रोड-साकची फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य शुरु करवा कर बन्ना ने अतुलनीय काम कर दिया है। सरयू राय का कहना था कि दोनों ही काम सिरे नहीं चढ़ने वाला है क्योंकि मंत्री लापरवाह हैं। बन्ना गुप्ता ने जब दोमुहानी घाट को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करने के लिए गंगा आरती घाट, भव्य प्रवेश द्वार एवं छठ घाट निर्माण की घोषणा की तो सरयू राय ने एनजीटी से इसकी शिकायत कर दी कि यह कानून सम्मत नहीं है। 5 अक्तूबर को डिमना में एमजीएम अस्पताल का उद्घाटन सह ओपी डी की सेवा का उद्घाटन बन्ना गुप्ता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों करवा दिया तो खुद आज 6 अक्तूबर की शाम दोमुहानी घाट के भव्य प्रवेश द्वार सह घाट का उद्घाटन गंगा आरती के जरिए खुद किया। जाहिर है कि बन्ना गुप्ता के पास गिनाने के लिए कुछ बड़े काम हो गए हैं, ऐसे में जनता के बीच अलग नैरिटिव गढ़ने की दिशा में सरयू राय आगे बढ़ चुके हैं। आज इसी दिशा में सरयू राय द्वारा जारी बयान को देखा जाना चाहिए।





मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय।

### मंत्री के घर की ओर खुलती थी खिड़कियां, इसलिए करवा दी बंद

जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने रविवार को कहा कि कल, शनिवार को जमशेदपुर में मुख्यमंत्री ने जिन तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया, वे सभी पूर्ववर्ती एनडीए सरकार के समय में आरंभ हुई थी। इसमें से डीएम लाईब्रेरी और कन्वेंशन सेंटर की स्वीकृति तत्कालीन विधायक के रूप में मेरी अनुशंसा पर हुआ था। ये दोनों ही पिछले चार वर्षों से बनकर तैयार थे, परंतु इनका उद्घाटन नहीं होने दिया जा रहा था। इसके कारण इन भवनों की स्थिति काफी जर्जर हो गई है। कन्वेंशन सेंटर की कई खिड़कियां बंद करा दी गई क्योंकि ये स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के घर की तरफ खुलती थीं। यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा: एमजीएम कॉलेज की भवन तो बनकर तैयार हो गई है, परन्तु बिल्डिंग के अंदर कोई भी आधारभूत संरचना पूरी तरह से तैयार नहीं हुई है। यहां तो पानी का भी इंतजाम नहीं है। पानी के अभाव में कोई अस्पताल या ओपीडी कैसे चलेगा? इस नये भवन की पर्यावरण स्वीकृति इस शर्त पर मिली है कि इसके लिए भूगर्भ जल का उपयोग नहीं होगा परन्तु इस शर्त का उल्लंघन करते हुए दो डीप बोरिंग करा दी गई है। इन दो डीप बोरिंग से आने वाला पानी भी पर्याप्त नहीं है। श्री राय ने कहा कि इस नये भवन के स्थल पर आईसीयू भवन बनाने का शिलान्यास हुआ है।

### भव्य दोमुहानी संगम घाट का हुआ उद्घाटन, की गयी भव्य आरती

# अब विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल बनेगा स्वर्णरिखा घाट: बन्ना गुप्ता

- 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने देखी भव्य स्वर्णरेखा आरती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट स्वर्णरेखा दुमुहानी संगम घाट का विधिवत उद्घाटन कर इसे जमशेदपुर की जनता को समर्पित कर दिया, इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा गुप्ता, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रमा खलको व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

काशी के अस्सीघाट के पंडित आचार्य मोहित एवं उनके टीम ने भूमि पूजन के बाद भव्य आरती कर माहौल को भक्तिमय कर दिया, दूसरी तरफ स्थानीय गायक अभिषेक पाठक एवं निधि मिश्रा ने भजनो की अमृत वर्षा से उपस्थित श्रद्धांलुओं का मन मोह लिया!



दोमुहानी संगम घाट का भव्य प्रवेश द्वार, स्वर्णरेखा आरती करते बनारस से आये पंडित, स्वर्णरेखा नदी और भगवान शिव की आरती करते बन्ना गुप्ता व उनकी धर्मपत्नी सुधा और दोमुहानी संगम घाट पर आरती देखने आये श्रदधालुओं को संबोधित करते बन्ना गुप्ता।

**दोमुहानी गेट बना सामाजिक समरसता का प्रतीक :** दोमुहानी गेट सामाजिक समरसता के प्रतीक के रूप में स्थापित हो गया हैं, एक तरफ साक्षात भगवान शिव विराजमान हैं, वही दूसरी तरफ प्राचीन टुसु घाट का नाम झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित करता हैं, दूसरी तरफ भगवान बिरसा मुंडा की भव्य आदमकद प्रतिमा हमारी पूर्वजो की धरोहर और आस्था को समेटता नजर आता हैं। फिर शहीद निर्मल महतो, नेताजी सुभास चंद्र बोस, जन नायक कर्पूरी ठाकुर, संविधान निर्माता डॉ बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा भारत और झारखंड की बलिदान और संघर्ष की गाथा को प्रदर्शित करती हैं।

**बन्ना ने लोगों से मांगा समर्थन, मौका दीजिये बहुत बदलाव लाना बाकी है :** इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता नें उपस्थित जन समूह से आशीर्वाद मांगते हुए कहा कि आप समर्थन दीजिये इस संगम स्थल में बहुत बदलाव लाने की योजना हैं साथ ही जनता से छठ पर्व बनाने का आमंत्रण भी दिया।

## आज वाम संगठन मनायेंगे फिलिस्तीन एकजुटता दिवस, युद्ध विराम की मांग

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** फिलिस्तीन एकजुटता दिवस के पूर्व जमशेदपुर स्तिथ सुंदर नगर के महिला कल्याण समिति के सभागार में विचार गोष्ठी कर मजदूर संगठनों, बुद्धिजीवियों एवम सांस्कृतिक कर्मियों के द्वारा युद्ध विराम का आह्वान सह फिलीस्तिन जनता के स्वतंत्रता संघर्ष के साथ एकता का इजहार किया गया। विचार गोष्ठी का आयोजक था सीपीआई (एम-एल) मास लाइन एवम झारखंड क्रांतिकारी मजदूर यूनियन,झारखंड राज्य कॉमिटी । करीब तीन दर्जन अखिल भारतीय स्तर के संगठनों के संयुक्त आह्वान पर कल 7 अक्टूबर को देश व्यापी 'फिलीस्तीन एकजुटता दिवस ' मनाया जाने के अवसर पर आज का विचार गोष्ठी आयोजन किया गया था। वक्ताओं ने फिलीस्तीन एकजुटता दिवस पर गाजा में नरसंहार की निंदा करते हुए मध्य पूर्व में तत्काल एवं स्थायी युद्धविराम, भारत सरकार अपनी फिलिस्तीन समर्थक नीति पर वापस लौटे और इजरायल को राजनीतिक समर्थन देना बंद करे।

### पूर्व सांसद डॉ अजय ने भाजपा के घोषणा पत्र की धज्जियां उड़ायीं, कहा

# पंच प्रण भाजपा का चुनावी जुमला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ अजय कुमार ने भाजपा के पंच प्रण को चुनावी जुमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने झारखंड की जनता को फिर ठगने के लिए चुनावी जुमला की घोषणा की है। आज जब झारखंड की हेमंत सरकार द्वारा प्रदेश की आधी आबादी को आर्थिक रुप से मजबूत करने के लिए मईंया सम्मान योजना के तहत प्रति माह एक हजार रुपया प्रदान किया जा रहा है तो एक तरफ भाजपा ने इस योजना पर रोक लगाने के लिए रांची हाईकोर्ट में याचिका दायर करवाती है, वहीं दूसरी ओर चुनाव को देखते हुए भाजपा ने 2100 प्रति माह देने के घोषणा की है। सवाल यह है कि जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है क्या उन प्रदेशों में महिलाओं को इस प्रकार की योजना का लाभ वहां की सरकार दे रही हैं, शायद नहीं।



वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार।

आगे कहा कि वहीं 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात भी जुमला ही है,क्योंकि जिन राज्यों में भाजपा ने 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने की घोषणा की थी वहां तो दिया ही नहीं, लोग आज भी इंतजार कर रहे है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि भाजपा जब झारखंड के लोगों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने का वादा कर रही है, तो देश के अन्य राज्यों में रहने वाले लोगों ने क्या गुनाह किया है ? उन्हें इसका लाभ क्यों नहीं मिलना चाहिए। इससे स्पष्ट है कि इनके नियत में खोट है।

## चैंबर भवन में दीपावली ट्रेड फेयर 21-22 को

- वोकल फॉर लोकल बढ़ावा देना चैंबर का उद्देश्य : अनिल मोदी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



चैम्बर भवन में चल रही मेले की तैयारी।

**जमशेदपुर।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कोल्हान के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में आगामी 21 और 22 अक्टूबर को दो दिवसीय दिवाली ट्रेड फेयर का आयोजन चेंबर भवन बिष्टुपुर में किया जायेगा। चेंबर के उपाध्यक्ष (ट्रेड एंड कॉमर्स) अनिल मोदी ने बताया कि दीपावली के अवसर पर लोगों की व्यस्तता बढ़ जाती हैं। इस वजह से उनके लिए दीपावली की खरीदारी करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए लोगों को राहत देने के उद्देश्य से एवं दीपावली के पर्व से संबंधित सभी सामानों को एक छत के नीचे व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध कराने के हेतु चेंबर हर वर्ष दीपावली के पूर्व इस कार्यक्रम का आयोजन करता है। इस मेले में लोगों को एक ही छत के नीचे दीपावली के पर्व से संबंधित सभी सामान जैसे मिट्टी के दीप,दीपावली पूजन सामग्री, कपड़े, चादर, अगरबत्ती ज्वेलरी, मिठाई एवं अन्य समान मिलेंगे।

## राज्यपाल रघुवर दास ने किया सिदगोड़ा पूजा पंडाल का उद्घाटन



सिदगोड़ा में भव्य दुर्गापूजा पंडाल का उद्घाटन ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने किया। इस अवसर पर संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह समेत पूजा कमेटी के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# झारखंड में फिर बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : कमलेश

- जनसंवाद लक्ष्य 2024 में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लिये जीत दिलाने का संकल्प
- कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ अजय ने अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी द्वारा रविवार को सिदगोड़ा टाउनहॉल में जनसंवाद लक्ष्य 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पूर्वी विधानसभा के सबसे मजबूत दावेदार डा. अजय कुमार ने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ अपनी दमदार उपस्थिती दर्ज कराई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन का सरकार बेहतर कार्य कर रही है। मईंया सम्मान योजना की सफलता से भाजपा बौखला गई है और भाजपा राज्य में गोगो दीदी योजना की झूठी फार्म भरवा रही है। कमलेश ने कहा कि सरकार की सफल योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेवारी आपकी है। जनता को बताना है कि हेमंत सरकार प्रदेश की लोगों के कल्याण के लिए क्या कार्य कर रही है। वहीं डा. अजय कुमार ने कहा कि जनता भाजपा की नियत को समझ गयी है। वह अब हर राज्य में भाजपा को नकार रही है। हरियाणा और जम्मू कश्मीर की जनता भाजपा को नकार दिया है। झारखंड की जनता भी मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को एक बार फिर ठगने के लिए भाजपा ने चुनावी जुमले की घोषणा की है। हम जनता के बीच बीजेपी की चुनावी जुमले की पोल खोलेंगे और लोगों सच्चाई से अवगत कराएंगे। इस बार झारखंड में इंडिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। डॉ अजय कुमार ने कहा कि विगत दिनों लाल बाबा के व्यापारी के बाउंड्री को तोड़ने का फरमान आया, इसमें भाजपा के नेताओं का संलिप्ता नजर आई और कुछ लोग भाजपा के व्यापारी हैं, विरोध करने में पीछे रह गए ना सांसद आए ना वर्तमान विधायक सरजू राय आये।




कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष कमलेश के साथ डॉ अजय व अन्य।

## एक नजर में

### सुगर बढ़ने पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन टीएमएच में भर्ती, आज मिल सकती है छुट्टी



**जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन सुगर बढ़ने के बाद अस्वस्थ होगए। उन्हें गत 5 अक्तूबर को टाटा मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम कर रही है। सोमवार को उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। वरिष्ठ भाजपा नेता कुलवंत सिंह बंटी और राकेश कुमार रविवार को टीएमएच पहुंच कर पूर्व मुख्यमंत्री से भेंट की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### पीपुल्स एकेडमी में नेट बॉल का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम नेटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में पहली बार पूर्वी सिंहभूम जिला के जमशेदपुर के न्यू बाराद्वारी स्थित पीपुल्स अकैडमी प्लस टू हाई स्कूल खेल परिसर में परस्पर आठ स्कूल के खिलाड़ियों (छात्र-छात्राओं) की उपस्थिति में नेटबॉल खेल के एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं प्रदर्शनी मैच का आयोजन हुआ। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्राचार्य चंद्रदीप पांडे ने बतौर मुख्य अतिथि एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शाह प्रदर्शनी मैच का विधिवत उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं प्रशिक्षक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए खेल के बारे में जानकारी देते हुए बताया यह खेल खासकर विदेश में काफी लोकप्रिय है। भारत के कई राज्यों में भी इस खेल को बढ़ावा मिला है झारखंड में भी इसकी शुरूआत हुई है फिलहाल किस जिला में पहली बार इस खेल का आयोजन हो रहा है । यह काफी खुशी की बात है। आने वाले दिनों में यह खेल अन्य खेलों की भांति लोकप्रिय होगा और अधिक से अधिक विद्यालयों महाविद्यालय में इस खेल का प्रचलन होगा उन्होंने खिलाड़ियों और आयोजन समिति को बेहतर जीवन के लिए बधाई और अपनी शुभकामना दिया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व शिक्षा पदाधिकारी एवं विधायक प्रतिनिधि एस पी सिंह की मौजूदगी बनी रही उन्होंने भी आयोजन के लिए खिलाड़ियों प्रशिक्षकों शिक्षक शिक्षिकाओं को अपनी शुभकामना और बधाई दिया। इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक डब्लू रहमान, जिला सचिव राजेश ठाकुर, एम अरशद और युवा खेल प्रशिक्षक प्रिय दत्त ने सुचारू रूप से खिलाड़ियों को प्रथम सत्र में खेल की सूक्ष्म जानकारियां एवं नियम से अवगत कराया।

### बिरसा एंड लागुरी की टीम ने विजयी बनने के साथ जीता एक लाख 11 हजार रुपये का पुरस्कार



**नोवामुंडी/जमशेदपुर।** आदिवासी युवा एकता संघ नोवामुंडी के तत्वावधान में पचाईसाई बीआरसी स्कूल मैदान में आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बिरसा एंड लागुरी जगन्नाथपुर की टीम ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। फाइनल मुकाबले में बिरसा एंड लागुरी की टीम ने आयुष रिग्रेट हारतोपा की टीम को 1-0 से पराजित किया। विजेता टीम को एक लाख एक हजार एक सौ ग्यारह रुपये समेत ट्रॉफी और उप विजेता टीम को 70 हजार एक सौ 11 रुपये का पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि सांसद जोबा माझी समेत अन्य अतिथियों के हाथों टीम और खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। सांसद जोबा माझी ने संबोधित करते हुए कहा पहली बार इस आयोजन में आकर उन्हें खुशी महसूस हो रही हैं। उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य और सुंदर आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। सांसद ने खिलाड़ियों से कहा हार और जीत खेल के दो पहलू हैं, लेकिन खेल के दौरान अनुशासन और बेहतर तालमेल दिखाना जरूरी होता हैं। इससे पहले सांसद जोबा माझी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी सुरेन, पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा आदि ने फाइनल खेलने वाली दोनों टीम के खिलाड़ी और रेफरी से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। मौके पर समाजसेवी अशोक दास, दूसा लागुरी, आसमान सुंडी, मीना तिरिया, मिथुन चाम्पिया, सोनाराम सिंकु, अशोक पान, अभिषेक केराई, नानू गोप, अभिषेक सिरका समेत काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### स्वच्छता ही सेवा विषय पर गीता थिएटर ने किया नुक्कड़ नाटक का मंचन



**जमशेदपुर।** विगत दिन 03 अक्टूबर 2024 को पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के तहत झारखंड राज्य के टाटा स्टील जुबली पार्क, चांडिल डैम और रंकिणी मंदिर झारखंड में स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव मनाया गया। मौके पर झारखंड राज्य की नाट्य संस्था गीता थिएटर के कलाकारों ने स्वच्छता ही सेवा नामक नुक्कड़ नाटकों का भव्य मंचन किया। सैकड़ों दर्शकों ने नुक्कड़ नाटक से स्वच्छता ही सेवा संदेश को ग्रहण किया। नुक्कड़ नाटक में कलाकारो ने कलात्मक ढंग से हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता का कितना महत्व है।

## स्पीड न्यूज


### व्यक्ति नहीं, लोगों के विचार थे पूर्व मुखिया राजेश्वर सिंह : चंद्रवंशी



■ राजेश्वर सिंह का जन्म 13 मार्च 1936 और मृत्यु 14 अप्रैल 1986 को हुई थी

**पांडू, पलामू।** डाला खुर्द में रविवार को न्यू प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में पूर्व मुखिया स्व राजेश्वर सिंह की प्रतिमा का अनावरण समारोह हुआ, जिसकी अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक राजेंद्र सिंह व संचालन प्रद्युम्न सिंह उर्फ सिंटू ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सह पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी थे। वहीं विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य मीना देवी, बीडीओ रणवीर कुमार थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को शॉल, अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। विधायक चंद्रवंशी ने कहा कि स्व राजेश्वर सिंह व्यक्ति नहीं वह लोगों का विचार थे, वह समाज के अंतिम व्यति के मसीहा थे। मौके पर ललन पांडेय, डॉ हीरालाल कश्यप, ब्रजभूषण सिंह, विक्रमादित्य पाण्डेय, चुनमुन दुबे, भाजपा नेता उपेंद्र नारायण सिंह, मुखिया रामकुमार यादव, पंसस रामप्रवेश साव, सिकंदर सिंह भी थे।

### यज्ञ स्थल पर बढ़ने लगी भक्तों की भीड़



**मेदिनीनगर।** निगम क्षेत्र के सिंगरा में श्रीमनलक्ष्मीनारायण महायज्ञ महोत्सव की अंतिम तैयारी जोरों पर है। चातुर्मास व्रत के समापन पर 11 से 17 अक्टूबर तक विशेष हवन, पूजन और देश के बाहरी हिस्सों से आने वाले संत महात्मा कथा प्रवचन करेंगे। वहीं 16 को अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन एवं विद्वत संगोष्ठी होगी। यज्ञशाला में विशेष पूजा को ले 12 को विशाल शोभायात्रा निकलेगी। इधर, प्रतिदिन सायं 5 से 6 बजे तक श्री त्रिदंडी लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा कर रहे हैं। स्वामी जी ने बताया कि कोई भी महिला पुरुष जलयात्रा में शामिल हो सकते हैं। इसके लिए यज्ञ समिति या किसी अन्य व्यक्ति से पूछने की जरूरत नहीं है। श्रद्धालु अपने लिए कलश की व्यवस्था स्वयं करेंगे।

### तलेया बभंडी में दिखेगा भव्य पंडाल



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के तलेया बंभडी में दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह चरम पर है। यहां पूजा समिति आकर्षक और भव्य पंडाल बना रही है। जो काशी विश्वनाथ मंदिर के जैसा होगा। इसकी जानकारी दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष संजीव सिंह ने दी। कहा कि वे पूजा समिति सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर मूर्ति व पंडाल निर्माण को अंतिम रूप दिलाने में जुटे हैं। इसे सफल बनाने में अभय कुमार, सतीश कुमार, फोटी ठाकुर, जितेन्द्र कुमार लगे हैं।

### खेलकूद से होता है शारीरिक विकास



**पांडू पलामू।** प्रखंड के मुसीखाप यज्ञशाला खेल के मैदान में रविवार को पांडू पुलिस ने पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता करायी। जिसकी अध्यक्षता पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ एवं संचालन आशुतोष पांडेय ने किया। इसमें पांडू जिप सदस्य प्रतिनिधि भाई गोबिंद सिंह, पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न सिंह उर्फ सिंटू सिंह, पांडू बीडीओ रणबीर कुमार, मुसीखाप न्यू दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष छोटन शर्मा उपस्थित रहे। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि खेलकूद से शारीरिक विकास होता है। भाई गोबिंद सिंह ने कहा पांडू पुलिस का खेलकूद प्रतियोगिता कराना सराहनीय पहल है। मौके पर पंसस प्रवेश साव, हरशु शर्मा, सुरेंद्र सिंह, डॉ राधेश्याम साहू, रामबेलास सिंह, पंकज पांडेय, चंदन यादव भी उपस्थित थे।

### तीन बच्चों की मां ने की प्रेमी की हत्या

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बीएन कॉलेज के पास तीन बच्चों की मां ने प्रेमी से तंग आकर चाकू से उसका गला काट मार डाला। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर रही है। सदर थाना क्षेत्र की महिला नवरात्र के दौरान अपने मायके बीएन कॉलेज के पास आयी थी, इसी दौरान प्रेमी संजय प्रजापति उसके मायके आकर उसे तंग कर रहा था। इससे आजिज महिला ने गला काट कर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है।

### सेवानिवृत्त चौकीदार को एसडीपीओ और थाना प्रभारी ने दी विदाई



**हुसैनाबाद पलामू।** थाना परिसर में चौकीदार जवाहिर पासवान की सेवानिवृति पर संघ ने भव्य कार्यक्रम कर विदाई सह सम्मान दिया। कार्यक्रम में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो, पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी भी शामिल रहे। वहीं चौकीदार संघ के नेता सैयद मोहमद हुसैन ने माला, अंग वस्त्र, छाता व उपहार देकर सम्मानित किया। एसडीपीओ ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक सरकारी प्रक्रिया है नौकरी में, लेकिन संबंध मानवीय होता है। उन्होंने कहा कि चौकीदार थाना के लिए नही बल्कि पूरी पुलिस के लिए सफलता के सूत्रधार होते हैं। पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल व थाना प्रभारी संजय यादव ने कहा कि चौकीदार गांव के प्रहरी के साथ साथ थाना के प्रहरी भी होते हैं। मौके पर मुंशी पासवान, अमित पासवान, सोनू कुमार, दिलीप पासवान, सुदेश्वर पासवान, मनोज पासवान, अर्जुन पासवान आदि मौजूद थे।

### मौका दें, तो विकास दिखायेंगे : चंचला



**पाटन पलामू।** छतरपुर पाटन विधानसभा की भावी प्रत्याशी चंचला देवी ने पाटन प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र चूड़ा दोहर, टड़वा, भीखही पलवा समेत कई गांवों का दौरा किया। मौके पर चंचला ने ग्रामीणों की समस्या सुनी। ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि आजादी के इतने साल बीत जाने के बावजूद बुनियादी सुविधा से वंचित हैं। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना तो दूर सुदूरवर्ती गांव होने के कारण कोई भी प्रतिनिधि का क्षेत्र में आगमन नहीं हो पता है। एक बार मुझे मौका दें, तो विकास कर के दिखायेंगे।

# पूजा में खुद को सुरक्षित रख कानून का पालन करें : एसपी रीष्मा रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड पंचायत स्तर पर सुरक्षा को लेकर एक विशेष मैप तैयार की है, जिसके तहत सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था है। यदि कोई गलत अफवाह फैलाता है या उपद्रव का प्रयास किया तो उसे कानूनी शिकंजे में कसा जायेगा। इसे लेकर एसपी रीष्मा रमेसन ने जिलेवासियों से मार्मिक अपील की है। कहा कि विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का साथ दें। साथ ही खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरे की सुरक्षा का ख्याल रखें। पूजा में पुलिस आपके साथ है।

### पूजा समिति और पंडाल आयोजकों से अपील

>> पलामू पुलिस ने दुर्गा पूजा में सुरक्षा को लेकर की पूरी तैयारी



जिलेवासियों से की अपील

सभी पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें, पंडाल में धूम्रपान, पटाखे, आतिशबाजी और आगजनी से संबंधित किसी भी प्रकार की सामग्री का प्रयोग सख्त मना हो। सभी नियमों का पालन करें। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था हो, जिससे पूरे परिसर पर निगरानी रखी जा सके। पंडाल में भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात किये जायें, सभी स्वयंसेवक पहचान पत्र पहनें। पंडालों के अंदर और आसपास संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पूजा के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग निर्धारित समय व ध्वनि सीमा के अनुसार ही करें। पंडालों में अलग अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाये जायें। पूजा के बाद सड़क किनारे लगाये गये बांस, बल्ली, झंडा आदि को खोलकर हटा दें ताकि कोई भी व्यक्ति व वाहन उसके चपेट में ना आये। पंडाल में होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान भीड़ की संख्या का ध्यान रखें। यदि भीड़ क्षमता से अधिक हो तो प्रवेश को रोकने के लिए त्वरित कदम उठायें। किसी भी तरह की जानकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष व्हाटसअप नंबर 7070452955 अथवा डायल 112 पर संपर्क करें। पलामू पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

# विधायक ने पांकी और नीलांबर पीतांबरपुर में किया पथ विशेष मरम्मत कार्य का शिलान्यास

■ पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हैं संकल्पित : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर /तरहसी।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना से पांकी प्रखंड के टाटीदीरी से होटवार तक पथ का विशेष मरम्मत कार्य व नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में रामसागर से फुलांग तक पथ का विशेष मरम्मत कार्य का शिलान्यास किया। इसके पूर्व नीलांबर पितांबरपुर में शनिवार को 22 योजनाओं का शिलान्यास किया। डॉ मेहता ने कहा कि नीलांबर पीतांबर प्रखंड के लोग वर्षों से सड़कों और पुलों के लिए लालायित थे।





**खास बातें :** आजादी के बाद से ही इस क्षेत्र में कोई भी विकास नहीं दिखाई दिया था और मूलभूत सुविधाओं के अभाव में लोग वंचित रह गए थे। उन्होंने कहा कि पांकी व नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में पथ का विशेष मरम्मति कार्य का शिलान्यास किया गया है। कहा कि पथ बन जाने से ग्रामीणों की चीर परिचित मांगें पूरी होगी। कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास का पैमाना पथ होता है। कहा कि पथ की मरम्मति हो जाने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित हैं। कहा कि विकास के मामले में पांकी प्रखंड अन्य प्रखंडों से आगे रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरे प्रयासों से अल्प समय में इन सभी को सड़कें और पुल उपलब्ध कराये गये हैं। अगर मेरे प्रस्तावों पर विपक्ष ने साजिशों के जरिए इन कार्यों में अड़चनें न डाली होतीं, तो आज पांकी विधानसभा का हर गाँव, हर टोला और हर कोना विकास के रंग में रंगा होता। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद पांकी विस क्षेत्र के पंचायत गांव व टोलों में सड़क का जाल बिछाया गया है। पुल पुलिया निर्माण हो जाने से लोगों का आवागमन आसान हो गया है। मौके पर जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी कमेश यादव निर्मल मेहता, अधिवक्ता लाला प्रसाद यादव, सरोज चटर्जी, चंदन सिंह, वशिष्ठ सिंह, रौशन सिंह, संतोष वर्मा,सुधीर तिवारी, सुनील कुशवाहा, रंजय ठाकुर, धर्मदेव मेहता, डॉक्टर सुरेंद्र सिंह, कार्तिक सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

विधायक ने नीलांबर पीतांबर प्रखंड में किया दो दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास, बोले

# पांकी में बिछ रहा सड़कों का जाल

■ प्राथमिकता के आधार पर सभी विकास योजनाओं का कायाकल्प होगा : डॉ मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता



योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक व उपस्थित अन्य।

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीलांबर पीतांबर प्रखंड के विभिन्न गांव में जगह-जगह दो दर्जन से अधिक योजनाओं का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। जिसमें सड़क एवं पुल पुलिया के साथ विद्यालय में कक्षा भी शामिल है।

पूरे पांकी विधानसभा में लगभग 84 करोड़ 51 लाख के लागत से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास स्थानीय विधायक द्वारा किया गया। जिसमें नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में 38 करोड़ की लागत से नया सड़क, पुराना सड़क मरम्मत, पुल पुलिया बनेगा।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पूरे विधानसभा में कोई भी ऐसा सड़क नहीं बचेगा जो चलने के लायक ना हो। मेरे कार्यकाल में ऐसे भी सड़क का निर्माण किया जा रहा है जो आजादी के बाद पहली बार निर्माण किया जा रहा है प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध सभी विकास योजनाओं का कायाकल्प होगा। पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व विधायक ठेकेदारी प्रथा को रोकने का नाम नहीं ले रहे हैं। सिलदिलिया कंस्ट्रक्शन के नाम से जगह-जगह टेंडर के माध्यम से रेट गिराकर टेंडर डाल रहे हैं एवं एग्रीमेंट में विलंब कर विकास में रोड़ा बने हुए हैं। सुदूरवर्ती इलाकों से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में प्रखंड मुख्यालय आने में कठिनाई झेलना पड़ता था उसको ध्यान में रखते हुए सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है।

#### ये रहे उपस्थित

मौके पर विधायक जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रखंड प्रतिनिधि निर्मल मेहता, बच्चन ठाकुर, मुखिया मंदीप मेहता, सुधीर तिवारी, अधिवक्ता लाल प्रसाद यादव, चंदन मेहता, दीपक गिरी, संतोष मेहता, संजय वर्मा व दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# राज्य सरकार की उपलब्धियां और केंद्र की नाकामियां लोगों को बतायें : डॉ रामेश्वर

■ कांग्रेस ने लक्ष्य विधानसभा चुनाव 2024 जनसंवाद अभियान के तहत लगाया चौपाल

खबर मन्त्र संवददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** कांग्रेस के लक्ष्य विधानसभा चुनाव 2024 जनसंवाद अभियान के तहत शनिवार देर शाम आठ बजे विश्रामपुर विस क्षेत्र के बी मोड़ चौक पर चौपाल लगाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मानस सिन्हा,पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे,पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी व प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार सहित कई दिग्गज कांग्रेसी नेता शामिल हुए।



जनसंवाद कार्यक्रम में शामिल मंत्री व अन्य।

**खास बातें :** कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र शुक्ला गुड्डू ने किया। संचालन वरीय जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमार चौबे ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने लोगों से सीधा संवाद स्थापित करने का प्रयास किया। जनसंवाद के दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की बातें सुनी। स्थानीय समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कार्यक्रताओं से आह्वान किया कि गांवों में जाकर जानता के दुख दर्द को साझा करें और उनकी समस्याओं को सूचीबद्ध करें, सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाते हुए केंद्र सरकार के दोहरी नीति व नाकामी को उजागर करें। कांग्रेस गठबंधन की सरकार ने राज्य के हर वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजना चला रखी है जिससे प्रदेश का हर परिवार लाभान्वित हो रहा है। मौके पर बिमला कुमारी, ऋषिकेश सिंह, सत्यनारायण सिंह, विजय चौबे, अमृत शुक्ला, सुधीर चंद्रवंशी, जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक, प्रभात दुबे उर्फ बड़ू दुबे, पूर्णिमा पांडेय, सुधीर चौबे, सत्यनारायण तिवारी, रिंकू सिंह, प्रो नंदलाल शुक्ला, सतीश चौबे उर्फ बालजी चौबे, शिक्षाविद रवींद्र चौबे, आलोक चौबे, विजय पासवान, शैलेंद्र चौबे, नागेंद्र नाथ चौबे, जितेंद्र कमलापुरी आदि भी थे।

### दुर्गोत्सव को लेकर रेहला पुलिस का फ्लैग मार्च



**विश्रामपुर (पलामू)।** दुर्गा पूजा महोत्सव में शांति व्यवस्था बरकरार रखने के उद्देश्य से रविवार को रेहला पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। मार्च की शुरुआत रेहला थाना चौक से हुई। नगर भ्रमण कर मार्च लगभग सभी पूजा पंडालों से गुजरा। मार्च में विश्रामपुर के प्रभारी बीडीओ विजय मरांडी, सीओ शंभू राम, थाना प्रभारी संतोष कुमार सहित कई पदाधिकारी शामिल थे। सभी पदाधिकारियों ने आम लोगों से नवरात्र पूजन और दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

### भाजपा नेता पशुपति शर्मा की मां का निधन, शोक

**पाटन पलामू।** भाजपा पाटन मंडल मंत्री पशुपति शर्मा के माता का निधन शुक्रवार की रात हो गया। आकस्मिक निधन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह उनके आवास पर जाकर दाह संस्कार में शामिल हुए। उन्होंने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में भाजपा परिवार पशुपति शर्मा के साथ है। साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि ईश्वरीय शक्ति सभी से बड़ा है जो ईश्वर की कृपा होती है वहीं होता है। मौके पर पाटन मंडल के मंत्री अर्जुन तिवारी, बूथ अध्यक्ष भोला भुइयां, धनंजय पांडेय, अरविंद सिंह, सुनील पांडेय मौजूद थे।

### भाजपा नेता ने की पंचपत्र घोषणा पत्र की सराहना



**सतबरवा।** सतबरवा के निवर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने भाजपा के पंचपत्र घोषणा पत्र की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही प्रथम कैबिनेट की बैठक में गोगो दीदी योजना, 5 लाख युवाओं का रोजगार सृजन, 2 लाख 87 हजार युवाओं की बहाली, महिलाओं को गैस में 500 की छूट और साल में दो सिलेंडर मुफ्त जैसी योजनाओं को क्रियान्वित करेगी।

### जमीनी विवाद में चली गोली, एक गिरफ्तार




**चैनपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के मझिगांवा पंचायत के पूर्णा मझिगांवा गांव में शुक्रवार के सुबह जमीन विवाद में चली गोली मामले में दोनों पक्षों की और से 28 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा ने कार्रवाई करते हुए द्वितीय पक्ष के चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्णा मझिगावां निवासी आशुतोष कुमार को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया गया है। जबकि आशुतोष के लाइसेंसी हथियार डीबीबीएल बंदूक जब्त कर घटनास्थल से तीन खोखा बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम पक्ष रविंद्र चौरसिया के आवेदन के आलोक में 17 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है जबकि दूसरे पक्ष कृष्ण चौरसिया के आवेदन के आलोक में 11 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

## झूठा शिलान्यास कर के जनता को बरगला रहे विधायक : देवेन्द्र सिंह

■ पांकी-मेदिनीनगर पथ का जब मजबूतीकरण काम जारी था, उस समय वर्तमान विधायक लेस्लीगंज में काम रोकवाने के लिए बैठे थे

■ पूर्व विधायक ने उपस्थित भीड़ से पूछा - आप लोग ही बतायें कि कौन है विकास विरोधी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर/तरहसी।** पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह ने पांकी सिंचाई विभाग मैदान में कांग्रेस के कार्यक्रम में कहा कि वर्तमान विधायक शशिभूषण मेहता झूठा शिलान्यास करते फिर रहे हैं। उन्होंने पांकी डाकबंगला पर कर्पूरी भवन का झूठा शिलान्यास कर जनता को गुमराह किया। जबकि यह योजना कहीं से स्वीकृत है ही नहीं, और इसका चेक स्लिप भी निर्गत नहीं हुआ है। पूर्व विधायक ने कहा कि नाई समाज को बरगलाया और धोखा दिया है जिसका खामियाजा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। पूर्व विधायक ने उपस्थित भीड़ से कहा कि आप ही बतायें कि विकास विरोधी कौन है। जब मेदिनीनगर-पांकी का जब पथ मजबूतीकरण हो रहा था तो विधायक लेस्लीगंज में काम रोकवाने के लिए बैठे थे।

## आरएसएस ने मनाया विजयादशमी उत्सव सह शस्त्र पूजन कार्यक्रम

■ शहर में पथ संचलन कर लोगों को दी बधाई, एकजुटता का दिया संदेश

खबर मन्त्र संवाददाता





**हुसैनाबाद पलामू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयादशमी उत्सव सह शस्त्र पूजन किया। साथ ही जपला नगर में पथ संचलन कर विजयादशमी उत्सव की बधाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या मध्य विद्यालय से की गयी, जिसमें सैकड़ों स्वयंसेवकों ने अस्त्र शस्त्र व गणवेश में शहर के विभिन्न मार्गों में पथ संचलन किया। साथ ही हिंदू व सनातन संस्कृति को मजबूत व बुलंद करने का संदेश दिया। शहर भ्रमण के समय प्रक्षित घोष दल ने लोगों अपने वादन से मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं संचलन के दौरान खुले कार पर भारत मां के चित्र को दिव्य रूप से सजाया गया था। इसके बाद सभी स्वयंसेवक शहर के नहर मोड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर पंहुच कर भगवा ध्वज फहराया।

## राजद सुप्रीमो लालू से मिले निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन, पेश की दावेदारी

खबर मन्त्र संवाददाता

■ हुसैनाबाद से दावेदारी पेश की, राजद की जीत का दावा



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद की राजनीति में तीन दशक से सक्रिय हुसैनाबाद नगर पंचायत के निवर्तमान उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से उनके पटना स्थित आवास पर मिले। उन्होंने आगामी विस चुनाव में हुसैनाबाद से अपनी दावेदारी पेश की। कहा कि वह तीन दशक से हुसैनाबाद की राजनीति में सक्रिय हैं। वह शुरू से जनता पार्टी जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल में हैं। उन्होंने गत नगर पंचायत हुसैनाबाद में उपाध्यक्ष का चुनाव राजद के टिकट पर लड़े थे और जीत हासिल किया था। वे विस क्षेत्र की राजनीति में सक्रिय रह जनता की सेवा में लगे हैं। राजद से उन्हें टिकट मिलता है, तो वह हुसैनाबाद सीट उनकी झोली में डालने का वादा करते हैं। वह शुरू से सभी लोगों को साथ लेकर चलते हैं।

### जदयू को छतरपुर सीट मिली, तो चुनाव जीतना मुश्किल : निरंजन

**पाटन पलामू।** एनडीए गठबंधन से जदयू के छतरपुर विस में सीट दिया गया तो चुनाव जीतना मुश्किल हो जायेगा। यह कहना है कि भाजपा नेता निरंजन पासवान का। कहा कि एनडीए गठबंधन से जदयू की सुधा चौधरी को टिकट दिया गया तो भाजपा कार्यकर्ता समर्थन नहीं देंगे। 2009 में जदयू प्रत्याशी सुधा चौधरी को भाजपा कार्यकर्ता ने समर्थन देकर जिताया था। चुनाव के समय सुधा भाजपा कार्यकर्ता के साथ बैठ वादा करने के बाद अपने वादे से मुकर गयी थीं।

## लेस्लीगंज में ढोल नगाड़ों के साथ निकाला गया फ्लैग मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** शांतिपूर्ण तरीके से दुगार्पूजा मनाने को लेकर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में रविवार की शाम ढोल नगाड़ा बजाकर फ्लैग मार्च निकाला गया। अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह एवं लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस का पैदल मार्च लेस्लीगंज थाना से पुराना बाजार, कोट, पथरही, श्रीरामपुर, ढेला चौक होते हुए कई घंटे तक क्षेत्र के विभिन्न गली व मोहल्लों का भ्रमण करने के बाद फ्लैग मार्च लेस्लीगंज थाना परिसर में आकर समाप्त हुआ। मौके पर अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने लोगों से दुगार्पूजा में शांति का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

# बीडीओ के नेतृत्व में पड़वा पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, शांति की अपील

■ बीडीओ अमित झा ने लोगों से की आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा मनाने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**पड़वा पलामू।** दुर्गा पूजा व दशहरा शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मने इसे लेकर पड़वा पुलिस पुरी तरह से सजग व संवेदनशील है। पड़वा के प्रभारी बीडीओ सह सीओ अमित झा के नेतृत्व में पड़वा पुलिस ने पड़वा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान विभिन्न पूजा पंडालों में जाकर बीडीओ ने पूजा कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।





दशहरा को लेकर आयोजित फ्लैग मार्च में शामिल बीडीओ व अन्य।

**प्रमुख बातें :** बीडीओ अमित झा ने लोगों से आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील करते हुए कहा कि पूजा और विसर्जन के दौरान ऐसा कोई काम न करें जिससे किसी की भावनाओं को आहत पहुंचे। चाहे कोई भी पर्व हो सभी पर्व लोगों को आपस में मिल जुल कर रहने का संदेश देता हैं इसलिए हम सभी लोगों को पर्व के असली मर्म को समझते हुए आपसी एकता व भाईचारगी के साथ पर्व मनाना चाहिए। बीडीओ अमित झा ने सभी पूजा समिति के सदस्यों को साफ सफाई के साथ साथ श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इस पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया है। थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने पूजा कमिटी के सदस्यों को कहा है कि पूजा के दौरान कोई भी सदस्य द्वारा नशा करने की सूचना मिलने पर पूजा कमिटी पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही सभी पूजा पंडालों में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था करने, पूजा और विसर्जन के दौरान अश्लील या भड़काऊ गीत नहीं बजाने का निर्देश दिया है। सरकार के गाइड लाइन के विरुद्ध काम करने वाले पूजा समिति पर कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# दुर्गा पूजा पंडालों में लगायें सीसीटीवी कैमरा शांति के साथ मनायें पर्व : उत्तम कुमार राय

■ सदर थाना प्रभारी ने पूजा समितियों और क्षेत्रवासियों से की शांति की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने दुर्गा पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने के लिए पूजा समितियों व क्षेत्रवासियों से भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने पूजा समितियों से कहा कि दुर्गा पूजा पंडालों में सीसीटीवी का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि पूजा पंडालों में अश्लील गाना न बजायें धार्मिक गाने बजायें।

साउंड सिस्टम निर्धारित आवाज में ही प्रयोग करें। वहीं सदर थाना के क्षेत्रवासियों से शांतिपूर्वक पर्व मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों में न पड़ें। किसी तरह की सूचना पुलिस को दें ताकि तत्काल कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि पूजा समिति सरकार के गाइड लाइन का पालन हर हाल में करेंगे। पूजा पंडालों के पास महिला व पुरुष का अलग अलग गेट प्रवेश व निकासी का बनायें ताकि वहां अधिक भीड़ न हो सके। साथ ही वोलेंटियर की भी तैनानी करें।



उत्तम कुमार राय, थाना प्रभारी।

#### नशा से बचें

उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान लोग नशा के सेवन से बचें। सदर क्षेत्र में शराब की बिक्री पर भी पाबंदी लगायी गयी है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान शराब बिक्री करनेवालों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस लगातार गश्त करती रहेगी। लोग शांति से पूजा कर पर्व मनायें पुलिस आपके साथ है। उन्होंने पूजा समितियों से तय समय के अनुसार मूर्ति विसर्जन करने को कहा है।

### डालसा ने विधिक जागरूकता व विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का किया आयोजन

# शिविर का उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाना : न्यायाधीश





लाभुकों के बीच योजनाओं का लाभ देते न्यायाधीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को जिले के सभी दस प्रखंडो मे विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर सह विधिक जागरूकता मेला का आयोजन किया। कार्यक्रम नालसा, दिल्ली व झालसा, रांची के निर्देशानुसार प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष, संजय कुमार चन्द्धरियावी के नेतृत्व में आयोजित हुई। विभिन्न प्रखंडो मे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकार द्वारा मिलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने पर जोर दिया। इसके साथ ही प्राधिकार के तहत मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवा का विस्तार से जानकारी देकर लोगों को इस

इस दौरान दुमका, मसलिया, रानेश्वर, सरैयाहाट, जरमुंडी, जामा, शिकारिपाड़ा, काठीकुंड, गोपीकांदर आदि सभी विभिन्न प्रखंडो मे करोड़ों रुपए की परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया। इधर दुमका प्रखंड मे जिला जज-पंचम, शत्रुंजय कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस दौरान न्यायाधीश द्वारा लाभुकों के बीच परिसम्पति एवं अन्य योजनाओं के लाभ का प्रमाणपत्र वितरण किया गया।

प्रखंड द्वारा स्वीकृति मे से मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेशंन, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन, मुख्यमंत्री विधवा सम्मान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आबुवा आवास योजना, मईया सम्मान योजना, छात्रवृति सहित अन्य योजना का लाभ दिया गया। इस मौके पर न्यायधीश शत्रुंजय कुमार सिंह ने कहा कि आज के समाज मे महिलाओ की भागीदारी जरुरी है इसके लिए महिलाओ को आगे आने की जरुरत है। उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण योजनाए चलाती है। इसका लाभ उठाने पर जोर दिया। न्यायाधीश ने शिक्षा, रोजगार पर बल देते हुये कहा कि आज के दौर मे शिक्षा का होना जरुरी है। इसके लिये जागरूक होने की आवश्यकता है।

उन्होंने डालसा द्वारा मिलने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताते हुये लाभ उठाने की अपील की। दुमका प्रखंड में इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, उमेश मंडल, चीफ एलएडीसी, सिकंदर मंडल सीओ सहित पीएलवी, कैलाश रामदास, बबलू मुर्मू, रोहित राय, रामसेवक साह, नितिन कुमार एवं संजय कुमार पांडे के साथ जेएसपीएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे। वहीं जामा प्रखंड मे जिला जज प्रथम, रमेश चंद्र, शिकारीपाड़ा प्रखंड में जिला जज चतुर्थ, धर्मेंद्र कुमार सिंह, जरमुंडी प्रखंड में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनूप तिर्की, मसलिया प्रखंड में डालसा सचिव उत्तम सागर राणा, सरैयाहाट प्रखंड में वॉटर भेंगरा सीनियर सिविल जज, रामगढ़ प्रखंड में मो जावेद खान न्यायिक दंडाधिकारी, रानेश्वर प्रखंड में मोहित चौधरी अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी, गोपीकंदर प्रखंड में आदित्य न्यायिक दंडाधिकारी तथा काठीकुंड प्रखंड में नेहा झा न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका शामिल हुये। आयोजित कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक एवं अंचल, स्वास्थ्य और बाल विकास परियोजना, कार्यालय के कर्मी सहित जे एस पी एल के काफी संख्या मे महिलाए एवं लाभुक उपस्थित थे।

## एक नजर में

## एसडीओ कोर्ट के नये परिसर में जगह देने की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने बोकारो उपायुक्त से चास के अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायलय के नए परिसर में अधिवक्ताओं को बैठने की पूर्व की तरह व्यवस्था करने की मांग की है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि चास के अनुमंडल मुख्यालय के नए परिसर का उदघाटन के बाद से अधिवक्ताओं को बैठने की व्यवस्था नही किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी से अधिवक्ताओं ने बैठने की जगह की मांग की थी उनके द्वारा टाल मटोल किया जा रहा है। जिसके विरोध में बोकारो के अधिवक्तागण तीन दिनों से अनुमंडल न्यायलय का बहिष्कार कर रहे है। जिसके कारण अनुमंडल न्यायलय में कोई न्यायिक कार्य नहीं हो रहा है। श्री गिरि ने बोकारो के उपायुक्त से इस संबध में हस्तक्षेप कर मामला को सुलझाने की अपील की है। अधिवक्तागण अनुमंडल न्यायलय परिसर में विरोध करेंगे। विरोध करने वालों में अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा रंजन कुमार मिश्रा अतुल कुमार फटीक चंद्र सिंह संजय कुमार प्रसाद चंडी चरण महतो परीक्षित कुमार यादव सुखदेव पांडेय सुरेश चंद्र महतो अनंत कुमार पांडेय प्रकाश कमल महतो कामदेव महतो मो हसनैन आलम संजीत महतो संदीप सिंह दीपिका सिंह वंशिका सहाय संजीत कुमार सिंह अशोक महथा राणा प्रताप शर्मा रीना कुमारी शंकर दे अशोक यादव निखिल कुमार दे सुभाष चंद्र नायक इत्यादि शामिल है।

## दुर्गा पूजा पर शांति सुरक्षा व्यवस्था हर हाल में कायम रखने का दिया आवश्यक निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सारे दुर्गा पंडालों का निरीक्षण कर नगर थाना प्रभारी दिनेश मोहली ने दिए कई आवश्यक दिशा निर्देश। कुरमन, भटडीहा गोढ़ी, राउतारा, बड़ी दुर्गा मंदिर सहित सभी पूजा समितियों के सदस्यों को सुरक्षा से सम्बंधित कई निर्देश दिए गये जिसमें सीसी टीवी कैमरा लगाना,दो पहिया वाहनों के लिये स्टैंड बनाना, समिति के सदस्यों की ड्यूटी सुरक्षा हेतु लगाना आदि।

नगर थाना की ओर से टाइगर मोबाइल और स्थाई जवानों की ड्यूटी लगाई जा रही है। मोटर साईकिल स्टैंड के निकट स्वयंसेवको को लगाकर निगरानी रखना आदि शामिल हैं महिला पुलिस की तैनाती भी की जा रही है। महिला थाना प्रभारी गुलाब किसपोटा भी उनके साथ थी।

## सतर्कता आयुक्त सह सेल के सीवीओ ने किया बोकारो स्टील प्लांट का दौरा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** भारत सरकार के केन्द्रीय सतर्कता आयोग के सतर्कता आयुक्त एएस राजीव एवं सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी एसएन गुप्ता के बोकारो आगमन पर बोकारो निवास में सीआईएसएफ के जवानों द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ हॉनर प्रदान किया गया। अपने बोकारो दौरे के क्रम में सतर्कता आयुक्त ने सर्वप्रथम बोकारो स्टील प्लांट के इस्पात भवन स्थित मॉडल कक्ष में प्लांट के ले आउट और उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री गुप्ता बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अधिशासी निदेशक, बीएसएल के एसीवीओ ज्ञानेश झा एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके उपरान्त सतर्कता आयुक्त एवं सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने बोकारो स्टील प्लांट के कोक ओवन ब्लास्ट फर्नेस एसएमएस-2 सीसीएस हॉट स्ट्रिप मिल और कोल्ड रोलिंग मिल-3 जैसे कुछ प्रमुख शॉप्स का भ्रमण किया और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली। बोकारो से प्रस्थान करने से पूर्व सतर्कता आयुक्त ने बोकारो निवास में बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री गुप्ता ने भी बोकारो से प्रस्थान करने से पूर्व अलग से आयोजित एक बैठक में बीएसएल और एसआरयू के सतर्कता विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की।

## ढोरी ग्राउंड के नाम पर रैयतों की जमीन पर कब्जा करना बंद करे: कमलेश महतो

**बेरमो /फुसरो।** ढोरी बस्ती गणेश मन्दिर वार्ड संख्या 18 में खतियानधारी विस्थापित रैयत की बैठक ढोरी ग्राउंड को स्टेडियम बनाने के विरोध में हुई। जिसमें ढोरी मौजा के खतियानधारी शामिल हुए। बैठक में ढोरी ग्राउंड को स्टेडियम बनाने पर बेरमो विधायक और सीसीएल प्रबंधन का जमकर विरोध किया गया। खतियानधारी कमलेश महतो व मोहन महतो ने कहा कि जिस जमीन पर बेरमो विधायक डीएमएफटी फंड से बिना रैयतों का एनओसी लिए लगभग 10 करोड़ का शिलान्यास करना यह दशार्ता है कि आज रैयतो की जमीन योजना के नाम पर लूटी जा रही है. कहा कि इससे पूर्व में बेरमो सीओ को आवदेन देकर जबतक ग्राउंड के जमीन का मापी नहीं हो जाता है, तबतक रोक लगाने की बात कही गई थी और सीसीएल को भी इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। अगर बिना रैयतों की अनुमति के संवेदक ग्राउंड का काम करती है तो खतियानधारी विस्थापित रैयत आन्दोलन को मजबूर होगा और अगर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो सारा जवाबदेही बेरमो सीओ की होगी। बैठक में मुख्य रूप से मिथलेश महतो, घनश्याम महतो, महादेव महतो, महरू महतो, जगदीश महतो, लालमोहन महतो, विकाश कुमार महतो, प्रीतम महतो, जागेश्वर महतो, धर्मेंद्र महतो, जुगल महतो, पिंटू महतो, प्रमोद महतो, चितरंजन महतो, टेकलाल महतो, संभू महतो, अघुनु महतो, सोनू कुमार, किशोर महतो, अमृत महतो, महेंद्र महतो, अश्विनी महतो, साइकिल महतो, उर्मिला देवी, लालू महतो आदि रैयत उपस्थित थे।

## नैतिकता व शासन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर दामोदर घाटी निगम की ओर से मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के तहत डीवीसी सीटीपीएस के प्रशिक्षण संस्थान के हॉल में नैतिकता और शासन विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीवीसी के चंद्रपुरा बोकारो थर्मल कोडरमा बीपीएससीएल आदि इकाइयों के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए सीजीएम व प्रोजेक्ट हेड मनोज कुमार ठाकुर ने कहा कि अधिकारियों को अपने पावर का इस्तेमाल लोकहित और संस्था हित में करना चाहिए। किसी भी योजना का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिलना चाहिए। यही हमारा नैतिक धर्म है और सही शासन का इस्तेमाल है। वरिष्ठ जीएम एचआर डीसी पांडेय ने उक्त विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला और उपस्थित अधिकारियों को बिंदुवार प्रशिक्षित किया। समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिक) सतर्कता विभाग अभिषेक घोष ने किया। मौके पर ललन प्रसाद गुप्ता, राजकुमार चौधरी, राजीव रंजन, संजीव कुमार तपन कुमार विक्रम सिंह राकेश मीणा मोहम्मद इम्तियाज अभिषेक घोष जितेंद्र कुमार श्वेता रानी मुकेश कुमार अभिनव कुमार मनीष कुमार अखिलेन्दु सिंह उज्जवल विश्वास करीना वास्के अक्षय कुमार तरुणेश्वर प्रसाद भावेश के क्षत्री सौयं कुमार दलाई कंचन अस्मिता टोप्पो रंजीत कुमार चौबे मनीष कुमार उमेश सौरभ सोन सुप्रिया गुहा सुमन कुमार आदि मौजूद रहे।

## कर्ण गोष्ठी महिला समूह की सुंदरी प्रतियोगिता में रुपम रंजन बनी विजेता




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** कर्ण गोष्ठी महिला समूह के बोकारो क्लब में आयोजित 5वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान संपन्न सुंदरी प्रतियोगिता में सर्वगुणी रुपम रंजन ने विजेता का खिताब जीता। उन्हें ताज पहनाकर बोकारो समूह की अध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण ने सम्मानित किया। इस अवसर पर डाली सजावट और मेहंदी प्रतियोगिता की विजेताओं को भी विभिन्न गिफ्ट दिए गए जिससे सभी उपस्थित बहनें खुशी से झूम उठीं। बोकारो समूह के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए 14 सम्मान पत्र प्रदान किए गए जिनमें श्रेष्ठ जागरूक सदस्या कर्मशील अनुशासनप्रिय संजीवनी और कर्ण गोष्ठी महिला सम्मान शामिल हैं। कई सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए टाइटल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में 10वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों को प्रशस्ति पत्र तथा कई प्रकार की किताबें प्रदान की गईं। बुजुर्ग दीदियों को शॉल और गुलदस्ता भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया। कार्यक्रम में बोकारो समूह की अध्यक्षा पुष्पा रानी कर्ण के अलावा नीलम दत्त रूपम रंजन माधुरी दास बिंदु लाल किरण निधि सविता दासवीणा कंठ विमला मल्लिक नूतन बाला डॉ स्वर्णलता दास मंजु दास अंजना लाभ पुनम कर्ण किशोरी दास आसा कर्ण प्रिया कर्ण आंचल कर्ण नीतू दास सुनयना कुमारी राखी और प्रेमलता चौधरी समेत अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## शारीरिक दक्षता परीक्षा में 174 अभ्यर्थी हुए सफल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** जिलान्तर्गत चौकीदार संवर्ग के कुल 159 पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु सेक्टर 12 स्थित जैप 04 मैदान में आयोजित शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन हुई। अभ्यर्थियों की क्रमवार प्रतिनियुक्त टीम द्वारा ऊंचाई जांच एवं दौड़ जांच की गई। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 564 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था जिसमें 536 अभ्यर्थी उपस्थित रहे जबकि 28 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में दौड़ में कुल 174 अभ्यर्थी सफल रहे। इनमें 34 महिला अभ्यर्थी एवं शेष पुरुष अभ्यर्थी शामिल रहे। मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी। कहा कि सफल अभ्यर्थियों की चिकित्सा जाँच के लिए चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा को सफल एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु डीडीसी गिरिजा शंकर प्रसाद एसी मो मुमताज अंसारी सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खलखो बेरमो एसडीओ मुकेश मधुआ सिटी डीएसपी आलोक रंजन ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार नोडल पदाधिकारी पंकज दुबे आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## दो गुटों की झड़प में एक गुट के तीन लोग घायल

**बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के ढोरी ग्राउंड के समीप शनिवार की देर शाम को दो गुटों की झड़प में एक गुट के तीन लोग घायल हो गया. जिसमें नोनिया पटटी के सोहर नोनिया के 45 वर्षीय पुत्र सीसीएल कर्मी शंकर दयाल, स्व राम स्वरूप नोनिया के 42 वर्षीय पुत्र सीएमपीडीआई के रामराज नोनिया एवं कृष्ण नोनिया के 40 वर्षीय पुत्र विजय नोनिया शामिल है। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय पूर्व वार्ड पार्षद पति गुडन नोनिया ने उपचार के लिए केंद्रीय अस्पताल ढोरी पहुंचाया. जहां चिकित्सक ड़ॉ रुखसाना तबसु ने प्राथमिक उपचार किया।

# केंद्रीय कोयला मंत्री सतीश चंद्र दुबे बेरमो कोयलांचल क्षेत्र का किया दौरा

**खबर मन्त्र संवाददात**

**बेरमो /करगली।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण को देखते हुए कारो कोल हैंडलिंग प्लांट के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही खासमहल परियोजना में कोनार कोल हैंडलिंग प्लांट का भी शिलान्यास किया। कारो परियोजना में 410 करोड रुपए की लागत से निर्माण होगा तथा खास महल परियोजना में 322 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण होगा। इसके पूर्व खासमहल में इस प्लांट की वार्षिक कोयले की प्रेषण क्षमता 7 मिलियन टन, भंडारण बंकर का क्षमता 15000 टन होगा। कन्वेयर बेल्ट की कुल लंबाई 1 किलोमीटर, कोयला साइलो बंकर क्षमता 4000 टन, आरएलएस क्षमता 4500 से 7500 टन प्रति घंटा होगा। इसके निर्माण से बंद-लूप, पूरी तरह से मशीनीकृत प्रणाली से होगा। जो वर्तमान में कोयले का सड़क द्वारा परिवहन को समाप्त करेगी। इससे रेल वैगन में केंद्रीकृत लोडिंग प्रणाली, अंदरलोडिंग एवं ओवरलोडिंग का उन्मूलन होगा। रैक लोडिंग समय 5 घंटे से घटकर 1 घंटे होगा तथा प्रेषण में वृद्धि होगा।इससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आयेगी। इस अवसर पर मंत्री श्री दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे की ओर बढ़ रहा है।



नरेंद्र मोदी की सरकार में जिस योजना का शिलान्यास होता है वह योजना लंबित ना होकर उसका उद्घाटन भी होता है। कोल इंडिया अधिकारियों की कुशल मार्गदर्शन दिया और पूरी टीम तन मन से योगदान देकर अपना देने का काम किया है। इसके लिए सीसीएल परिवार को बहुत-बहुत बधाई है। कहा कि इसके बन जाने से देश को राजस्व की जो क्षति होती थी उससे भी फायदा मिलेगा। प्रदूषण में हम काफी कंट्रोल करने में कामयाब रहेंगे। इस योजना काफी महत्वपूर्ण है। छोटा अमाउंट है तो क्या है, लेकिन योजना बहुत महत्वपूर्ण है। अब यहां से हम एक नई ऊंचाई को छूने वाले हैं। इस योजना से चौतरफा विकास होगा। लोगों की आमदनी बढ़ेगी नए रोजगार के ढेर सारे माध्यम खुलेंगे और क्षेत्र एवं झारखंड का उत्थान होगा। प्रधानमंत्री जी देश के सबसे कमजोर वर्ग को उन्नत कैसे बनाया जाए उसका भी जीवन शैली कैसे बढे। मोदी जी 10 साल के अंदर 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से बाहर करने का प्रयास किया है। विश्व के पटल पर भारत का जो सम्मान दिन प्रतिदिन जो बढ़ रहा है इसमें और आप सब लोगों की सहयोग अपेक्षित है। नारी शक्ति को हम मजबूत नहीं करेंगे तो फिर भारत का विकास की कल्पना अधूरा रह जाएगा। आज उसी का नतीजा भी है कि 3 करोड़ नारी शक्ति को लखपति दीदी बनाने का जो उन्होंने योजना चलाया है, यह अपने आप में बेमिसाल है। कहा कि झारखंड की बटवारा विकास के मुद्दा पर हुआ था। बड़ा प्रदेश था और जब भी विकास होगा बड़ा भाई हो या छोटा भाई का विकास होता है, तो खुशी मिलता है। झारखंड विकसित हो इससे बिहार की सम्मान बढ़ेगा। क्योंकि बिहार हमेशा बड़ा भाई के रोल में आपके साथ खड़ा है। आपके यहां ईश्वर का दिया हुआ महत्वपूर्ण खनिज का भंडार प्राप्त है। इससे प्रदेश का विकास कोई रोक नहीं सकता है। जिससे लोकसभा, विधानसभा और जिला विकसित होगा और रोजगार बढ़ेगा। प्लांट (सीएचपी)12 मिलियन टन क्षमता की है। कोनार परियोजना मे सीएचपी की क्षमता 5 मिलियन टन और कारो परियोजना बनने वाले सीएचपी की क्षमता 7 मिलियन टन होगी। पर्यावरण को प्रदूषण से बचाते हुए कोयला खनन एवं ट्रांसपोर्टिंग करने के उद्देश्य के साथ अत्याधुनिक काल हैंडलिंग प्लांट का निर्माण कराया जाना है। सीएमडी ने कहा कि सीसीएल के नीकेंदु कुमार सिंह ने कहा कि प्लांट निर्माण होने से खदान से निकलकर कोयला प्लांट तक आएगी और यहां से सीधे रेलवे साइडिंग पहुंचेगा। जहां रैक के माध्यम से मालगाड़ी में कोयला लोडकर डिस्पैच हो जायेगा। सीएचपी निर्माण होने से एरिया का कोल डिस्पैच बढ़ेगा। इससे रोड ट्रांसपोर्टिंग में कारण होने वाला प्रदूषण पर विराम लगेगा। ट्रैक में ओवरलोडिंग और अंडरलोडिंग इस समय समाप्त हो जाएगा। साथ ही कोयले का डिस्पैच में भी बढ़ोतरी होगी। मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, निदेशक तकनीक योजना एवं परियोजना सतीश कुमार झा, निर्देशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा, बीएंडके जीएम के रामाकृष्णा सहित चेयरमैन राकेश कुमार सिंह सहित यूनियन नेता लखन लाल महतो, देवतानंद दूबे, कैलाश ठाकुर, ओम प्रकाश सिंह, अभाष चंद्र गागुली, शक्ति मंडल, अनिल सिंह, दिनेश पांडेय, प्रताप सिंह, संतोष ओझा, अभासचंद्र गांगुली सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने एक हजार करोड़ से क्षेत्र का विकास किया है : सुबोधकांत

**बेरमो।** फुसरो स्थित अवध बैंक्वेट हॉल मे बेरमो विधानसभा स्तरीय कांग्रेस जनसंवाद अभियान मे बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने इस दौरान कहा कि झारखंड में जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा हो जाएगी। सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारी को तेज कर दिया है। कांग्रेस पार्टी विधानसभा में बेहतर प्रत्याशी उतारने को लेकर जनसंवाद लक्ष्य कार्यक्रम कर आपसी एकता को मजबूत करने का प्रयास कर रही है। एक एक विधानसभा से कई कांग्रेस नेता दावेदारी कर रहे हैं. यही दावेदारी कांग्रेस के लिये परेशानी का कारण भी बन रही है। ₹इस बार कांग्रेस कार्यकताओं में पूरा जोश है, जहां भी लड़ेंगे, जीतेंगे।₹ बेरमो विधान से कुमार जयमंगल सिंह काफी मतो से चुनाव लडेगे। भाजपा की गोगो दीदी योजना पर भी तंज कसा।उन्होने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर आग उगली। उन्होंने कहा कि झारखंड में डेढ़ दशक से ज्यादा सत्तासीन रहने के दौरान भाजपा ने इस राज्य को खोखला कर दिया। झारखंड के जल, जंगल और जमीन को पूंजीपतियों के हवाले कर यहां के संसाधनों को लूटने का काम किया। हमारी महागठबंधन की सरकार ने राज्य की बेटियों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मंईयां सम्मान योजना लाया।

खबर मन्त्र
रांची. सोमवार . 07 अक्टूबर 2024

# अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

## रिकार्ड विदेशी मुद्रा आया

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पहली बार 700 अरब डॉलर को पार कर गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई ) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार 27 सितंबर को समाप्त हफ्ते के दौरान 12.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 704.89 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2024 में अब तक 87.6 अरब डॉलर बढ़ चुका है. यह आंकड़ा पिछले वर्ष (2023) की कुल वृद्धि 62 अरब डॉलर के आंकड़े को सितंबर महीने में ही पार कर चुका है। चीन, जापान और स्विट्जरलैंड के बाद भारत 700 अरब डॉलर के भंडार को पार करने वाली विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। देश 2013 से अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने पर जो दे रहा है। यह चलन तब शुरू हुआ था, जब कमजोर वृहद आर्थिक परिदृश्य के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालना शुरू कर दिया था। इससे पहले, 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 2.8 बिलियन डॉलर बढ़कर 692.3 बिलियन डॉलर हो गया था। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 10.4 अरब डॉलर बढ़कर 616 बिलियन डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त, एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में वृद्धि या कमजोरी का प्रभाव शामिल रहता है। सोने के भंडार में दो अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई और यह 65.7 अरब डॉलर हो गया। उक्त सप्ताह के दौरान एसडीआर (विशेष आहरण अधिकार) में आठ मिलियन डॉलर की मामूली वृद्धि देखी गई और यह 18.547 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान आईएमएफ में रिजर्व की स्थिति 71 मिलियन डॉलर घटकर 4.3 अरब डॉलर रह गई।




**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

### कार्टून वर्ल्ड




## सरायकेला विधानसभा से चंपई सोरेन को चुनौती देना कठिन है

सरायकेला विधानसभा को कुल पांच भागों में बांट सकते हैं1. सरायकेला- 07 पंचायत 2. गम्हरिया- . राजनगर- पूरा

4. आदित्यपुर नगर निगम 5. सरायकेला नगर पंचायत।

जब हम सरायकेला पहुंचे तो स्थानीय पत्रकारों ने बताया कि सरायकेला विधानसभा की जमीनी हकीकत समझनी है तो राजनगर जाइए। वहां जितना घूम सकते हैं घूमिए, क्योंकि सरायकेला की चुनावी हवा राजनगर प्रखण्ड से ही तय होती है। आदित्यपुर नगर निगम तो शहरी क्षेत्र है, वहां हमेशा भाजपा को थोक में वोट मिलता है।

सरायकेला के बारे में एक दिलचस्प आंकड़ा मिला...

2024 के लोकसभा चुनाव में सरायकेला से भाजपा को 20,000 वोटों से लीड मिली। 2019 के लोकसभा चुनावों में करीब 60 से 65 हजार की लीड भाजपा को थी और 2014 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की लीड करीब 80 हजार थी। लेकिन हर लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव हुए और यहां विधायक झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के चंपई सोरेन बने।

इसका मतलब कि चंपई सोरेन का अपना वोट बैंक है। जो विधानसभा में तो चंपई सोरेन को वोट करता है, लेकिन लोकसभा चुनावों में भाजपा की ओर शिफ्ट हो जाता है।

अब आते हैं 2024 के विधानसभा चुनावी की जमीनी हकीकत पर। भाजपा की ओर से चंपई सोरेन चुनाव लड़ेंगे, ये लगभग तय है। उन्होने तो विधानसभा में जगह-जगह दौरे शुरू कर दिए हैं। चंपी सोरेन के लोग गांव-गांव बैठकें कर रहे हैं।

दूसरी ओर अगर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की बात करें तो चंपई सोरेन के पाला बदलने के बाद दो लोगों की चर्चा झामुमो के टिकट के लिए हैं।

1. कृष्णा बास्के

कृष्णा बास्के झामुमो के पुराने कार्यकर्ता हैं। जिला परिषद चुनाव लड़े पर हार गए। अगर रमेश हांसदा भाजपा से पाला बदलकर झामुमो में शामिल नहीं हुए तब कृष्णा बास्के को टिकट मिल सकता है। पर क्या वे चंपई सोरेन जैसे दिग्गज को चुनाव हरा सकेंगे, इसका जवाब लगभग 80 प्रतिशत लोगों ने ना में दिया। संसाधन के मामले में भी ये चंपई सोरेन या उनके बेटे के सामने नहीं टिक पायेंगे।

2. रमेश हांसदा

रमेश हांसदा फिलहाल भाजपा में हैं। गणेश महली के अलावा वे भी भाजपा से टिकट के दावेदार थे। लेकिन चंपई सोरेन के पाला बदलने के बाद इनके भाजपा से चुनाव लड़ने के अरमानों पर पानी फिर गया। सरायकेला विधानसभा क्षेत्र में चर्चा है कि रमेस हांसदा पाला बदलकर झामुमो की ओर जा सकते हैं। अगर झामुमो ने इन्हे टिकट दिया तो मुकाबला नजदीकी हो सकता है। राजनीति के एक जानकार जो झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं, उन्होने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हेमंत सोरेन से बात भी हो चुकी है, जल्द ही रमेस हांसदा झामुमो में शामिल हो जाएंगे।





**- पंकज प्रसून**

> सरायकेला चौक पर हमने कुछ दुकानदारों से बात की। एक जगह चार-पांच लोग इकट्ठे थे। उन्होने बताया कि चंपई सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में अच्छा काम कर रहे थे। एक-दो महीने के लिए उन्हें नहीं हटाना चाहिए था। लेकिन फिर चंपई सोरेन ने पाला बदला तो मुसलमानों और आदिवासी समाज में तीखा रिएक्शन हुआ। अभी मामला 50-50 का है।

सरायकेला चौक पर हमने कुछ दुकानदारों से बात की। एक जगह चार-पांच लोग इकट्ठे थे। उन्होने बताया कि चंपई सोरेन मुख्यमंत्री के रूप में अच्छा काम कर रहे थे। एक-दो महीने के लिए उन्हें नहीं हटाना चाहिए था। लेकिन फिर चंपई सोरेन ने पाला बदला तो मुसलमानों और आदिवासी समाज में तीखा रिएक्शन हुआ। अभी मामला 50-50 का है।

सरायकेला बाजार से हम राजनगर की ओर रवाना हुए। रास्ते में हमें सरंगपोशी गांव मिला। ये गांव संथाल आदिवासी बहुल गांव है। गांव में सड़क के ही किनारे घुनू मार्डी, सलखो मार्डी, लक्ष्मण हांसदा सहित 7-8 नौजवान आपस में बातें कर रहे थे।

हमने पूछा कि क्या चंपई सोरेन के पार्टी बदलने का असर पड़ेगा ?

इसके जवाब में नौजवानों ने बताया कि निश्चित तौर पर असर पड़ेगा। लेकिन फिर धीरे-धीरे गुस्सा कम हो रहा है। चंपई सोरेन के लोग रात में गांव-गांव घूमकर मीटिंग कर रहे हैं। चंपई के पुराने अपने लोग धीरे-धीरे उनके पास वापस लौटने लगे हैं।

फिर हमने पूछा कि अभी क्या लग रहा है, आपके और आसपास के आदिवासी गांवों में किस ओर हवा है?

नौजवानों का कहना था कि अभी हवा 50-50 है। आदिवासी समाज का आधा वोट चंपई सोरेन की ओर जाएगा, लेकिन बहुत कुछ झामुमो कैंडिडेट के ऊपर निर्भर करेगा।

सरंगपोशी गांव में कृष्णा बास्के के समर्थक हैं। लेकिन देखिए, अगर भाजपा वाले रमेश हांसदा को टिकट मिलता है तो गांव के लोग क्या फैसला करते हैं।

आदिवासी ईलाकों में प्रमुख मुद्दे क्या हैं। इसके जवाब में लोगों ने हमें ये बताया

1. कैनाल बना है, पर उसमें पानी नहीं आता

2. राजनगर सड़क एक महीना पहले ही बना है, लेकिन अभी से जगह-जगह टूटना शुरू हो गया है।

3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोई नहीं आता

इन युवकों से विदा लेने के बाद हम राजनगर बाजार की ओर बढ़े। तिलका मांझी चौक से हमने जानबूझकर बायां लिया, जबकि बाजार दाहिनी ओर है। हम बाजार नहीं, गांवों की हवा जानना चाहते थे।

हम पहुंचे मुड़ियापाड़ा गांव। ये भी आदिवासी गांव है। जबकि ठीक बगल में कृष्णापुर गांव जनरल कास्ट का है, मतलब ओबीसी और सवर्णों का गांव।

मुड़ियापाड़ा और कृष्णापुर के बीचोंबीच सुरेश दास जी की दुकान है। दोनों गांव के लोग वहां राशन खरीदने आते हैं। वहां कुछ आदिवासी लोग भी थे और गैर आदिवासी भी। शुरूआत में तो लोग राजनीति पर बात करने में झिझके , पर जब बोलने लगे तो खुलते चले गए।

बात शुरू हुई नेट बंद करने को लेकर। एक गैर-आदिवासी नौजवान का कहना था कि क्या सड़क पर एक्सिडेंट होगा तो सड़क बंद करवा देंगे ? एक आदिवासी नौजवान ने सूर्या मुर्मू ने कहा कि चंपई सोरेन ने कम वक्त में इलाके के लिए बहुत अच्छा काम किया। लेकिन पति-पत्नी ने उन्हें हटा दिया।

एक महतो नौजवान ने कहा कि राजनगर और सरायकेला विधानसभा में इस बार मुकाबला त्रिकणीय होगा। जयराम महतो की पार्टी से प्रेम मार्डी चुनाव लड़ने वाले हैं। वे कम से कम 15 से 20 हजार वोट लाएंगे। इसलिए इस बार चुनाव परिणाम क्या होगा, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है।

सरायकेला के स्थानीय पत्रकार भी बताते हैं कि प्रेम मार्डी का जनाधार तो है। उनका भी अंदाजा था कि 15 हजार के आसपास वोट उन्हें मिलेगा।

**निष्कर्ष-** चंपई सोरेन चुनाव निकाल लेंगे। आज की तारीख में वे 15 से 20 हजार वोटों से आगे दिख रहे हैं। झामुमो के कैंडिडेट घोषणा के बाद स्थिति ज्यादा स्पष्ट होगी।

(लेखक एनएमएफ से जुड़ें हैं।)

### लेटर टू एडिटर

#### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

#### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

### एक्स - ट्वीट

**ठगबाज** भाजपा मुगालते में न रहे!

भाजपा को लगता है कि झूठा फॉर्म भरवा कर लोगों को ठगने की कोशिश में वह सफल हो जाएगी? भाजपा बोलती है कि वो ?2100 देगी। भाजपा यह बताये कि उनकी ओडिशा में सरकार महिलाओं को कितना पैसा दे रही है?

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**– शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

## सुनहरे युग में प्रवेश करता जम्मू-कश्मीर

**आर.के. सिन्हा**

बेखौफ होकर जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से मतदाताओं ने राज्य विधानसभा के तीन चरणों में हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया उससे दूर तक संदेश चला गया है कि अब वहां हालात लगभग सामान्य हो चुके हैं। पूरे चुनाव प्रचार के दौरान किसी तरह की हिंसा भी नहीं हुई। चुनाव में राजनीतिक दलों ने भी निर्भीकतापूर्वक खुलकर प्रचार भी किया। रैलियां भी कीं और जमकर अपने-अपने मतों को खुलकर जनता के सामने रखा भी । यह सब पिछले कई दशकों से ठप पड़ा हुआ था । बेशक, निर्वाचन आयोग राज्य विधानसभा का चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित करने का श्रेय ले सकता है। याद रहे कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है कि 1980 के दशक में जम्मू और कश्मीर में उग्रवाद के बढ़ने का एक कारण 1987 का विधानसभा चुनाव था, जो कि पूरी तरह से फर्जी था और जिसने चुनावी लोकतंत्र के प्रति भारी निराशा पैदा की थी और उग्रवाद को बढ़ावा देने में भरपूर मदद की थी।

सबसे पहले बीती मई में लोकसभा चुनाव हुए और फिर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ। यह भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया भर में चर्चा का केंद्र बिंदु बन गया है।

केन्द्रशासित प्रदेश के 1.40 करोड़ नागरिकों ने संवैधानिक मूल्यों में अपनी आस्था दोहराई है और अपने मतदान के माध्यम से जम्मू-कश्मीर और देश के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया है। यह प्रमाण है कि पिछले चार-पांच वर्ष में भयमुक्त जम्मू-कश्मीर बनाने में बड़ी सफलता मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले पांच वर्ष में किए गए कार्य, चाहे वह जमीनी स्तर पर लोकतंत्र का सशक्तीकरण हो या शांतिपूर्ण चुनाव कराना हो या विकास कार्य हो, इस बात का प्रमाण हैं कि जम्मू-कश्मीर अब विकास और खुशहाली के रास्ते पर चल पड़ा है। अब राज्य में स्कूल पूरे साल खुले रहते हैं। बच्चे पढ़-लिखकर आगे बढ़ रहे हैं।

**चुनाव 2024**

हालिया चुनाव में, उन जगहों में जमकर मतदान हुआ जिन्हें अब तक आतंकवादी संगठनों के गढ़ के रूप में देखा जाता था। तीन चरणों में क्रमशः 61.38%, 57.31% और 69.65% मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर में देश के अन्य भागों की तरह ही इतने भारी मतदान से साफ है कि कश्मीर की जनता भी चुनावी लोकतंत्र को गंभीरता से लेनी लगी है। उच्च मतदान दर का एक कारण यह भी हो सकता है कि घाटी में लगभग सभी राजनीतिक मतों और विचारधाराओं की पार्टियों ने चुनाव में भाग लिया। अपने स्तर पर जमात-ए-इस्लामी भी शामिल रही चुनावों में, जिसने बीते समय के दौरान राज्य में चुनावों का बहिष्कार करने की पुरजोर वकालत की थी। कुल मिलाकर 90 सीटों के लिए 873 उम्मीदवार मैदान में थे।

जमात ने स्वतंत्र उम्मीदवारों के रूप में या इंजीनियर रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी के सहयोगियों के रूप में चुनाव लड़ा। यह महत्वपूर्ण है , क्योंकि यह संगठन नेशनल कॉन्फ्रेंस का मुख्य वैचारिक दुश्मन रहा है। सीमापार से बार-बार आतंकवादी हमलों के कारण सुरक्षा बल, विशेष रूप से पीर पंजाल रेंज के दक्षिण में, तनाव में रहे हैं। लेकिन, सुरक्षा बलों की चौकसी ने निश्चित रूप से चुनाव बिना किसी हिंसा के सम्पन्न करवा दिए।

यह तो मानना होगा कि जम्मू-कश्मीर तेजी से बदल रहा है। राज्य में 370 के हटने से पहले पत्थरबाजी की घटनाओं में सैकड़ों लोग घायल हो रहे थे और मारे जा रहे थे। सुरक्षाबलों पर हमले हो रहे थे, जिसमें अब 80-85 फीसद तक की कमी आई है। अनुच्छेद 370 खत्म करने के बाद केन्द्र सरकार ने घाटी में राज्य की पुरानी सभ्यता और संस्कृति को फिर से जीवित करने के लिए बड़ी योजना पर काम शुरू किया। इसके तहत आस्था के केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों को नया रूप दिया गया। स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के मेले और महोत्सव लगाए गए। यह मेले और महोत्सव आतंकवाद पनपने के कारण सालों से बंद थे। 2023 में नियंत्रण रेखा के पास स्थित मां शारदा देवी मंदिर का नवनिर्माण कराकर आजादी के बाद पहली बार पूजा के लिए खोला गया। सालों से बंद खीर भवानी मंदिर में फिर से दर्शन-पूजन का काम शुरू हुआ।

खीर भवानी का मेला लगाया गया। इसमें पर्यटकों के साथ स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे। सरकार ने 123 पुराने स्थलों का व्यवस्थित रूप से जीर्णोद्धार और मरम्मत कराकर जनता के लिए फिर से खोल दिया। केन्द्र सरकार ने ऐतिहासिक हजरत बल दरगाह के विकास के लिए 42 करोड़ रुपये दिए।

राज्य में जगह-जगह मेगा सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए गए।

## देश में मिलावट का कारोबार चरम पर

**– राकेश दुबे**

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने ईट राइट इंडिया अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

भारत में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौ-बारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए?

आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मरते हैं।

भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोलगप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ व पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं।

**समस्या**

सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, ह्यहमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं।

मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है।

खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा ईट राइट इंडिया मूवमेंट की पहल की गई है।

ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और 'आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें।

खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पड़कर स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें। केवल अतिरिक्त सतर्कता और जागरूकता का पालन करने से ही हम अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित बना सकते हैं और अपमिश्रित एवं गंदी खाद्य सामग्री बेचने वालों के कुत्सित इरादों को परास्त कर सकते हैं।

(लेखक स्तम्भकार हैं।)

## स्पीड न्यूज

### कायस्थ महासभा के कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र सिन्हा का निधन, शोक



**रामगढ़।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला कार्यकारिणी के सदस्य नरेन्द्र सिन्हा के निधन पर महासभा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेन्द्र सिन्हा कायस्थ समाज के हर गतिविधि में हमेशा बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। महासभा के विस्तार में उनकी अग्रणी भूमिका थी। उनका सहयोग समाज के लिए अविस्मरणीय है। उनके अचानक परलोक सिधार जाने से हमसब मर्माहत हैं। कहा की उनके निधन का समाचार सुनकर कायस्थ परिवार स्तब्ध है। कायस्थ परिवार के सभी सदस्य स्वर्गीय नरेन्द्र सिन्हा के निधन पर गहरा शोक जताया है। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सभी सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरेन्द्र सिन्हा के निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति प्रदान करे। निधन पर वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत कुमार सिन्हा, रणंजय कुमार उर्फ कुंद्दू बाबु, प्रो प्रदीप कुमार सिन्हा,अमित कुमार सिन्हा, बामेस्वर प्रसाद, समेत कई लोगों शोक जताया।

### स्वास्थ्य भवन व सड़क का शिलान्यास



**कुजू।** टूटी झरना के पास करीब 39 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य भवन एवं शिव पूरी कालोनी सांडी में बनने वाले पीसीसी सड़क का शिलान्यास रविवार को आजसू के जिला उपाध्यक्ष जय किशोर महतो, भाजपा नेता राजीव जायसवाल, भाजपा नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया।



मौके पर डॉ जफर अली,संतोष पटेल, पवन रवानी, शंकर साव, शंभू सिंह, जोधन राम, जेके सिन्हा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### छोटकी डूंडी में वृक्ष में बांधा रक्षासूत्र

**कुजू।** वृक्ष रक्षाबंधन कार्यक्रम का आयोजन रविवार को मांडू प्रखंड अंतर्गत छोटकी डुंडी जंगल में वन समिति अध्यक्ष वीरू महतो के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान शामिल हुए। पासवान ने सुखआ वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधकर पेड़ लगाओ, जंगल बचाओ का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जंगल में पेड़ बच्चे हैं, तभी हम मानव जाति जीवित है। अगर ये पेड़ पौधे नष्ट हो गए तो हमारा नष्ट होना भी स्वाभाविक है। इसलिए सभी लोग जंगल बचाने का प्रण लें और पेड़ लगाने के सथ कभी भी जंगल में आग ना लगाएं। मौके पर वनरक्षक अजीत कुमार, रंजीत कुशवाहा, सुरेंद्र कुमार, आनंद कुमार, रोहित कुमार, नितेश मुंडा प्रियतोष तिवारी, यशवंत कुमार, अशोक कुमार, शंकर उरांव, पवनदेव अग्रवाल, वीरू महतो, गणेश महतो, पंकज करमाली, ठाकुरदास महतो, राजेश महतो, आशीष कुमार, विनोद कुमार, सरिता कुमारी, बबिता कुमारी आदि मौजूद थे।

### सहकारिता अधिकारी से मिले पैक्स अध्यक्ष



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने शनिवार को रामगढ़ जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार से मुलाकात की। शैलेश कुशवाहा ने डीसीओ मनोज कुमार को बुके देकर सम्मानित करते हुए किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। मनोज कुमार से प्रधानमंत्री फसल बीमा 2018-19 के भुगतान कराने का निवेदन किया। शैलेश कुशवाहा ने बताया कि झारखंड फसल राहत योजना के तहत अधिकांश किसानों के खाते में राशि नहीं आई है जिससे किसान मायूष हैं कुशवाहा ने फसल राहत योजना की राशि का भी भुगतान कराने का निवेदन किया। डीसीओ मनोज कुमार ने यथाशीघ्र भुगतान कराने का आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि किसानों एवं पैक्सो के विकास के लिए कृतसंकल्पित हूं। किसान चिंता न करें, जल्द से जल्द सभी योजनाओं के बकाये राशि का भुगतान हो जायेगा। कुशवाहा ने बताया कि सहकारिता विभाग से किसानों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इसके तहत धान अधिप्राप्ति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम किसान, किसानों को सब्सिडी पर धान-बीज एवं गेहूं आदि उपलब्ध किया जाता है।

### झारखंड में कलाकारों की कमी नहीं : बबन पांडे

**विष्णुगढ़।** एक शरारती गुपचुप के शौकीन की एवं एक डॉक्टर कैसे मरीजों को ठगी कर पैसा कमाता है इस पर एक शूटिंग हुई। बजरंग इंटरटेनमेंट के बैनर तले कॉमेडी सीरीज का आनंद यूट्यूब के जरिए लोग देख सकेंगे । संचालक शिवकुमार पांडेय उर्फ बबन पांडेय ने कहा कि झारखंड में कलाकारों की कमी नहीं है। यहां के कलाकार दूसरे राज्य में जाकर दूसरी भाषाओं में फिल्मों व सीरीज में काम कर रहे है । उन्होंने कहा कि देश में भाषाओं की विविधता है। विभिन्न भाषाओ में गीतों एवं फिल्मों के माध्यम से वीडियो एवं एल्बम के माध्यम से निमार्ता, निर्देशक तथा कलाकारों ने मेहनत की । झारखंडी भाषा दब कर रह गयी है। डिजिटल के माध्यम से यह सपना साकार हो सकेगा । खोरठा भाषा में पानीपूरी के शरारती शौकीन के अलावा झारखंड के ग्रामीण इलाको की जमीनी हकीकत पर आधारित यूट्यूब पर प्रसारित होगा।

## रामगढ़ के वेस्ट बोकारो में दो सुनारों के घर में डाका डालने वाले गैंग का पर्दाफाश

# दो अपराधी और दुकानदार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में दो सुनारों के घर में डाका डालने वाले गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश। इस गैंग के दो शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद जेवर को गलाने वाला दुकानदार भी पकड़ा गया। पुलिस ने लूटे गए जेवर को भी बरामद किया है। इस मामले की जानकारी रविवार को प्रेस कांफ्रेंस के दौरान रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 21 और 26 सितंबर को ग्राम सोनडीहा में संतोष सोनी और बब्लू सोनी के घर में छह अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने घर में घुसकर डाका डाला था। इस दौरान उन लोगों ने घर में रखे जेवर और नगद रुपए लूट लिए थे।

एसपी ने बताया कि रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में बनी विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। टेक्निकल सेल की सहायता से इस टीम ने अभियुक्तों का पता लगाया और दो अपराधियों को पकड़ा। इनमें वेस्ट बोकारो ओपी के





अतना गांव निवासी दीपक कुमार और भदवा गांव निवासी शमीम खान उर्फ सनी खान शामिल है। उन दोनों की गिरफ्तारी के बाद उस ठिकाने का भी पुलिस को पता चला, जहां चोरी के जेवर खपाए जाते थे। उनकी निशानदेही पर लूटे गए सामान को चरही स्थित श्रृष्टि ज्वेलर्स दुकान से बरामद किया गया। इस दौरान दुकान के मालिक रविंद्र सोनी को भी पकड़ा गया। एसपी अजय कुमार ने बताया कि बब्लू सोनी और संतोष सोनी के घर में डकैती कांड को अंजाम देने वाले 6 अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है। सभी अपराधियों की क्रिमिनल हिस्ट्री रही है। यह लोग वैसे घरों को अपना निशाना बनाते थे जो सुनसान इलाके में बने होते थे। संतोष सोनी के घर में अपराधी शाम 7:00 बजे ही घुस गए थे। जब संतोष सोनी के परिजन घर में घुस रहे थे, इसी दौरान चुपके से अपराधी भी उनके घर में दाखिल हो गए। इसके बाद उन लोगों ने जेवर और नगदी लूट लिया। एसपी ने बताया कि डकैतों के द्वारा लूट गए जेवर को श्रृष्टि ज्वेलर्स के मालिक रविंद्र सोनी के द्वारा तुरंत गला दिया जाता था। सोने के जेवर को गला कर वह बिस्कुट और कॉइन बना देता था। छापेमारी के दौरान 24 कैरेट

▶▶ **12 जोड़ा चांदी का पायल, छह पीस चांदी का चेन और चांदी का बिस्किट और बाइक बरामद**



के वजन का सोने का बिस्किट भी बरामद किया गया है। इसके अलावा गलाया हुआ 1 किलो चांदी भी पुलिस को मिला है। रविंद्र सोनी की दुकान से 12 जोड़ा चांदी का पायल, 6 पीस चांदी का चेन और चांदी का बिस्किट भी बरामद हुआ है। इस घटना में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर बाइक जेएच 02 बी 6392 भी जब्त किया गया है।

छापेमारी में एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, मांडू अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश लिण्डा, वेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार ,पुअनि संजय बेदिया, सअनि राजेश कुमार राय व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# सबकी रायसुमारी के बाद जारी होगा कांग्रेस का मैनिफेस्टो : बंधु तिर्की

**हजारीबाग चैंबर आफ कॉमर्स, बार एसोसिएशन, दलित, आदिवासी , मुस्लिम संगठन सहित अन्य लोगों ने दिया सुझाव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग। कांग्रेस के मैनिफेस्टो कमिटी ने रविवार को परिसदन में परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया कमिटी के चेयरमैन बंधु तिर्की ने कहा कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के द्वारा मेनिफेस्टो कमिटी का गठन किया गया। इस कमिटी में 25 सदस्य हैं, जो पार्टी के वरिष्ट एवं अनुभवी नेता हैं। मेनिफेस्टो कमिटी के सदस्य प्रमंडल एवं जिले में जाकर लगातार बैठक, चौपाल लगाकर आमजनों की बातों को संकलित कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी एक ऐसी मेनिफेस्टो बनाने जा रहे हैं, जो रियलिस्टिक हो। यह घोषणा पत्र आम जनता का होगा। उन्होंने कहा कि हम लोग डालटनगंज के बाद हजारीबाग में आए हैं। यहां पर विभिन्न संगठन के लोगों से मिलकर उनसे परामर्श लिया



है। इसमें हजारीबाग चैंबर आफ कॉमर्स, बार एसोसिएशन, दलित संगठन ,आदिवासी संगठन , मुस्लिम संगठन सहित अन्य लोगो ने अपना सुझाव दिया, इसके इलावा भी कई लोग शामिल थे। हजारीबाग में पेपर लीक, भूमि सर्वे सुधार, खासमहाल भूमि को लीज नवीकरण से संबंधित, पलायन, रोजगार एवं सिंचाई से संबंधित सुझाव आया। इस तरह के कई सुझाव आए हैं। सभी सुझाव का अध्यन करके जन घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा। यहां के जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति, इंडस्ट्रीज, आदिवासी, मूलवासी के पलायन का जो परामर्श आया है, उसको संकलित करकेअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, प्रभारी गुलाम अहमद मीर साहब, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के सामने ड्राफ्ट रखा जाएगा।घोषणा पत्र जो बनेगा, उसका हर 6 महीने में सोशल ऑडिट किया जाएगा। इस बात को प्रमुखता से हम अपने नेता के सामने रखेंगे। भाजपा झारखण्ड में सबसे ज्यादा वक्त सरकार में रही पर कुछ नहीं किया। सिर्फ लूटने का काम किया। पिछले पांच सालो में सब कुछ बेपटरी है। हम लोग विकाश करते है, भाजपा विनाश करती है। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### रामगढ़ : भारी मात्रा में नकली शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रामगढ़।** त्योहारों का फायदा उठाकर बाजार में नकली शराब का कारोबार करने वाले एक तस्कर को पुलिस ने पकड़ा है। गिरफ्तार कारोबारी असली बोतल में नकली शराब भरकर बेचता था। पुलिस ने उसके ठिकाने पर छापेमारी की तो भारी मात्रा में नकली शराब विभिन्न ब्रांडों के खाली बोतल और बोतल सील करने वाला मशीन बरामद हुआ। एसपी अजय कुमार ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दुर्गा पूजा के अवसर पर रामगढ़ शहर के पास मोहल्ले में अवैध कारोबार की सूचना मिली थी। पुलिस जब वहां पहुंची तो पता चला कि श्याम कुमार कसेरा किराए के कमरे में अवैध कारोबार का संचालन कर रहा है। एसपी ने बताया कि श्याम विभिन्न तरह की नकली शराब को मिक्स कर उसे अलग-अलग कंपनी के ब्रांडेड बोतल में भरता था। उस बोतल पर वह रैपर भी चिपकता था। उसपर ढक्कन एवं सील बंद कर रामगढ़ के बाजार में ऊंचे दामों पर बेचता था। पुलिस ने कमरे से विभिन्न कंपनियों की शराब की बोतल, खाली बोतल, रैपर व शराब सील करने वाला झारखंड सरकार का मोहर लगा स्टीकर बरामद किया।

### मेरे प्रयास कई पुल-पुलिया और सड़क बना : अंबा प्रसाद



**बड़कागांव।** बालिका उच्च विद्यालय बड़कागांव के प्रांगण में कांग्रेस का प्रखंड स्तरीय कोर कमेटी मिलन समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष चौबे ने किया जबकि संचालन मोहम्मद मजहर आलम ने किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड में शुरू से ही भाजपा आजसू की सरकार रही है। लेकिन जनकल्याण का काम नहीं हुआ। बड़कागांव में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं खुला लेकिन जब झामुमो कांग्रेस सरकार बनी तो हमारे प्रयास से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कई नदियों में पुल पुलिया, सड़क,अबुआ आवास का काम हुआ। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याण का कार्य कर रही है। लेकिन विरोधी दल को पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि मंईया योजना, सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति, जैसे कई योजनाएं चल रही है।

## हजारीबाग में बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने 500 से अधिक गरीबों को कराया भोजन

▶▶ **ऐसे आयोजन से समाज में एकता और सहयोग को बल मिलता है : श्रद्धानंद सिंह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर का सबसे चर्चित बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति ने रविवार को पूजा पंडाल के समीप दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह के साथ कई गणमान्य लोग शामिल हुए। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने करीब 500 से भी अधिक असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों को महाप्रसाद स्वरूप पुड़ी, मिठाई, सब्जी का भोजन करवाया,इसके पश्चात सभी के बीच कंबल,वस्त्र, साड़ी एवं छोटे बच्चे बच्चियों के



कपड़े का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम महासमिति के द्वारा 23 वर्षों से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से असहाय, गरीब, रिक्शा चालकों के चेहरे पर एक अलग खुशी देखने को मिलती है। श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक हैं। उन्होंने महासमिति की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकता और सहयोग की भावना को बल मिलता है। महासमिति के अध्यक्ष प्रमोद यादव ने कहा कि हर वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाता है ताकि समाज के हर वर्ग के लोग महोत्सव की खुशियों में सहभागी बने सकें।

# पुलिस ने साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में चलाया अभियान

## फुटपाथ पर दुकान नहीं लगायें: ओपी प्रभारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** त्योहारों में लगने वाले जाम से मुक्ति को लेकर भुरकुंडा पुलिस ने रविवार को साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में सघन जांच अभियान चलाया। ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, एसआई अविनाश कुमार और एसआई कुणाल कुमार के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवियों ने पैदल मार्च कर दुकानों का जायला लिया। इस दौरान ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता सहित अभियान में शामिल लोगों ने संकट मोचन मंदिर से लेकर जनता टॉकीज तक पैदल मार्च कर फुटपाथ पर दुकान ना सजाने की अपील की। कहा गया कि सभी दुकानदार अपने-अपने दुकान में ही सामान रखकर बेचने का कार्य करें। ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कहा कि



अपने दुकान के सामने सड़क पर बाइक ना लगने दे। अगर जाम की स्थिति उत्पन्न होगी तो दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा का समय है अगर जाम नहीं लगी तो दुकानदारों को ही फायदा होगा, क्योंकि ज्यादा से ज्यादा ग्राहक खरीदारी के लिए भुरकुंडा बाजार पहुंच सकेंगे। जाम के कारण कई लोग खरीदारी के लिए रामगढ़-रांची या अन्यत्र जगह निकल जाते हैं, जिसके कारण दुकानदारी भी फीकी पड़ जाती है। उन्होंने कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कड़े शब्दों में दुकानदारों को हिदायत दी की अगर मना करने के बाद भी कोई व्यक्ति दुकान के सामने सड़क पर बाइक लगाता है तो बाइक का नंबर के साथ फोटो खींचकर भुरकुंडा ओपी को दें, तत्काल कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान पूछताछ के बाद ओपी प्रभारी निर्भय गुप्ता ने कई दुकानदारों का नाम, पता और मोबाइल नंबर रजिस्टर में अंकित किया। ओपी प्रभारी श्री गुप्ता ने कहा की पूजा के दौरान पुलिस लगातार जांच अभियान जारी रखेगी। आवागमन बाधित करने वालों पर कार्रवाई भी की जायेगी। जांच अभियान में चमन लाल, डब्लू पांडेय, प्रदीप मांझी, अजय साहू, रॉबिन मुखर्जी, लखन राम, प्रेम कुमार, कृष्णा साव, मो. मुस्तकीम सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## एक नजर में

### हजारीबा : अवैध बालू लदा आठ ट्रैक्टर जब्त

**हजारीबाग।** हजारीबाग में अवैध बालू के कारोबारियों के खिलाफ उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार सदर एसडीओ अशोक कुमार ने रविवार सुबह तीन बजे अवैध बालू लदा आठ ट्रैक्टर किया जब्त। इस संबंध में उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पेलावल और कटकमसांडी क्षेत्र में छापामारी कर आठ ट्रैक्टर को जब्त किया। किया गया है। एसडीओ ने कहा कि अवैध बालू के कारोबारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अवैध बालू के कारोबारी बालू का अवैध कारोबार बंद कर दे अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के इस कार्रवाई को लेकर अवैध बालू के कारोबारियों के बीच में हड़कंप मचा हुआ है। इस छापामारी के दौरान अवैध बालू कारोबार से जुड़े शशि कुमार प्रजापति, अनुज कुमार दांगी, अनिल कुमार यादव, देवेंद्र राणा, विमल साव, गुलाब साव, बालेश्वर गोप, आनंद राम के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### चरही में कोयला चोरों ने सुरक्षा कर्मियों को पीटा

चरही । तापीन नार्थ कोलियरी के समीप द्वितीय पाली के गश्ती दल वालों पर कोयला चोरों ने सुरक्षा कर्मियों के लाठी डंडे और रडों से पिटाई करते हुए वर्दी फाड़ा। इस संबंध में क्षेत्रीय सुरक्षा प्रभारी डॉ रंजीत कुमार विमल ने चरही थाना में कोयला चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया है। आवेदन में लिखा है कि बीते 4 अक्टूबर को 2 से 10 बजे रात्रि को सुरक्षा कर्मियों ने गश्ती के लिए निकले थे। तापीन नार्थ के पास 10 से 15 की संख्या में कोयला चोर मोटरसाइकिल पर कोयला लादकर आ रहे थे।जिसको कोयला चोरों को सीसीएल के सुरक्षा विभाग के लोगों ने पीछा कर रोक दिया।कोयला चोरों ने सुरक्षा कर्मियों पर हमला बोल दिया।जिस क्रम में गश्ती कर रहे कई कर्मी घायल हो गए। घायल कर्मियों को बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ अस्पताल भेज दिया गया।

### टेकलाल यादव बने आजसू के हजारीबाग जिला सचिव



विष्णुगढ़। आजसू के हजारीबाग जिला अध्यक्ष प्रमेश्वर महतो ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड के बनासो निवासी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता टेकलाल यादव हजारीबाग जिला का सचिव मनोनीत किया। टेकलाल यादव ने कहा कि पार्टी के द्वारा मुझे दायित्व सौंपा गया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का काम करूंगा । टेकलाल यादव को कार्यकारी प्रखंड अध्यक्ष रूपेंद्र महतो,प्रखंड सचिव हरीश पटेल,पंकज महतो, हेमंत आर्या, मुकुल साव, नितीश पासवान, राजू,रोशन कुमार, गुड्डू पासवान,राजकुमार, आदित्य, धर्मेन्द्र, सचिन,संतोष,सुभाष, राजन सहित दर्जनों पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।

### दौलत महतो मेमोरियल कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**विष्णुगढ़।** दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम के नए सत्र के प्रशिक्षुओं का परिचय सत्र एवं दुर्गा पूजा पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक हुआ। कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक व्याख्याताओं में बबली कुमारी,ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा,वीरेन्द्र देव,शशि देव, ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे,डॉ० विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु० पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षु गण उपस्थित थे।

### बाबूलाल से मिला भाजपा का प्रतिनधिमंडल



**टाटीझरिया।** राजनीतिक गलियारे में मांडू सीट आजसू कोटे में चले जाने की बात चल रही है। कई राजनीतिक गुरुओं का कहना है कि यह सीट तो आजसू को मिल गई है,केवल घोषणा होना बाकी है। चचाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं की एक टीम शुक्रवार को प्रदेश पदाधिकारियों से मिलने रांची प्रदेश कार्यालय पहुंची। टीम में सुखदेव रजवार,अशोक मंडल,कैलाशपति सिंह,एमके पाठक,बसंत प्रजापति,गिरधारी महतो,मनोज गिरी,संजय साह,राजेश कुमार समेत कई लोग शामिल थे। ये प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्णवीर सिंह और नागेंद्र नाथ त्रिपाठी से मिले। इन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि यहां कि सीट भाजपा की है,भाजपा का संगठन मांडू में मजबूत है। 1995 में यहां पहली बार भाजपा को चुनाव में उतारा गया था और रामेश्वर साहू ने 20728 वोट लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। उसके बाद यह सीट गठबंधन में समता पार्टी और जदयू को से दिया गया ।यहां से लगातार भाजपा लोकसभा में अच्छा प्रदर्शन करता रहा है।

### बहेरा में कांग्रेस कार्यकार्ताओं की बैठक

चरही। बहेरा पंचायत सचिवालय में रविवार को चुरचू कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चुरचू प्रखंड अध्यक्ष नौशाद आलम व मंच संचालन पूर्व उप प्रमुख चौलेश्वर महतो ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री सह मांडू विधानसभा के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल थे। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी की संगठन को मजबूत करने एवं पार्टी की जीत सुनिश्चित हो उस पर विचार-विमर्श किया गया। मुखिया संघ के अध्यक्ष सह बहेरा मुखिया देवकी महतो,कांग्रेस जिला महा सचिव जय प्रकाश यादव, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह,पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरीफ अंसारी,कुलेश्वर करमाली,समाज सेवी मुंताजिर अंसारी, सियाम सुंदर भारती, अशोक तूरी,भूनेसर तूरी,असगर अंसारी, प्रदीप करमाली,वार्ड सदस्य अजरूद्दीन अंसारी,सलामत,अंसारी,आजाद खान,नरेश राम,मुस्लिम अंसारी,प्रमोद सिंह,वाजिद अंसारी,रजाक आलम,महादेव रविदास,सुरेश महतो,मेघनाथ महतो,अलाउद्दीन अंसारी,रियाजूल अंसारी, कार्यकर्ता एवं पटेल समर्थक मौजूद रहे।

### दारू : खतियानी फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**दारू।** हरली फुटबॉल मैदान में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बैनर तले हजारीबाग सदर विधानसभा के भावी प्रत्याशी उदय कुमार मेहता ने फुटबॉल टूर्नामेंट कराया। फाइनल मुकाबले में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो शामिल । जयराम महतो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मारकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। फाइनल मुकाबला सिसई बनाम करकरी के बीच खेला गया जिसमे खेल समयअवधि में दोनों टीम बराबर पर रही ।पेनाल्टी सूट के माध्यम से सिसई की टीम 4-3से विजय हुई । विजेता टीम को 21000 नगद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 15000 नगद और ट्रॉफी दिया गया । मौके पर पार्टी के दारू प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र प्रसाद, प्रखंड सचिव शिबू प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, नरेश सोनी, प्रखंड महामंत्री विनोद साव, प्रखंड कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रखंड सहसचिव बलवंत कुमार, प्रखंड मीडिया प्रभारी अनिल कुमार यादव, प्रखंड प्रवक्ता फिरदौस आलम, जिला युवा मोर्चा सदस्य जितेंद्र कुमार एवं समस्त प्रखंड वासी उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## अज्ञात लोगों ने युवक का काटा प्राइवेट पार्ट

**चतरा।** जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के डाड़ी पंचायत के बकचौमा गांव निवासी त्रिभुवन मिस्त्री के बेटे आनंद कुमार के प्राइवेट पार्ट को अज्ञात बदमाशों ने काट दिया, जिससे उनकी हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया है। हालांकि, आनंद के साथ यह बर्बरता किसने और क्यों की, यह बताने से परिजन इंकार कर रहे हैं और उनका कहना है कि उन्हें इसके बारे में कुछ नहीं पता। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि प्रेम प्रसंग में शायद यह वारदात को अंजाम दिया गया है।सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने बताया कि इस मामले में सिमरिया थाना में कोई आवेदन नहीं दिया गया है, लेकिन अगर आवेदन आता है तो मामले की जांच की जाएगी और अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल घायल युवक आनंद का रांची रिम्स में इलाज जारी है।

## ढिबरा लदा दो शक्तिमान जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** वन प्रमंडल पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के अधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में रविवार को गठित टीम के साथ गश्ती करते समय मसनोडीह एवं कबराबूट जंगल से अवैध रूप से ढिबरा उत्खनन करते हुए दो शक्तिमान को पकड़ा गया। मौके से ड्राईवर व अन्य मजदूर भागने में सफल रहे। मिली जानकारी के अनुसार दोनों शक्तिमान में कुल मिलाकर 14 टन ढिबरा जप्त किया गया, जिसकी कीमत लगभग बजार में 4 लाख लगाया गया है। वहीं ढिबरा एवं शक्तिमान गाड़ी के मालिक का नाम ज्ञात कर विधि सम्मत करवाई की जा रही है। छापेमारी दल में प्रभारी वनपाल अनिल कुमार साव, वनरक्षी अभिमन्यु कुमार, संतोष कुमार, रविकांत यादव मौजूद थे।

## मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलित होंगे शिक्षक : आलोक

**कोडरमा।** झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया में राधेश्याम शुक्ला की अध्यक्षता में की गई। बैठक में निम्न मुद्दों पर निर्णय लिया गया। जिसमें संघ के कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने पर विचार किया गया। वहीं 2019 एवं 2021 में नव नियुक्त शिक्षकों की सेवा सम्पुष्टि 15 दिनों के अंदर नहीं किया गया तो शिक्षक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नवनियुक्त शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान एक मुश्त में दुर्गा पूजा के पहले दिया जाए। वहीं आईटीआर के नाम पर कार्यालय से किसी भी प्रकार की धन उगाही का संगठन विरोध करता है और शिक्षकों से आग्रह करता है कि बिचौलियों के बहकावे में पैसा लेनदेन से बचे। मौके पर सचिव आलोक कुमार, संजय प्रसाद वर्मा, बृजेश पांडे, बाल्मीकि कुमार, दिनेश कुमार आदि शिक्षक मौजूद थे।

## ऑपरेशन जन जागरण के तहत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कोडरमा के अधिकारी व बल सदस्यों के द्वारा कोडरमा–गया सेक्सन के मध्य घाटी (सुरंग) क्षेत्र में स्थित नाथगंज, बसकटवा स्टेशन पर एवं उसके बीच ब्लॉक सेक्शन में पड़ने वाले आसपास के इलाके में यात्रियों, ग्रामीणों, राहगीरों एवं रेलवे ट्रैक पर काम कर रहे रेलवे कर्मचारी, रेलवे लाइन के किनारे मवेशी चराने वाले चरवाहों के बीच बल सदस्यों द्वारा रेल अपराध सूचना एकत्र किया गया। वहीं कोई असामान्य गतिविधियां प्रकाश में नहीं आने के बाद जागरूकता अभियान चलाकर मानव, बाल तस्करी, वंदे भारत एक्सप्रेस, अन्य ट्रेनों में स्टोन प्लेटिंग, टीओपीबी, जहरखुरानी, रन ओवर, अवैध ट्रेस पास एसीपी, मालगाड़ी में एसीओ नहीं करने, ट्रैन के पायदान पर बैठकर यात्रा नहीं करना, रेल संपत्ति की चोरी नहीं करने, मालगाड़ी से कोयला की चोरी नहीं करने, सिंगनल उपकरणों से छेड़छाड़ नहीं करने इत्यादि के बाबत जागरूक किया गया एवं हिदायत देते हुए उन्हें कानूनी प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया गया।

# चतरा उत्पाद विभाग की टीम ने कोयलांचल के होटलों में मारा छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा (टंडवा)।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में कई होटलों व लाइन होटलों में पर्व त्योहारों में अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर अवैध शराब के विक्रेताओं के विरूद्ध चतरा उत्पाद विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। उत्पाद विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में सेरनदाग से एनटीपीसी तक मुख्य सड़क स्थित कई होटलों में



अचानक छापामारी से होटल संचालकों में हड़कंप मच गया। सड़क स्थित आने वाले होटल में कबाब के साथ शराब भी परोसा जाता है। अवैध शराब बिक्री का यह गोरखधंधा का सूचना विभाग को मिल रही थी। उत्पाद विभाग की टीम ने होटलों में छापामारी कर अवैध शराब जप्त की हैं। उत्पाद विभाग की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई की सूचना लीक होते ही कई अन्य होटल संचालक होटल अपने-अपने होटलों का शटर डाउन कर मौके से फरार हो गया।

## क्षत्रिय धर्मशाला में सवर्ण समाज की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** जिला सवर्ण समाज की एक बैठक क्षत्रिय धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में सवर्ण समाज के सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। बैठक में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो द्वारा सवर्ण के विरुद्ध दिए गए आपत्तिजनक बयान की बैठक में उपस्थित लोगों ने कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसकी तीखी भर्त्सना की। बैठक में उपस्थित सवर्ण समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी से यह मांग की है कि सवर्ण के विरुद्ध इस प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले ऐसे बड़बोले सांसदों पर कठोर कार्रवाई करें।

## पत्रकार साहिल भदानी की शोक सभा में विभिन्न संगठनों ने दिया श्रद्धांजलि



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** दिवंगत पत्रकार साहिल भदानी के निधन पर रविवार को शहर के बाईपास रोड स्थित शिव वाटिका में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न सामाजिक, स्वयंसेवी, राजनीतिक दल, व्यवसायिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सभा में उपस्थित लोगों ने साहिल भदानी के व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर जिप अध्यक्ष रामधन यादव, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, माहुरी समाज के अध्यक्ष अरुण सेठ, पंजाबी समाज से यशपाल सिंह गोल्डन, आईएमए से डॉ. राम सागर सिंह, डॉ. नरेश कुमार पंडित, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार, अग्रवाल समाज के अजय अग्रवाल, जैन समाज से नवीन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, कांग्रेस नेता सईद नसीम, सीटू नेता संजय पासवान, विनोद विश्वकर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि साहिल भदानी अपने सहज और निष्पक्ष लेखन के लिए पत्रकारिता जगत में एक प्रमुख चेहरा थे। उनके निधन से न केवल पत्रकारिता जगत बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों में गहरा शोक व्याप्त है। उनके योगदानों को याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि साहिल न सिर्फ एक बेहतरीन पत्रकार थे, बल्कि समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता रखने वाले एक अच्छे इंसान भी थे। साहिल भदानी की लेखनी में समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी झलकती थी। उनके निधन से पत्रकारिता जगत में एक खालीपन आ गया है, जिसे भरना मुश्किल है। उन्होंने न सिर्फ अपने पत्रकारिता करियर के दौरान कई अहम खबरें लिखीं, बल्कि समाज में फैली बुराइयों और अन्याय के खिलाफ अपनी लेखनी के माध्यम से आवाज उठाई।

### भाजपा को अभी से सता रहा डर

# झारखण्ड की जनता को बरगला कर भरवा रही है झूठे फॉर्म : संजय साजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव की अभी घोषणा हुई भी नही वावजूद भाजपा को अभी से ही डर सता रही है, जिसके बाद झारखण्ड की भोली भाली जनता को बरगला कर झूठा फॉर्म भी भरवा रही है। राज्य की जनता को ठगने का नया सिगुफा छोड़ रही है। उपरोक्त बातें झामुमो जिला प्रवक्ता संजय साजन ने कही। उन्होंने कहा कि आज राज्य की महिलाओं को सम्मान मिल रहा है, महिलाओं के खाते में सम्मान राशि जा रहा है, दो किस्त तो चला भी गया है। आने वाले दो-तीन दिनों में तीसरा क़िस्त भी लाखों दीदी-बहनों के खाते में जाने वाले हैं ताकि दुर्गा पूजा का त्योहार खुशीपूर्वक मना सके। मगर विपक्षियों ने इस योजना को बंद करने के लिए कोर्ट में आवेदन डाला है। अब भाजपा के लोग झूठा फॉर्म भरवा रहे हैं, बोलते हैं 2100 देंगे, पूछिये इनसे ओडिशा में कितना दे रहे हैं? कितने समय के लिए दे रहे हैं? ये लोग झूठा आश्वासन, झूठा राशन देने में आगे हैं। बोले थे विदेश से काला धन लाएंगे और सबके खाते में 15-15 लाख डालेंगे। बताएं किसके खाते



में 15 लाख रुपया आया? वहीं जिला प्रवक्ता श्री साजन ने कहा कि हेमंत सरकार द्वारा कई महत्वकांक्षी योजना लाई गयी है, जिसमें गरीब गुरबा को अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों का दो लाख तक का ऋण माफ किया गया। गरीबों का बकाया बिजली बिल माफ किया गया, 200 यूनिट तक बिजली भी मुफ्त कर दी गई।

वहीं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना (जिसमें 18 से 50 वर्ष की सभी महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये मिलने का प्रावधान), सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, ओल्ड पेंशन स्कीम और निजी क्षेत्र में 75 स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण, दूसरे राज्यों की तुलना में वृद्धावस्था, विधवा और निशक्तजनों के पेंशन की राशि सर्वाधिक है। हर महीने 1000 रुपये पेंशन देने का है प्रावधान, विधवा और निशक्त जनों की उम्र सीमा की बाध्यता समाप्त की है, मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस योजना, निजी स्कूल के तर्ज पर राज्य में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरुआत हुई है, जो सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित है और सभी सुविधाओं से इसे सुसज्जित किया गया है। चरणबद्ध रूप से हर प्रखंड तक खोलने की सरकार की योजना है। ओल्ड पेंशन स्कीम, हेमंत सरकार राज्य के लाखों सरकारी सेवकों को बड़ी सौगात के रुप में ओल्ड पेंशन स्कीम दी है। जिसके तहत सभी सरकारी कर्मियों को पुराना पेंशन का लाभ मिलना शुरू हो गया है। निजी क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण स्थानीय लोगों को निजी क्षेत्र में 40 हजार वेतन तक वाले पदों पर 75 सीट आरक्षित करने का प्रावधान है। जिसके जरिए लोगों को लोकल स्तर पर नौकरी मिल सके।

## झुमरीतिलैया नगर प्रशासक को सो कॉज

**कोडरमा।** उपायुक्त ने झुमरीतिलैया नगर परिषद् प्रशासक को निदेश देते हुए कहा है कि नगर परिषद् झुमरीतिलैया क्षेत्र में साफ-सफाई नहीं रहने की स्थिति में मलेरिया एवं डेंगू जैसे बीमारी फैल रही है, जिससे इन क्षेत्र के आमजन स्वास्थ्य समस्याओं से प्रभावित हो रहे हैं। ऐसी शिकायतें भी प्राप्त हो रही है कि क्षेत्र में साफ-सफाई, ब्लिचिंग पाउडर का छिड़काव, फॉगिंग का कार्य नहीं कराया जा रहा है। पूर्व में भी आपको वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने के पूर्व अपने क्षेत्रों में नाली एवं अन्य गन्दी वाले क्षेत्रों की सफाई कराने निदेश दिया गया था, ताकि गढ्ढे एंव नाली एवं अन्य स्थलों पर पानी का जमाव न हो एवं मलेरिया, डेंगू जैसे मच्छर जनित रोग पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में नगर विकास विभाग स्तर से भी आपको निदेशित किया गया है, परन्तु इसके बाबजूद आपके स्तर से क्षेत्र की साफ-सफाई के निमित कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उक्त को लेकर उपायुक्त ने नगर प्रशासक को पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के अन्दर कई बिन्दुओं पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया। जिसमें आपके स्तर से अपने क्षेत्र में साफ-सफाई की दिशा में क्या-क्या कार्रवाई की गई है।

# कोडरमा में गृह रक्षक बहाली दौड़ के दौरान तीन महिला अभ्यर्थी घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में गृह रक्षक की बहाली को लेकर केटीपीएस फोर लेन में शारीरिक दक्षता के तहत रविवार को आयोजित दौड़ के दौरान तीन महिला अभ्यर्थी गिरकर घायल हो गईं। घायलों में चंदवारा निवासी रजनी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी और पुष्पा कुमारी हैं। पुलिस ने घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया है। इधर, एक अन्य घटना में कोडरमा थाना क्षेत्र के होली फैमिली हॉस्पिटल के नजदीक रविवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान कोडरमा के बरसोतियाबर निवासी राजेंद्र पासवान (45) एवं पांडेयडीह निवासी किशुन यादव (44) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।



### शारीरिक दक्षता परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

**कोडरमा।** जिले में होमगार्ड पद पर नव नामांकन को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शारीरिक दक्षता परीक्षा व लिखित परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण जारी है, रविवार को छटवें दिन केटीपीएस फोर लेन सड़क पर दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें चंदवारा प्रखंड के महिला पुरुष अभ्यर्थी दौड़ में शामिल हुए। होमगार्ड दौड़ जिला में अभी तक कोई भी पुरुष दौड़ में एक्स्लेंट नही मार पाया था, लेकिन आज चंदवारा प्रखंड के गैड़ा से कोलेश्वर यादव पिता तुलसी यादव ने एक्सलेंट किया एवं ऊंची कूद, लॉग जंप में भी एक्सलेंट किया। वहीं परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर पर्याप्त मात्रा में दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और जिला बल के जवानों को तैनात किया गया था। वहीं स्टेटिक और ड्रोन कैमरे लगाए गए थे।


## गझंडी पुलिस पिकेट हटाये जाने का ग्रामीणों के विरोध में समर्थन देने पहुचें

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड सरकार के आदेशानुसार झारखंड में स्थित पुलिस पिकेट को हटाने का निर्देश दिया गया है। जिसके तहत गझण्डी पुलिस पिकेट को हटा दिया गया है। इस पिकेट के तहत मुरली पहाड़ी, चनाको, अम्बातरी, अंबाकोला, गझण्डी बस्ती, कौवाबाग, मेघातरी, गझण्डी बाजार, बिरहोर टोला अमरालीटांड, इंद्रलोक मोहल्ला आदि पिकेट के तहत आते थे। सुरक्षा के दृटिकोण से देखा जाय तो ये सभी गांव तिलैया थाना के अंदर आता है। जबकि इन सभी गांव से तिलैया थाना की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। ऐसी स्थिति में पिकेट के हट जाने से लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस नही कर रहे है। कुछ दिन पहले पिकेट को हटने के विरोध में वहां के सैकड़ो ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था और झारखंड सरकार के विरोध में नारेबाजी करते हुए पिकेट को पुनः बहाल करने की मांग की थी। वहीं आपकी विकास पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा पहुंच कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए। वहीं उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कहा कि आपकी विकास पार्टी सभी ग्रामीणों के साथ है और ग्रामीणों के हित की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगी।

# मां भद्रकाली मंदिर में गुड़हल का पुष्प अर्पित करने से होती है मनोकामना पूरी

पंकज सिंह

**चतरा।** इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में विराजमान मां भद्रकाली की प्रतिमा पर अगर कोई भक्त नवरात्र में नौ दिन गुडहल का पुष्प अर्पित करता है तो उसकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं। मंदिर के आसपास के रहने वाले और माता की पूजा करने वाले भक्तों का मानना है कि मां को लाल पुष्प अधिक प्रिय है, लेकिन इस मंदिर में विराजमान मां की अपनी अलग ही मान्यता है। लोगों का विश्वास और मां के प्रति उनकी श्रद्धा पूजा भाव देखकर ही पता चलता है। नवरात्र के चौथे दिन रविवार को भी यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मां के दर्शन किए। भद्रकाली मंदिर जहां आकर एक अपार शांति का अनुभव होता ही है, साथ ही मंदिर की तीनों दिशाओं में कलकल बहती मुहाने नदी और मनमोहक हरी-भरी वादियां भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मुहाने व बक्सा नदी के संगम पर अवस्थित मां भद्रकाली मंदिर झारखंड के विख्यात मंदिरों की श्रेणी में आता है। मंदिर के पुजारी बताते हैं कि आसपास के क्षेत्रों से ही नहीं बल्कि दूर-दूर से लोग मां की पूजा के लिए मंदिर में आते हैं और नवरात्र पर



पूरे नौ दिन देवी की गुडहल का पुष्प चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हैं। कुछ भक्त मंदिर में हर रोज मां भद्रकाली के गुडहल का पुष्प चढ़ाते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। भक्तों का कहना है कि आज तक जो भी माता से मांगा है, उनकी मनोकामना जरूर पूरी हुई है।

**अष्टमी को उमड़ती है लोगों की भीड़:** इस मंदिर का महत्व नवरात्रि के दौरान विशेष रूप से बढ़ जाता है। मंदिर में नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। विशेष रूप से सप्तमी, अष्टमी और नवमी को हजारों श्रद्धालु दूर-दूर से आते हैं और मां की पूजा-अर्चना करते हैं और हवन भी करते हैं।

**मंदिर में नारियल फोड़ने की है विशेष महत्ता:** इस मंदिर में पूजा-अर्चना करने वालों की मनोकामना पूर्ण होती है, विशेष रूप से महिलाएं गोदी भराई के लिए आती हैं। इस मंदिर में नारियल फोड़ने का विशेष महत्व है और यदि किसी का नारियल सड़ा हुआ निकलता है तो उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इस मंदिर में लोग सच्चे मन से पूजा-अर्चना करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।

## एक नजर में

### सांसद का भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**गिद्धौर।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह रविवार को प्रखंड के अंतर्गत चतरा चौपारण रोड स्थित पांडे महुआ चौक पहुंचे, जहां भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और उसके बाद कान्हाचट्टी के लिए निकल गए। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह सौरभ सुमन, प्रेमजीत पांडेय, प्रसादी पासवान, संतोष कुमार दांगी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### आकर्षक का केंद्र रहेगा सार्वजनिक पूजा समिति परोका कला का पंडाल

**इटखोरी (चतरा)।** हजारीबाग हिंदू स्कूल के प्राचार्य स्वर्गीय बद्री प्रसाद की अध्यक्षता में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति परोका कला ने 1993 में दुर्गा पूजा की शुरूआत की थी। पहले साल तिरपाल डालकर पूजा की गई थी। पूजा की शुरूआत में रोमी निवासी विनय कुमार सिन्हा, स्व किनकर सिंह, परोका निवासी बसंत नारायण सिंह, स्व नरेश प्रसाद, लक्ष्मी सिंह, अवधेश प्रसाद समेत कई अन्य लोगों की अहम भूमिका रही। आज के समय में समिति द्वारा बनाया गया आकर्षक पंडाल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहता है। वर्तमान में गौतम सिंह अध्यक्ष, बिजेश प्रसाद सचिव, रणधीर सिंह कोषाध्यक्ष, सुनील राणा पूजा प्रभारी, राहुल सिंह एवं उत्तम राणा चंदा प्रभारी, अनिल राणा रावण प्रभारी और गिरजेश प्रसाद मेला प्रभारी हैं। अध्यक्ष गौतम सिंह और सचिव बिजेश प्रसाद का कार्य सराहनीय रहा है। समिति द्वारा हर शाम बड़े पर्दे पर श्री कृष्ण लीला दिखाई जाती है। समिति शांतिपूर्ण तरीके से हर साल पूजा संपन्न कराती है। विजयदशमी के दिन शाम 5 बजे विशाल रावण दहन किया जाता है।

### ट्रैक्टर संचालकों की बैठक, महासमिति संघ का गठन

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कालेश्वरी मंदिर परिसर में रविवार को ट्रैक्टर संचालकों ने एक बैठक का आयोजन किया और महासमिति संघ का गठन किया। बैठक की अध्यक्षता शिवकुमार दांगी ने की और तौकीर आलम ने संचालन किया। बैठक में मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और सभी ट्रैक्टर मालिकों ने एकता का परिचय दिया। सर्वसम्मति से बबलू कुमार साव को अध्यक्ष, सचिन अजय भारती को सचिव, सुवेश कुमार को कोषाध्यक्ष, उपेंद्र दांगी को उपाध्यक्ष, प्रकाश दांगी को सहसचिव, तौकीर अंसारी को सह कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार दांगी को मीडिया प्रभारी, शिव कुमार दांगी को निर्देशक और सुधीर दांगी, अजय यादव, अरविंद साव, पिंटू भारती, समरेश दांगी, राहुल कुमार दांगी, मनोज कुमार, चंद्रिका कुमार, मनोज भारती, विनोद साव, छोटू आलम, भोला पासवान सहित सैकड़ों लोगों को सदस्य के रूप में चुना गया।

### मोबाइल स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बूथ संख्या 172 से 181 तक सभी बूथों में रविवार को मोबाइल स्वीप कार्यक्रम के तहत विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर मोबाइल प्रदर्शन वैन के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया।जागरूकता अभियान प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दिगंबर पांडेय और पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान गिद्धौर प्रखंड पंचायत के सभी बूथ केंद्रों पर जाकर ईवीएम मशीन के द्वारा मतदान करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।बूथ पर उपस्थित मतदाताओं को ईवीएम मशीन से मतदान करने के तरीके के बारे में बताया गया। मौके पर पुलिस प्रशासन भी मौजूद था।

### एसडीओ पहुंचे गिद्धौर पूजा पंडाल एवं मूर्ति विसर्जन स्थल का लिया जायजा

**गिद्धौर।** रविवार को, एसडीओ सनी राज गिद्धौर, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, अंजुला अधिकारी और अनंत विश्वकर्मा ने प्रखंड में हो रहे दुर्गा पूजा की व्यवस्था, पूजा पंडाल की देखरेख और मूर्ति विसर्जन स्थल का जायजा लिया। उन्होंने ठाकुरबारी के प्रांगण में हो रहे मां भवानी दुर्गा माता की पूजा स्थल पर जाकर पूजा अर्चना की और प्रसाद ग्रहण किया।इसके बाद, उन्होंने पूजा अध्यक्ष राजेश कुशवाहा से पंडाल की सुरक्षा से संबंधित जानकारी जुटाई। इसके बाद, वे मूर्ति विसर्जन स्थल रामसागर गए और वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए अंचला अधिकारी अनंत विश्वकर्मा को आदेश दिए। उन्होंने दो दिन के अंदर बंबू मार्केट नेट लगाकर और झंडे के तौर पर लाल कपड़े लगाकर रिपोर्ट मांगी ताकि किसी भी तरह की कोताही न हो। इस मौके पर गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी, सामाजिक बुजुर्ग काशीराम दांगी, डांडिया गरबा अध्यक्ष प्रेम राणा, मुखिया पति उपेंद्र दांगी, लखन दांगी, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र दांगी, परनाथ दांगी, पूर्व दुर्गा पूजा अध्यक्ष दशरथ दांगी, प्रकाश दांगी और अन्य पूजा समिति के सदस्य भी उपस्थित थे।

**राजेश मेमोरियल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में**

## तिलैया जूनियर की टीम बनी विजेता



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के पूर्व मुखिया सुरेश कुमार द्वारा आयोजित राजेश मेमोरियल नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डोमचांच और जूनियर तिलैया के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में फुटबॉल एशोसिएशन के अध्यक्ष अशद खान, नवनीत ओझा, रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार, पूर्व सचिव अमित जैन, यामहा के प्रोपराइटर अभिषेक पांडेय, रूपेश यादव, समाजसेवी राजकुमार यादव, पदाधिकारी निलेश कुमार, राजू कुमार, मौजूद रहे। वहीं मुकाबले की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। मुकाबले में तिलैया जूनियर की टीम ने डोमचांच की टीम पर शुरू से ही दबाव बनाते हुए मध्यांतर के पूर्व 1 गोल और मध्यांतर के बाद 1 गोल किया। जिसके बाद तिलैया जूनियर्स की टीम ने 2-0 से विजेता की खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने डोमचांच टीम को कहा कि हारना का मतलब हार को न मानने वाला है। आप मेहनत करें और अगले मुकाबले के लिए फिर से तैयार रहें। वहीं तिलैया टीम को उन्होंने जीत की बधाई दी। वहीं उन्होंने कहा आप खिलाड़ियों से जिले की पहचान है। खेल का आयोजन का मतलब है कि खिलाड़ियों की प्रतिभा को बाहर लाना है। मैच में राहुल व रघु ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। वहीं विजेता टीम को 21 हजार की राशि व ट्रॉफी एवं उप-विजेता टीम को 11 हजार की राशि तथा ट्रफी देकर सम्मानित किया गया।

# लातेहार में पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर बन रहा पंडाल

## पुर्व में समिति ने काली मंदिर में केदारनाथ, विक्टोरिया पैलेश, रंग महल समेत कई पंडाल हो चुकी है निर्माण


पशुपतिनाथ मंदिर के रूप में बन रहा पंडाल

खबर मन्त्र संवाददाता

### लगभग 10 लाख की होगी खर्च

**लातेहार।** काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति के दुर्गा पूजा की 50वीं वर्षगांठ पर पशुपतिनाथ मंदिर का भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। बता दें कि काली मंदिर शहर के बीचो बीच स्थित है जो प्रत्येक बार एक अलग पहचान देते आया है। लोगों के मन में काली मंदिर का नाम लेते ही एक विचार दौड़ पड़ता है कि इस वर्ष किस मंदिर का रूप देखने को मिलेगा इस कारण लोग काली मंदिर की ओर ज्यादा आकर्षित होते है। इससे पहले भी काली मंदिर दुर्गा पुजा समित के द्वारा केदारनाथ, विक्टोरिया पैलेश, रंग महल समेत कई भव्य पंडाल बना चुका है। समिति द्वारा इस वर्ष नेपाल के प्रसिद्ध पशुपतिनाथ मंदिर की तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। बंगाल के कुशल कारीगर पिछले 20 दिनों से इस पंडाल को बनाने में लगे हुए हैं। इस पंडाल को देखकर लोगों को पशुपतिनाथ मंदिर का अनुभव होगा। यह पंडाल न केवल दर्शकों को आकर्षित करेगा, बल्कि उन्हें नेपाल के संस्कृति, विरासत और धार्मिक महत्व के बारे में भक्तों को जानकारी प्रदान करेगा। पूजा समिति के उपाध्यक्ष रपुंजय कुमार व रितेश कुमार उर्फ निक्कू ने बताया कि पंडाल को बनाने में करीब 10 लाख रुपए खर्च आएगी। दुर्गा पूजा के 50 वां वर्षगांठ को लेकर इस बार शैलपुत्री पूजा के बाद शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के द्वारा नारियल फोड़ कर एकादश से ही मां दुर्गे की प्रतिमा का पट्ट खोल दिया गया है। ज्ञात हो कि इससे पहले सप्तमी को मां दुर्गा के प्रतिमा का पट्ट खोला जाता था। उन्होंने आगे बताया कि पहले दिन से ही संध्या सात बजे से महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। पूजा कार्यक्रम में मुख्य यजमान में भोला ठाकुर सह पत्नी है। पूजा पुरोहित संतोष मिश्रा के द्वारा कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार सिंह, समिति के अध्यक्ष जयकुमार सिंह, आलोक वर्मा, गजेंद्र प्रसाद, गोपाल प्रसाद, राजन तिवारी, कुमार सागर, रोहित कुमार, सह सचिव साजन कुमार, मुकेश सोनी, वैभव कुमार, अशीष शाह, शुभम गुप्ता, विशाल विश्वकर्मा अनमोल कुमार आदि का अहम योगदान है।

## स्पीड न्यूज

### राजीव रंजन ने कई पुजा पंडालों का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते राजीव रंजन।

**लातेहार।** रविवार को नगर पंचायत अंतर्गत सभी पूजा पंडालो का प्रशासक राजीव रंजन ने निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में पूजा के तैयारी से संबंधित विशेष दिशा निर्देश दिया गया। जिसमे की पूजा पंडालो एवं शहर की साफ-सफाई रखना, खुले नालियों को स्लैब से ढकना, पथ प्रकाश को दुरुस्त करना आदि निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संदीप कुमार गुप्ता, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर उपस्थित थे।

### बुजुर्ग व्यक्ति हुआ दुर्घटना का शिकार ईलाज जारी, पहचान अब तक नहीं

**बारियातू।** बारियातु सिमरीया सिमांत क्षेत्र में शनिवार की मध्य रात्रि में एक बुजुर्ग सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। जिसे बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर के पहल पर ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे स्थानीय पुलिस के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देर रात भर्ती कराया गया है।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रखंड कमिटी का हुआ गठन



**चंदवा।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेकेएलएम के रूप में राजनीतिक पार्टी का दर्जा मिलने के बाद अब संगठन को मजबूत करने के साथ मोर्चा आगामी विधान सभा तैयारी में जुट गई है। शनिवार को मोर्चा के जिला सचिव चंदन कुमार के चंदवा सरोज नगर स्थित आवासीय प्रांगण में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में बतौर अतिथि जिलाध्यक्ष पप्पू यादव (क्रांतिकारी), भावी विधायक प्रत्याशी ललसू राम उर्फ पांडेय भुइयां की मोजुदगी में प्रखण्ड कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुदामा कुमार, सचिव शिव शंकर प्रजापति, सह सचिव गोपाल प्रजापति को बनाया गया जबकि महिला मोर्चा अध्यक्ष धनेश्वरी देवी को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष पप्पू यादव ने नव मनोनीत पदधारियों को शीघ्र ही प्रखण्ड में संगठन का विस्तार करने को लेकर निर्देशित किया। कहा कि आगामी विधान सभा चुनाव में मोर्चा पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी व लातेहार विधानसभा क्षेत्र से भी उम्मीदवार मैदान में होगा। मौके पर कलेन्दर यादव, जय प्रकाश घटवार, रिंकू भुइयां समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पुलिस की पिटाई से घायल युवक रिम्स रेफर


घायल युवक।

**बालूमाथ।** हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मारी ग्राम में पुलिस द्वारा एक युवक की निर्मम पिटाई कर दी गई। जिससे युवक अजीत कुमार गंझु 19 वर्ष पिता स्व. गांगो गंझु ग्राम मारी थाना हेरहंज निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए उसके चचेरे भाई लक्ष्मण कुमार गंझु ने बताया की उसका भाई अजित कुमार गंझु शुक्रवार को खेत में ट्रैक्टर चलाकर खेत जोत रहा था। इसी दौरान 10-12 की संख्या में आए पुलिस ने उसके भाई के साथ मारपीट किया। मारपीट करने के दौरान पुलिसकर्मी पूछ रहे थे कि अभी खेत में कौन सा फसल बोओगे। जिस पर मेरे भाई ने कहा कि अभी राई का फसल लगाएंगे। जिस पर वे सभी आग बबूला हो गए और अजित की जमकर पिटाई कर दिया। घटना को लेकर पीड़ित ने बताया कि मारपीट जिस दिन हुई उसके दो दिन बाद युवक के कान से खून आने लगा। जिसके बाद युवक को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### कुशवाहा महासभा की बैठक हुई



**बालूमाथ।** झारखंड राज्य कुशवाहा महासभा की बालूमाथ प्रखंड इकाई की बैठक रविवार को बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र स्थित जिलंगा ग्राम स्तिथ शिव मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक की अध्यक्षता कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष भूषण कुशवाहा ने किया। बैठक में बोलते हुए भूषण कुशवाहा ने कहा कि हमारे समाज में कई कमियां है। हम सभी को समाज की बुराइयों एवं कुरीतियों को दूर भगाकर संगठित रहने की जरूरत है। आज के दौर में संगठित रहना बहुत ही जरूरी है। बैठक में रोहित महतो,परमेश्वर महतो, हीरालाल महतो, शिबू महतो, महानंद कुशवाहा, राम लखन महतो, जगन्नाथ महतो, परमेश्वर प्रसाद, लखन प्रसाद,राम रतन मेहता,सुरेश प्रसाद भागीरथ महतो,सुरेश महतो,शिबू महतो, सिकंदर महतो, अरविंद महतो प्रयाग महतोरमेश महतो, अशोक कुमार महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षा मंत्री ने कई योजनाओं की रखी आधारशिला

# प्राथमिकता के आधार पर कराये जा रहें है विकास कार्य: बैद्यनाथ राम




शिलान्यास करते शिक्षा मंत्री बैद्यनाथर राम।

खबर मन्त्र संवाददाता

- सभी वर्ग समाज को ध्यान में रखकर विकास के कार्य तेज गति से कराएं जा रहे है: बैद्यनाथ राम

**लातेहार।** झारखण्ड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री सह लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने रविवार को जिलेवासियों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने सर्वप्रथम इचाक में आरईओ रोड से लालो मसोमात के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। जिसके उपरांत इचाक में ही एनआरईपी से उसमान अंसारी के घर से तजमुल अंसारी के घर तक नाली निर्माण कार्य और पीसीसी रोड से कोइली भुइयां के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं विधायक ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कल्याणपुर से डेमू गेट भाया शीशी तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। डीएमएफटी मद से समाहरणालय गेट से हाई स्कूल गेट तक पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण का शिलान्यास। लगभग तीन करोड़ की योजनाओं का मंत्री ने शिलान्यास किया। वहीं मंत्री सह विधायक ने कहा कि राज्य सरकार गांव गांव तक विकास योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रही है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। सभी वर्ग समाज को ध्यान में रखकर विकास के कार्य तेज गति से कराएं जा रहे है। लोक कल्याणकारी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जा रहा है। इन पांचों में विकास योजनाएं देखने को मिल रही है। पूर्व की सरकार ने सिर्फ कागजों में विकास कार्य कराए थे। यही कारण है कि क्षेत्र विकास से अछूता था। आने वाले समय में क्षेत्र की सभी सड़को और नालियों का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, जिला सचिव शमशुल होदा, वारिश अंसारी, वारिस अंसारी, अरसद अंसारी, विशाल भास्कर, विशाल कुमार, अंकित कुमार, विरेंद्र पाठक, अशोक यादव, मो. इमरान, इनायत करीम समेत कई लोग मौजूद थे।

### झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की पंचायत स्तरीय की गई बैठक


बैठक करते लोग।

**बारियातू।** प्रखण्ड के फुलसू पंचायत अंतर्गत ग्राम हिसरी में झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ की पंचायत स्तरीय बैठक बिनेश्वर प्रजापति की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन पुनेश्वर प्रजापतिने किया। बैठक मे प्रजापति सामाज में हो रहे कुरीतियों तथा अपने हक अधिकार तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा, अंधविश्वास, ओझा डायन यह सारे चीजों पर विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं शिक्षा मे विशेष जोर देने की बात कहा गया ताकि लोग यह सब चीजों से आगे बढ़कर मुख्य रूप से एकता स्वास्थ्य पर जोर दे। सभा को संबोधित करते हुए प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने कहा की हमारे समाज को जानकारी के अभाव में शोषण किया जाता है इसलिए हम लोग शिक्षित बने जागरूक बने और अपने हक अधिकार को हासिल करे और हमेशा एकता एवं संगठित का परिचय दें ताकि हमारे समाज को शोषित होने से बचाया जा सके। प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति ने कहा कि हम लोग एक रहेंगे नेक रहेंगे तो बड़ी से बड़ी ताकत भी हमारे आगे सर झुका आएगा और पंचायत में प्रखंड में मासिक बैठक में सभी लोग अवश्य भाग ले ताकि एक सफल समाज का निर्माण हो, प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति ने कहा की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पंचायत अध्यक्ष बिनेश्वर प्रजापति सचिव संदीप प्रजापति कोषाध्यक्ष पुनेशवर प्रजापति ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर डॉक्टर रणधीर प्रजापति, सामोद प्रजापति आमोद प्रजापति, सरजू प्रजापति, नरेश प्रजापति, अखिलेश प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, लुकेशर प्रजापति, तपेशर प्रजापति, अनिल प्रजापति, चंदन प्रजापति, धधुपाल प्रजापति, दाजो प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को किया समर्पित

## शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़क के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है हेमंत सरकार : रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता


स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण करते विधायक।

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को बरवाडीह में नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर क्षेत्र की जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना हमारी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य केंद्र में दूरदराज के गांवों के ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़ेगा। इस नए स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी न हो और लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिले इसके लिए वे प्रयासरत है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं, और इन क्षेत्रों में सुधार के बिना समग्र विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र के सभी नागरिकों को सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य एवं शिक्षा सुविधाएं मिलें। राज्य की हेमंत सरकार शिक्षा स्वास्थ्य व सड़क के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है।

#### विधायक ने सड़क निर्माण कार्य की रखी आधारशिला

इसके पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह ने कैड पंचायत में पीडब्ल्यूडी से चटनाही और लुकुमखाड़ होते हुए कृष्णा प्रजापति के घर तक सड़क निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। जिसके बाद मंगरा के चंद्रदाहा विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया।

मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, विजय बहादुर सिंह, जेई केदार सिंह, विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, वरिष्ठ नेता नजाम अंसारी, अनिल सिंह, दीपू तिवारी, मनोज जयसवाल, रविंद्र राम, पंकज गुप्ता, हेसामुल अंसारी, प्रिंस गुप्ता, संजू श्रीवास्तव, चंदन पासवान, हरखू प्रसाद, नितिन अग्रवाल, राजू प्रसाद, हलीम अंसारी, शमशुल अंसारी, दिलावर अंसारी, निरंजन सिंह, जयप्रकाश रजक और मो.सईद समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला ने छेड़छाड़ व जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने का लगाया आरोप

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू ग्राम की एक आदिवासी महिला ने बालूमाथ निवासी मोहम्मद शहीद पिता स्वर्गीय मोहम्मद रफीक पर जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने बालूमाथ थाना में आवेदन देकर कहा है कि रविवार को सुबह लगभग 9 :00 बजे वह घर पर अकेली थी इसी बीच शाहिद मियां पिता स्वर्गीय रफीक मियां उसके घर पहुंचा और पूछा कि आपके पति कहां गए हैं मेरे द्वारा बालूमाथ कहे जाने के बाद वह कहने लगा कि मैं यहां का जमींदार हूं और वह मेरा जमीन ले लिया है मैं केस कर दिया हूं। तब मैं बोली कि हम लोग गरीब आदमी है आप केस उठा लीजिए तब वह बोलने लगा कि तुम मेरे साथ गलत करेगी तो मैं कॅश उठा लूंगा और वह मेरे साथ छेड़छाड़ करते हुए मुझे पकड़ कर जबरन घर के अंदर ले जाने लगा।

## एक नजर में

### घुटने के ईलाज के अभाव में असहनीय पीड़ा से जूझ रही है आदिवासी बेटी



**चंदवा।** प्रखंड के कामता पंचायत अंतर्गत हिसरी ग्राम निवासी आदिवासी समुदाय की गरीब बेटिया सोनी कुमारी (22 वर्ष) पिता कामदेव उरांव ईलाज के अभाव में असहनीय पीड़ा के बीच जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। बालिका के दाहिने पैर की घुटना की हड्डी बढ़ रही है इसके कारण वह असहनीय दर्द का सामना कर रही है, बालिका को चलने फिरने के लिए डंडे का सहारा लेना पड़ता है व पीड़ा को झेलते हुए किसी प्रकार जरूरी कार्य को कर पा रही है। घुटने की हड्डी के बढ़ने के बाद से उसका स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। परिजनों ने बताया कि सोनी के दाहिने पैर की घुटना मे दर्द और सुजन बनने पर जुन 2023 में डॉक्टर से दिखाने के लिए ले गए थे, जहां चिकित्सक ने उन्होंने बताया कि घुठना में घुन लग गया है व कमजोर हो गई है। आपरेशन कराना पड़ेगा, इसके बाद हम अपनी बेटी सोनी कुमारी का आपरेशन कराने के लिए तैयार हो गए, कर्ज लेकर इसका आपरेशन भी कराया, लेकिन परेशानी से निजात नही मिल पायी तो पुनः डाक्टर को दिखाया उन्होंने बताया कि आपरेशन के बाद भी घुटना की हड्डी बढ़ रहा है आप इसे कहीं बड़े अस्पताल में दिखाइये। इसके परिजन बताते हैं कि इस रोग से मेरी बेटी डेढ़ साल से है परेशान हैं व घुठने की असहनीय दर्द से तड़पती रहती है। आपरेशन दवा में करीब साठ सत्तर हजार रुपए खर्च हो गए हैं, जो घर में पैसा था और कर्ज लिया सभी को बिटिया को ईलाज में लगा दिया, अब घर में एक भी पैसा नहीं है, अथार्भाव के कारण बिटिया की ईलाज कराने से असमर्थ हैं, परिजनों ने बिटिया की ईलाज के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुहार लगाई है।

### लातेहार जिले में चौकीदार नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप, न्यायालय में रिट याचिका दायर

**चंदवा।** लातेहार जिले में चौकीदार बहाली में अभ्यर्थी लगातार अनियमिता का आरोप लगा रहे हैं। अनियमितता के मामले को लेकर अभ्यर्थी जिले के उपायुक्त से गुहार लगाने के बाद अब न्यायालय का भी रुख कर लिया है। चौकीदार अभ्यर्थी सौदागर खान ने माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में रिट याचिका (डब्ल्यूपीएस) दायर किया है। उन्होंने बताया कि चौकीदार नियुक्ति विज्ञापन संख्या-01/2024, लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में अनियमित्ता और गड़बड़ी की गई है। इसी मामले पर उच्च न्यायालय झारखंड में एडवोकेट मो0 आजम के माध्यम से रिट याचिका दायर की गई है। दायर रिट याचिका की फाईलिग न0-10771/2024, दिनांक 05/10/2024 है जो उच्च न्यायालय झारखंड में दायर की गई है। दायर याचिका में चौकीदार नियुक्ति विज्ञापन संख्या 01/2024 में एक सौ रिक्त पदों में लिखित परीक्षा में शारीरिक जांच एवं दौड़ हेतू विभिन्न कोटि में चयनित अभ्यर्थियों की सूची में 1:3 के अनुपात का उलंघन किये जाने समेत कई आरोप लगाए गए हैं। अभ्यर्थी ने बताया कि विज्ञापन के अनुसार एक सौ रिक्त पदों में तीन सौ अभ्यर्थियों का नाम सूची में होनी चाहिए लेकिन इसकी संख्या कम है। लिखित परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों का कुल प्राप्तांक अंक का सूची जारी होनी चाहिए लेकिन जारी नहीं की गई है। चौंकीदार नियुक्ति विज्ञापन में यह दशार्या गया है कि अभ्यर्थियों को 30% अंक लाना अनिवार्य है, मनमानी एवं नियम के विरुद्ध चयनित अभ्यर्थी सूची जारी होने से परीक्षा में सफल अभ्यर्थी चौंकीदार नियुक्ति प्रक्रिया से वंचित हो गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि रिट याचिका दायर होने के बाद ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों की सूची को संशोधित कर 03 अभ्यर्थियों का नाम मेरिट सूची में शामिल किया है और परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों की अंक सूची भी जारी की गई है।

### मनिका प्रखंड में रविदास महासभा कमेटी गठन को लेकर किया गया बैठक


बैठक में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के प्रांगण में झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा जिला कमेटी के द्वारा दिन रविवार को मनिका प्रखंड कमेटी का गठन करने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। वहीं रविदास समाज के जिला अध्यक्ष प्रवीण राम, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार राम, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष जगजीवन राम, जिला सचिव कौशल कुमार रवि व जिला महासचिव संतोष कुमार रवि के नेतृत्व में प्रखंड कमेटी का गठन कर विस्तार किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक धर्मेंद्र कुमार राम,राजेश राम, शिव राम, अध्यक्ष राजेंद्र राम, उपाध्यक्ष श्यामलाल मोची, रविंद्र राम, सचिव सत्येंद्र कुमार राम, उपसचिव ललन कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार रवि, उपकोषाध्यक्ष राजदेव राम और मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार व जय दिलीप कुमार राम को बनाया गया। वहीं सदस्य के लिए सुनील कुमार राम, अखिलेश कुमार, रंजीत कुमार,रविंद्र कुमार राम, प्रकाश कुमार राम व राजेश्वर राम को मनोनीत किया गया। वहीं कमेटी गठन के उपरांत सभी नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ संगठन को मजबूत बनाने व समाज के लोगों को जागरूक करने पर चर्चा करते हुए कई दिशा निर्देश भी दिए गए। मौके पर अंबेडकर चेतना मंच के महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सविता दास,शिक्षक कृष्णा राम,सुरेंद्र कुमार राम,समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शुरूआती शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की नींव होती है : रामचंद्र सिंह

# विधायक ने विधिवत रूप से किया एपिक बाल वाटिका प्ले स्कूल का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

- बरवाडीह में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा है बड़ा परिवर्तन: विधायक रामचंद्र सिंह


प्ले स्कूल का शुभारंभ करते विधायक।

बरवाडीह। नवरात्र के मौके पर रविवार को बरवाडीह के पुरानी बस्ती में एपिक बाल वाटिका प्ले स्कूल का विधिवत शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिप सदस्य संतोषी शेखर और विद्यालय की निर्देशक सीमा गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति रही। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बच्चों की शुरूआती शिक्षा ही सबसे महत्वपूर्ण होती है। जिसमें बच्चे का भविष्य उज्जवल होता है। पढ़ने की शुरूआत अगर अच्छे स्कूल में होगी तो उस बच्चे का भविष्य भी उज्जवल व बेहतर होगा। इस तरह के प्ले स्कूल खुल जाने से माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दे पाएंगे। चूंकि शुरूआती शिक्षा ही बच्चों के भविष्य की नींव होती है।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यालय की पहली प्राथमिकता : सीमा गुप्ता

स्कूल की निर्देशक सीमा गुप्ता ने बताया कि शहर में अब तक का पहला प्ले स्कूल जो बच्चों के लिए हर तरह की सुविधाओं से लैस है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल बरवाडीह के सबसे प्रतिष्ठित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल का ब्रांच है। यहां प्ले ग्रुप से यूकेजी के बच्चों को बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की गई है। पूरी तरह से आधुनिक इस प्ले स्कूल में बच्चों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। इस मौके पर शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के निर्देशक डॉ.पवन कुमार, युथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह, वरिष्ठ नेता अयोध्या प्रसाद, अनिल सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम, दीपू तिवारी के साथ- साथ एसएनपीएस के प्रधानाध्यापक स्वाधीन कु पाल, शिक्षिका रानी सिंह, संतोष कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# जिला प्रशासन द्वारा कोसी क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों के बीच युद्धस्तर पर राहत अभियान जारी

एजेंसी

**सहरसा।** जिलांतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में अंतर्विभागीय समन्वय से युद्ध स्तर पर राहत अभियान का सतत क्रियान्वयन किया जा रहा है।अद्यतन प्रतिवेदन के अनुसार नवहट्टा/महिषी/सलखुआ/सिमरी बख्तियारपुर/बनमा ईटहरी में समेकित रूप से 32 पंचायत,जो बाढ़ से प्रभावित हुए है,में वर्तमान में कुल 162 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महिषी के 21 आंगनबाड़ी केंद्रों में सामुदायिक रसोई संचालित है एवं नवहट्टा में एमडीएम के माध्यम से 30 स्थलो पर भोजन की व्यवस्था चलंत रूप में की गई है।संचालित सामुदायिक रसोई के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 161540 व्यक्ति लाभान्वित हो रहे है।बाढ़ प्रभावित परिवार जो किसी कारण से सामुदायिक रसोई तक आने में असमर्थ है,ऐसे परिवारों को जिला प्रशासन की प्रतिबद्ध टीम द्वारा सुखा राशन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया लगातार जारी है।अभी तक 26709 फूड पैकेट्स/सुखा राशन का वितरण किया जा चुका है।दूरस्थ/अगम्य क्षेत्र में नाव के



माध्यम से प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराने हेतु सुखा राशन भेजा जा रहा है।स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक कुल 26199 पॉलीथिन शीट्स का वितरण किया गया है।पीएचईडी द्वारा सामुदायिक रसोई के निकट स्वच्छ पेयजल हेतु 02 टैंकर कार्यशील किया गया है। 80 अस्थाई शौचालय/30 चापाकलो एवम 02 वाटर पंप की व्यवस्था की गई है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो से संबंधित प्रभावित व्यक्तियों को सम्यक/आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी समस्या के निवारण हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रतिनियुक्त टीम निरंतर प्रतिबद्ध है।वर्तमान में प्रभावित अंचलों में कुल 09 स्वास्थ्य शिविर का संचालन किया जा रहा है,जिससे प्रतिदिन अनेकों व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं।जरूरतमंद व्यतियो को आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। चलंत मेडिकल टीम द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो मे घूम घूमकर आवश्यकतानुसार बाढ़ पीड़ित व्यक्तियों को स्वास्थ्य संबधित सहायता प्रदान की जा रही है। पशुपालन विभाग के सौजन्य से अभी तक कुल 300 क्विंटल पशु चारा उपलब्ध कराया गया है,संचालित कुल 16 पशु शिविरो के माध्यम से पशुओं की चिकित्सा की जा रही है। पथ प्रमंडल विभाग द्वारा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र से संबंधित 09 सड़को का मरम्मती कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग सहरसा द्वारा 18 क्षतिग्रस्त सड़को एवं सिमरी बख्तियारपुर द्वारा 09 क्षतिग्रस्त सड़को का संधारण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सहरसा को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में क्षतिग्रस्त सड़क संबंधी सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए मरम्मती कार्य शीघ्र पूर्ण हो,इस हेतु आवश्यक कारवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया गया हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से संबंधित प्रभावित परिवारों को नियमानुसार देय जीआर भुगतान निमित अद्यतन सूची सम्पूर्ण पोर्टल पर आगामी एक से दो दिनों में अपलोड करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश सभी संबंधित अंचलाधिकारी को दिया गया है,संबंधित अंचलों में इस हेतु सर्वेक्षण की कारवाई प्रारंभ कर दी गई है एवम उक्त कार्य अविलंब पूर्ण होना संभावित है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रशासन को फसल क्षति संबंधित सर्वेक्षण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है।स्वास्थ्य विभाग को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जल स्तर में कमी होने के फलस्वरूप भविष्य में उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के विरुद्ध आवश्यक सुरक्षात्मक तैयारी अविलंब प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। जानकारी दी गई की वर्तमान में नगर निगम, सहरसा द्वारा प्रभावित क्षेत्र में 03 पानी का टैंकर एवं 02 चलंत शौचालय का संचालन किया जा रहा है।

## मोमबत्ती फैक्टरी में आग लगने से 30 लाख का नुकसान

### तीस बकरियों की हुई मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के रहिका थाना क्षेत्र के जीबछ चौक के समीप मोमबत्ती बनाने वाली फैक्टरी में रविवार आग लगने से 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। इस घटना में 30 बकरियों भी जल गई हैं। घटना की सूचना पर पहुंची अग्नि शमन की गाड़ी व कर्मियों ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। मोमबत्ती फैक्टरी के मालिक सुनिल कुमार के मुताबकि आग लगने का कारण 30 बकरियों सहित तकरीबन 30 लाख का क्षति हुई है। इसके साथ बगल में खड़े जेसीबी मशीन भी पूरी तरह जल गयी। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जेसीबी के मालिक हरिशंद्र यादव ने कहा कि कुछ दिन पूर्व ही जेसीबी खरीदी थी, जो उक्त स्थान पर रास्ता बनाने के लिए रखा था। आग के चपेट में आ जाने के कारण पूरी तरह जलकर राख हो चुकी है। बताया गया कि आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड का सभी नम्बर बंद पाया गया।

लोग फोन लगा लगा के परेशान हो गए लेकिन किसी का भी नंबर नहीं लग सका। इस बाबत डीएसपी संजय कुमार को जब सूचना दी गई तब जाकर तत्काल एक छोटी गाड़ी आयी। आधे घंटे बाद बड़ी गाड़ी आने के बाद आग पर काबू पाया गया।

## नवरात्रि में डांडिया के धुन पर थिरके ऑक्सफोर्ड के छात्र, भक्तिमय हुआ वातावरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के टंडवा नारायणपुर स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि के अवसर पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक अनूप सोनी, प्रबंधन सदस्य आकाश कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा माता भगवती की पूजा की गयी। उसके उपरांत भक्ति गीतों के धुन पर बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य एवं झांकियां प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मां दुर्गा के नौ स्वरुपों के बारे मे बताया गया। नाम के अनुसार सभी देवियों की पहचान बताई गयी। उसके बाद विद्यालय प्रांगण भक्तिमय गीतों से




कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

झूम उठा। माता के सुन्दर सुन्दर भजनों पर बच्चों तथा शिक्षकों ने डांडिया नृत्य कर लोगों को रोमांचित कर दिया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ने सभी गढ़वा वासियों को नवरात्रि की शुभकामनाए दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंच का संचालन छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने किया। मौके पर नूर अजीजी, शिक्षक सुमित, अमित, सुधांशु कुमार मिश्र, मंगल पाण्डेय, दिरेन्द्र कुमार, राहुल कुमार गिरी, जॉर्डन तमांग, इनाम मल्लिक, पंकज कुमार गुप्ता, नेहा प्रीति लकड़ा, रिम्पा दास, निवेदिता बाला, अंकिता सिंह, सांचेयिता सहाना, अलका सिंह, उपासना क्षेत्रीय, अशिष्टा टोप्पो, रूत भेंगरा, शिल्पी कुमारी सिंह आदि उपस्थित थे।

## जन प्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में चल रहे मनरेगा योजनाओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हो गया। मनरेगा योजनाओं के तहत प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर सत्यानंद शुक्ला व सुबोध कुमार वर्मा ने मनरेगा योजना का प्रमुख व अतिआवश्यक सेवन रजिस्टर की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि सेवन रजिस्टर में मजदूर से संबंधित, दूसरा ग्राम सभा से जुड़ा, तीसरा काम की मांग से सम्बंधित, चौथा कार्य रजिस्टर, पांचवां संपति रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर व सामग्री रजिस्टर की जानकारी सभी प्रशिक्षणार्थियों को दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने कहा उक्त सभी सेवन रजिस्टर को अपडेट कर रखना बहुत जरूरी है। अगर यह सेवन रजिस्टर अद्यतन नही रहेगा तो आप कभी भी फंस सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मनरेगा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण में 16 पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, और भीएलई ने भाग लिया।

## 13 करोड़ की लागत : सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने शनिवार को कांडी प्रखंड में लगभग 13 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली छह सड़कों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक रामचंद्र चन्द्रवंशी ने कांडी प्रखण्ड के बहेरवा मोड़ से रतनगढ़ तक 2 किलोमीटर प्राक्कलित राशि 1.74 करोड़ रुपए,बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते भवनाथपुर कांडी मुख्य पथ तक 2.25 किलोमीटर लागत राशि 1.73 करोड़,जतरो पतरिया से शिवरी तक 1.70 किलोमीटर लागत राशि 1.75 करोड़,शिवरी बांध पूल से पखनाहा तक 2 किलोमीटर लम्बी लागत राशि 1.55 करोड़,पतीला -मझिगांवा महुली मोड़ से मोखापी तक 2.88 किलोमीटर लम्बी प्राक्कलित राशि 4.31 करोड़ तथा सुंडीपुर मोड़ बनकट से बाजार



शिलान्यास करते विधायक

होते कोयल नदी तक 1.40 किलोमीटर लम्बी लागत राशि 1 .17 करोड़ रुपये की लागत राशि से बनने वाली विशेष सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, ललित बैठा, सुबोध कुमार वर्मा, लखन प्रसाद, शशि रंजन दुबे, राम लाला दुबे, भोला मेहता, जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चन्द्रवंशी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एक करोड़ 75 लाख की लागत से बनेगा आधुनिक स्टेडियम

**भागलपुर।** ताड़र महाविद्यालय ताड़र में खेल मंत्रालय द्वारा एक करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। जिसका टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। दिसंबर माह से इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। यह स्टेडियम फुटबॉल और क्रिकेट के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के नेतृत्व में यह परियोजना साकार हो रही है। स्टेडियम 200 मीटर लंबाई और चौड़ाई में होगा, जिसमें दो कमरे और आउटडोर फुटबॉल मैदान शामिल होंगे।

## जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश ने मां चतुर्भुजी मंदिर में टेका माथा

खबर मन्त्र संवाददाता

**केतार।** मां चतुर्भुजी मंदिर के प्रांगण में शारदीय नवरात्र के चतुर्थी तिथि को जिला प्रधान सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार ने सीजीएम विपुल कुमार, रजिस्टार महेंद्र पंडित सहित अन्य सहयोगियों के साथ मंदिर में मां चतुर्भुजी का दर्शन की एवं पूजा अर्चना किया। मंदिर विकास समिति के लोगों ने सभी लोगों को मां चतुर्भुजी मंदिर का प्रतिमा एवं चुनरी देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि इस मंदिर में आकर एक नया अनुभूति प्राप्त



मां चतुर्भुजी मंदिर में पीडीजे

हुआ है, यहां के प्रबंधन लोगों द्वारा जो मान सम्मान प्राप्त हुआ है उसे कभी नहीं भूल सकते। इस मंदिर के बारे में उन्होंने बताया कि बहुत पहले से सुनते थे लेकिन आज इस मंदिर में पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मैं यहां आकर काफी गदगद हूं, और मैं जब तक गढ़वा में रहूंगा हमेशा आने का प्रयास करूंगा। वहीं मंदिर की साफ सफाई को लेकर भी सराहना किए। मौके पर मंदिर विकास समिति सचिव हेमंत पाठक, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, सदस्य पंकज कुमार, विंदू राम मंदिर पुजारी मकुन्द पाठक, रामप्रवेश ठाकुर, अरविंद ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

## स्पीड न्यूज

### पताही में डुबने से पिता-पुत्र की मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पताही थाना क्षेत्र में पताही-सुगापिपर मार्ग पर पंडाल चौक के समीप एक निर्माणाधीन पुल के डायवर्सन पर पानी के तेज बहाव में रविवार को एक पिता एवं पुत्र की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवहर जिला के श्यामपुर भटहा थाना के गाजीपुर कटसरी निवासी 50 वर्षीय रविंद्र राउत एवं उनका 15 वर्षीय पुत्र छोटू राउत है मृतक के परिजनों के अनुसार रविंद्र राउत एवं उनका पुत्र श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने अपने रिश्तेदार पताही निवासी रामसेवक राउत के घर जा रहे थे। ग्रामीणो ने बताया कि पिता एवं पुत्र जब डायवर्सन को पार कर रहे थे इसी बीच पिता का चप्पल खुल कर पानी में बहने लगा अपना चप्पल पकड़ने के क्रम में जब पिता डूबने लगे तो पुत्र बचाने उतरा इसी क्रम में दोनो डूब गए। घटना की सूचना पर मौके पहुंची पताही थाना पुलिस व एनडीआरएफ की टीम दोनो शव की तलाश में जुटी है। हालांकि रविवार देर शाम तक शव नहीं मिला है।

### सांप के डंसने से महिला की मौत

**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी निवासी शंकर भुइया की 35 वर्षीय पत्नी लीलावती देवी की मौत हो गई। मृतका जंगल में लकड़ी काटने गई थी लकड़ी काटने के दौरान पीछे से शर्प ने काट लिया जहां उनकी मौत हो गई। बताया गया कि सांप को काटने के बाद तुरंत झाड़-फूक किया गया। इसके बाद स्थिति बिगड़ने पर सदर अस्पताल गढ़वा ले गए, जहा डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक महिला ने जंगल में जलावन की लकड़ी चुनने गई थी। लकड़ी काटने के क्रम में विसैला सर्प काट लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। जहां शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राम, पूर्व मुखिया बिनोद राम, कामेश्वर राम, दिन राम, हीरावंद यादव, छोटे लाल राम, तिरपुरारी राम, रामलखन राम आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### माता शबरी का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का होगा उद्घाटन

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत अंतर्गत बिड़डा गांव के भुइयां टोला में माता शबरी का प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अनुसूचित जनजाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष शिवकुमार सिंह ने बताया कि माता शबरी के प्राण प्रतिष्ठा एवं मंदिर के उद्घाटन के लिए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस भव्य रूप से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप तौर पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के कर कमलों द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। साथ ही उत्तर प्रदेश के वृंदावन से आए कलाकारों के द्वारा भव्य संगीत एवं नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के तमाम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सोमवार को सुबह के 10 बजे अधिक से अधिक संख्या में आकर इस कार्यक्रम कि शोभा बढ़ाये एवं माता शबरी के आशीर्वाद का भागीदार बने।

### साफ सफाई को लेकर युवा समाजसेवी ने कार्यपालक को दिया आवेदन

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को ज्ञापन देकर सभी वार्डों में साफ सफाई एवं सड़क में बने गड्ढों को मरम्मती करवाते हुए समुचित लाइटिंग व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही कहा गया है कि दशहरा पूजा के मद्देनजर नगर पंचायत क्षेत्र के तमाम गलियों एवं नालियों सहित मंदिरों एवं पूजा पंडालो के इर्द-गिर्द अति शीघ्र साफ सफाई करवाने के साथ ही खराब पड़े स्ट्रीट एवं हाई मास्क लाइट को मरम्मत करवाते हुए आवश्यकता अनुसार जगह-जगह पर नए सिरे से लाइट लगवाने की मांग की है। इसके लिए नगर पंचायत कि तमाम जनता कार्यपालक महोदय का आभारी रहेगा।

---

## खबर एक नजर में

### माले महासचिव कॉ दीपंकर भट्टाचार्य ने तटबंध के कटाव स्थल का निरीक्षण किया

**सहरसा।** भाकपा माले महासचिव कॉ दीपंकर भट्टाचार्य के नेतृत्व में पार्टी नेताओं की एक टीम के साथ प्रलयकारी बाढ़ आने से हुए हताहत लोगों से रविवार को मुलाकात की।वही बाढ़ से हुए नुकसान और सरकार के राहत-बचाव कार्य का जायजा लिया। माले महासचिव ने दीपंकर भट्टाचार्य ने राज्य सरकार पर जमकर बरसे कहा कि पूरा उत्तर-पूर्व बाढ़ की तबाही झेल रहा है। हजारों लोग बेघर हो गए हैं लेकिन बिहार की भाजपा-जदयू सरकार 7 हजार रुपये की मामूली सहायता देकर अपनी जिम्मेवारी से मुक्त हो गई है।उन्होंने कहा कि इससे भी निंदनीय यह है कि नीतीश कुमार बाढ़ सहित राज्य की अन्य समस्याओं पर फोकस करने की बजाय 2025 के चुनाव की योजना बना रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि उन्हें जनता की नहीं बल्कि अपनी कुर्सी की चिंता है।उन्होंने कहा कि कोसी के तटबंधों का भाजपा-नीतीश सरकार में दो बार टूटना बड़ा सवाल करता है यह सरकार की आपराधिक लापरवाही को दर्शाता है। आत्ममुग्ध सरकार जमीनी हकीकत से पूरी तरह कट सी गई है जिन लोगों के घर ध्वस्त हो गए। उन परिवारों के लिए 7 हजार राहत की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। उन्होंने औराई(मुजफ्फरपुर) में राहत मांग रहे लोगों पर लाठीचार्ज निंदनीय है।बाढ़ प्रभावित इलाके के दौरे पर आनेवाली टीम में पार्टी के युवा विधायक संदीप सौरभ, एमएलसी शशि यादव, पार्टी के मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा, कोसी प्रभारी बैद्यनाथ यादव, केंद्रीय कमिटी सदस्य कुमार परवेज, संतोष सहर सहित अन्य नेतागण शामिल थे।बाढ़ की तबाही को देखते हुए सरकार को खुद पहल लेकर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए थी और राहत, फसल क्षति मुआवजा व बाढ़ के स्थाई समाधान पर बातचीत करनी चाहिए थी लेकिन ऐसा उसका कोई विचार नहीं है। बाढ़ से सहरसा, दरभंगा, मधुबनी, और समस्तीपुर जिले के लगभग 50 हजार वर्ग किलोमीटर के दायरे में दसियों हजार परिवार बुरी तरह प्रभावित है जहां तटबंध टूटा है वहां बस्तियां विलीन हो गई हैं एक दो ही घर बचे हैं दर्जनों रोड, पुल पुलिया और संपर्क पथ ध्वस्त हो गए हैं. स्कूलों के कैम्पस में पानी है. फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है और रबी फसल होने की भी कोई उम्मीद नहीं रह गई है माल मवेशी का भारी नुकसान हुआ है बचे मवेशियों के सामने चारा का संकट है साथ ही बाढ़ पीड़ित परिवार के सामने भोजन और इलाज का संकट झेल रहे है। भूभौल(दरभंगा) में कटाव के कारण सामने का गांव पूरी तरह बर्बाद हो गया है। वही सहरसा के नवहट्टा व महिषी के तटबंध के अंदर के लोगों को भारी पैमाने पर क्षति हुई है। जिला में माले के आह्वान पर इंदलौ बिहार न्याय यात्रा 16-25 जो सहरसा से दरभंगा होते हुए विभूतिपुर (समस्तीपुर) तक निकाला जाएगा।

### अवैध रूप से अररिया में भारतीय बनकर रह रहे बांग्लादेशी नागरिक भेजा गया जेल

**अररिया।** तीन साल से अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को रविवार को जेल भेजा दिया गया। पुलिस अधिकारियों के साथ खुफिया विभाग के अधिकारियों के द्वारा कड़ी पूछताछ के बाद कई रहस्यों से भी पर्दा उठा। जिसके बाद नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनीष कुमार रजक के फर्द बयान के आधार पर ही बांग्लादेशी नागरिक के खिलाफ नगर थाना में प्राथमिकी कांड संख्या 521/2024 दिनांक 05.10.2024 धारा 14 द फॉरेनर्स एक्ट 1946,12 द पासपोर्ट एक्ट 1967,319(2), 318(4), 338, 336(3) दर्ज की गई। केस के अनुसंधानकर्ता एसआई सज्जन सिंह को बनाया गया। नगर थाना में केस दर्ज होने के बाद एसपी रामपुकार सिंह ने मामले में रविवार को पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। वहीं दूसरी ओर अवैध तरीके से तीन साल तक भारतीय नागरिक बनकर बांग्लादेशी नागरिक के रहने और आधार कार्ड,वोटर कार्ड के साथ साथ शादी करने के खुलासे के बाद भाजपा सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने पूरे सीमांचल इलाके में अवैध रूप से रह रहे घुसपैठियों के शिनाख्त कर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की वकालत की और मामले में डीएम एसपी से बात करने के साथ ही बिहार सरकार और राज्य सरकार को पत्राचार करने की बात कही। बांग्लादेशी नागरिक मामले में जानकारी देते हुए एसपी रामपुकार सिंह ने कहा कि रामपुर कोदरकट्टी में पासपोर्ट कागजात वेरिफिकेशन को लेकर मुखिया द्वारा पकड़े जाने पर बांग्लादेशी नागरिक ने अपना नाम नवाब बताया था और भारत में बने आधार कार्ड और वोटर आई कार्ड में भी अपना नाम नवाब हो बताया। लेकिन तफ्तीश के दौरान नवाब का ओरिजिनल नाम अब्दुल हाकिम पता चला,जो पिता - मो. अंसार अली,माता -मनेरा बेगम का पुत्र है और बांग्लादेश के चंपाई नवाबगंज देवीनगर वार्ड संख्या सात का रहने वाला है। एसपी ने बताया कि तीन साल पहले अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा को लांघकर भारतीय सीमा क्षेत्र में प्रवेश किया था। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिक ने स्वीकार करते हुए बताया कि तीन साल पहले वह बांग्लादेश से भारत इंडिया आया था। नदी पारकर बीएसएफ के जवानों से मिलकर भारत में प्रवेश करने के बाद कटिहार के सेमापुर में रह रही खाला के पास जाकर रहा। डेढ़ साल पहले रामपुर कोदरकट्टी पंचायत के मरंगी टोला वार्ड संख्या एक गढ़बनैली में मुश्ताक की बेटी से शादी की। जिनसे उनको एक बेटी है,जिसका नाम नुसरत खातून है। पुलिस को उन्होंने बताया कि वोटर आई कार्ड बनाने के लिए उन्होंने बीएलओ को पैसा दिया था।वह भारतीय होने के अपने सारे कागजातों को दुरुस्त कर लेना चाहता था और इसी को लेकर पासपोर्ट के लिए अप्लाई किया था। इधर बांग्लादेशी नागरिक मामले में अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि मामले को लेकर उन्होंने डीएम और एसपी से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि अररिया समिति पूरे सीमांचल इलाके में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी लोग रह रहे हैं,जो गलत तरीके से आधार कार्ड वोटर कार्ड बना लिए हैं। उन्होंने सीमांचल में भारी संख्या में रह रहे घुसपैठ को चिन्हित करने की आवश्यकता करार देते हुए भारत सरकार और बिहार सरकार को पत्र लिखने की बात कही। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए चुनाव के समय बीएलओ के द्वारा पैसे लेकर वोटर आई कार्ड बनाने के मामले में भी करवाई को जरूर करार दिया।

### दुर्गा पूजा को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**भागलपुर।** दुर्गा पूजा के मद्देनजर भागलपुर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। पुलिस के आलाधिकारियों द्वारा संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। रविवार को डीएसपी 2 राकेश कुमार, नाथनगर, मधुसुदनपुर, ललमटिया, हबीबपुर के थानेदार ने संयुक्त रूप से इलाके में फ्लैग मार्च किया। दुर्गापूजा को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर फ्लैग मार्च निकाल लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में पर्व को मनाने की अपील की गई। डीएसपी 2 के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों के साथ थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान शांति सौहार्द के बीच त्योहार मनाने की अपील की गई।

## पेज एक का शेष

### वैश्विक तनाव कम ...

हम सभी प्रमुख देशों से जुड़े हुए हैं। हमें वैश्विक राजनीति के प्रति अधिक जिम्मेदारी की भावना वाले देश के रूप में देखा जाता है और यह भारत के अपने विकास का हिस्सा है। **मास्को और कीव दोनों से हमने बात की :** विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी दुनिया यही कह रही थी कि भारत ही कुछ कर सकता है हमने किया भी। पीएम मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से तीन बार मुलाकात की। रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भी एक बार मिले। मैंने और एनएसए ने भी दोनों से कई बार बात की है। हम अभी भी संपर्क में हैं। हम ऐसे देश हैं और हमारे प्रधानमंत्री उनमें से हैं जो कीव और मॉस्को जाने और दोनों नेताओं से बात करने और देखने की क्षमता रखते हैं।

